| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 73,142.80 |
| निफ्टी | ~ | 22,212.70 |
| सोना | ~ | 57,500 |
| चांदी | ~ | 74,500 |
| डॉलर | ~ | 82.89 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
शनिवार 24 फरवरी 2024
माघ शुक्ल 11 विक्रम सम्वत 2080
वर्ष 15, अंक 154
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in


## खास खबर

### शरद पवार गुट को मिला नया चुनाव चिह्न तुतारी

मुंबई। लोकसभा चुनाव से पहले एनसीपी शरद पवार को गुट को बड़ी राहत मिली है। चुनाव आयोग की ओर से नया चुनाव चिह्न मिल गया है। नए सिंबल में एक व्यक्ति को तुरहा बजाते हुए देखा जा रहा है। मराठी भाषा में इसे तुतारी कहा जाता है। वहीं आयोग की ओर से मिले नए सिंबल पर पार्टी की ओर से कहा गया है कि ये हमारे लिए गर्व की बात है। इससे पहले शरद गुट को चुनाव चिह्न के रूप में वटवृक्ष मिला था, जिसको लेकर विश्व हिंदू परिषद ने आपत्ति जताई थी। वीएचपी का कहना है कि वटवृक्ष उनके संगठन का रजिस्टर्ड सिंबल है।पार्टी की ओर से कहा गया है, महाराष्ट्र के इतिहास में दिल्ली की गद्दी के कान खड़े करने वाले छत्रपति शिव राय का शौर्य आज राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी - शरद चंद्र पवार के लिए गौरव का विषय है। महाराष्ट्र के आदर्श, फुले, शाहू, अम्बेडकर, छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रगतिशील विचारों के साथ, यह तुतारी शरद पवार के साथ दिल्ली के सिंहासन को हिलाने के लिए एक बार फिर से बिगुल बजाने के लिए तैयार है।

### वेरावल पोर्ट से 350 करोड़ की ड्रग्स जब्त

गिर सोमनाथ। गुजरात मे वेरावल बंदरगाह से 350 करोड़ रुपए कीमत की हेरोइन जब्त की गई है। करीब 50 किलो हेरोइन का यह जत्था समुद्र के रास्ते मछली पकडने़ वाली नाव से वेरावल लाया गया था। सुरक्षा एजेंसियों को गुरुवार की आधी रात को ही नाव से हेरोइन लाने की सूचना मिल गई थी। इसके बाद तड़के सुबह तक ऑपरेशन को अंजाम दे दिया गया। इसके बाद एटीएस, गिर-सोमनाथ एसओजी, एलसीबी, सएल, मरीन पुलिस, वेरावल पुलिस और कोस्ट गार्ड ने कार्रवाई शुरु कर तड़के सुबह हेरोइन जब्त कर ली। इसके साथ ही नाव में सवार 9 लोगों को पकड़ा गया है, बता दें, इंटरनेशनल मार्केट में एक किग्रा हेरोइन की कीमत 7 करोड़ रुपए के करीब है। इस तरह पकड़े गई इस 50 किग्रा हेरोइन की कीमत 350 करोड़ के आसपास होती है।

### कंपनी के निदेशकों के खिलाफ 25 लाख की धोखाधड़ी का केस

नई दिल्ली। गौतम बुद्ध नगर जिले के बिसरख थाना क्षेत्र में व्यक्ति से 25 लाख रुपए ठगने के आरोप में एक बिल्डर कंपनी के तीन निदेशकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि राजीव सिंह नाम के व्यक्ति ने दर्ज कराई गई शिकायत में कहा कि उसने एक बिल्डर कंपनी के निदेशकों कमल दत्ता, करण दत्ता तथा दीक्षा नरूला पर भरोसा कर एक फ्लैट बुक कराया था। पीड़ित का आरोप है कि कंपनी के निदेशकों ने फ्लैट बुक कराने के लिए उससे 25 लाख रुपए ले लिए लेकिन बाद में उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट किसी और कंपनी को हस्तांतरित किया जा रहा है।

### महाराष्ट्र के पूर्व सीएम मनोहर जोशी का निधन

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी का निधन हो गया। बुधवार को उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। इसके बाद उन्हें मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह 86 साल के थे। मनोहर जोशी का अंतिम संस्कार मुंबई के दादर स्थित शमशान में किया जाएगा। बता दें कि मनोहर जोशी लोकसभा अध्यक्ष के पद पर भी रह चुके हैं। उन्हें शिवसेना संस्थापक दिवंगत बालासाहेब ठाकरे का सबसे करीबी सहयोगियों माना जाता था। पिछले साल उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था तो उनका हालचाल जानने के लिए उद्धव ठाकरे, उनकी पत्नी रश्मि और परिवार के अन्य सदस्य हाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचे थे। मनोहर जोशी ने 1970 के दशक में शिवसेना से विधान परिषद के लिए निर्वाचित होकर अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी।

## कांग्रेस का आरोप-

# भाजपा एजेंसियों के जरिए वसूल रही चंदा

### ईडी-सीबीआई ने 30 कंपनियों पर कार्रवाई की, इनसे भाजपा को 335 करोड़ का चंदा मिला

#### कांग्रेस ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा

## यह हफ्ता वसूली है... यह ब्लैकमेल की राजनीति है

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा के लिए चंदा वसूलने ईडी-सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया गया है। इसलिए मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की जानी चाहिए। शुक्रवार को कांग्रेस जयराम रमेश ने मीडिया से कहा कि 2018-19 और 2022-23 के बीच भाजपा को कुल लगभग 335 करोड़ रुपए का दान देने वाली कम से कम 30 कंपनियों को केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कार्रवाई का सामना करना पड़ा है।

जयराम रमेश ने बताया कि केसी वेणुगोपाल ने इस संबंध में एक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को चिट्ठी लिखकर पूछा है कि तीन में से दो एजेंसियां वित्त मंत्रालय के अधीन हैं, पूरा देश जानता है कि सरकार जांच एजेंसियों को रिमोट कंट्रोल से चला रही है। 2014 के बाद से राजनेताओं के खिलाफ भ्रष्ट के मामलों में चार गुना बढोतरी इस बात का सबूत है। इनमें से 95 प्रतिशत केस विपक्षी नेताओं के खिलाफ हैं। पिछले दिनों भाजपा की ऑडिट रिपोर्ट सामने आई थी, जिससे पता चला था कि भाजपा की कुल इनकम 2022-23 में 2,361 रूपए करोड़ हो गई है। जो 2021-22 में 1,917 रूपए करोड़ थी।



कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सवाल किया कि क्या सरकार इस मामले पर श्वेत पत्र लाने, बिंदुवार स्पष्टीकरण देने और उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच के लिए तैयार है? जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा, हफ्ता वसूली और ब्लैकमेल की राजनीति हो रही है। ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। निजी कंपनियों से चंदा लेने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने दावा किया, वर्ष 2018 -19 से 2022-2023 में 30 कंपनियों से 335 करोड़ रुपये वसूले गए। यह हफ्ता वसूली है... यह ब्लैकमेल की राजनीति है।

### धमकी देकर चंदा वसूलना सही नहीं

रमेश ने आरोप लगाया कि यह हफ्ता वसूली सरकार है। उनके मुताबिक, इन 30 कंपनियों में से 23 कंपनियों ने वर्ष 2018 से पहले भाजपा को कोई चंदा नहीं दिया था, लेकिन 2018 के बाद इन 23 कंपनियों ने सत्तारूढ़ पार्टी को करीब 188 करोड़ रुपये का चंदा दिया। रमेश ने कहा, अगर किसी कंपनी ने कानून का उल्लंघन किया है तो कार्रवाई हो, लेकिन धमकी देकर चंदा वसूलना सही नहीं है। वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री को लिखे पत्र में कहा, क्या आप भाजपा के धन पर एक श्वेत पत्र लाएंगी, न केवल स्रोतों पर, बल्कि इस पर भी कि आपने कॉर्पोरेट कंपनियों के खिलाफ़ जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके उन्हें चंदा देने के लिए कैसे मजबूर किया? उन्होंने कहा, यदि आपके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है, तो क्या आप उन घटनाओं की क्रोनोलॉजी पर बिंदुवार खंडन पेश करने को तैयार हैं, जिनके कारण भाजपा का खजाना भरा?

### केंद्र सरकार ने सरोगेसी कानून पर लिया बड़ा फैसला

## बच्चे के लिए अंडा या स्पर्म लेने की मिल गई छूट

नई दिल्ली। सरोगेसी के जरिए माता-पिता बनने का सपना देखने वालों के केंद्र सरकार का नया फैसला एक नई उम्मीद की किरण की तरह है। केंद्र सरकार ने अपने नए फैसले में सरोगेसी (विनियमन) नियम, 2022 में संशोधन किया है ताकि दाता युग्मक के अंडाणुओं और शुक्राणुओं के उपयोग करने की अनुमति दे दी है। इसके साथ यह शर्त रखी गई है कि साझेदारों में से किसी एक की मेडिकल कंडीशन उन्हें अपने गेमाइट्स का उपयोग करने में असमर्थ हो। सरकार द्वारा अधिसूचित सरोगेसी (विनियमन) संशोधन नियम 2024 में कहा गया है कि जिला मेडिकल बोर्ड को यह प्रमाणित करना होगा कि पति या पत्नी में से कोई एक ऐसी स्थिति से पीड़ित है।

### क्या कहता है नया कानून?

इसमें आगे कहा गया है कि दाता युग्मक का उपयोग करके सरोगेसी की अनुमति इस शर्त के अधीन है कि सरोगेसी के माध्यम से पैदा होने वाले बच्चे के पास इच्छुक जोड़े से कम से कम एक युग्मक होना चाहिए। इसमें कहा गया है कि सरोगेसी से गुजरने वाली सिंगल महिलाओं (विधवा या तलाकशुदा) को सरोगेसी प्रक्रियाओं का लाभ उठाने के लिए अपने अंडाणु या और दाता शुक्राणु का उपयोग करना होगा।

### पहले के कानून में क्या था प्रावधान?

मार्च 2023 में केंद्र द्वारा जारी एक अधिसूचना में सरोगेसी कराने के इच्छुक जोड़ों के लिए दाता युग्मकों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था जिसके कारण अदालतों से राहत की मांग करते हुए याचिकाएं दायर की गईं। इन याचिकाओं में मेडिकल रिपोर्टों के आधार पर यह दिखाया गया था कि वे अंडे पैदा करने में असमर्थ थे। अधिसूचना में कहा गया है कि इच्छुक एकल माताएं भी दाता अंडे का उपयोग नहीं कर सकती हैं। कई याचिकाएं प्राप्त होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को अपनी 2023 की अधिसूचना पर पुनर्विचार करने के लिए कहा।

### सरोगेट माताओं का शोषण पर लगे रोक

भारत ने सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम 2021 पारित किया क्योंकि देश अनैतिक प्रथाओं, सरोगेट माताओं के शोषण, सरोगेसी से पैदा हुए बच्चों के परित्याग और मानव युग्मक और भ्रूण के आयात की रिपोर्टों के साथ एक अंतरराष्ट्रीय सरोगेसी केंद्र के रूप में उभर रहा था।

## किसान आंदोलन: खनौरी बॉर्डर पर एक और किसान की मौत

चंडीगढ़ । किसान आंदोलन के बीच एक और किसान की मौत हो गई। खनौरी बॉर्डर पर किसान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इससे पहले, पंजाब सरकार ने उस किसान के लिए 1 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है, जिसकी बुधवार को हरियाणा पुलिस और पंजाब के किसानों के बीच झड़प के बीच मौत हो गई थी। वह बठिंडा का रहने वाला था।

किसानों और केंद्र के बीच चल रहे गतिरोध के बीच, अंबाला जिले में हरियाणा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए), 1980 के तहत फार्म यूनियन नेताओं और आंदोलनकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू नहीं करेगी। अंबाला



पुलिस ने पहले कहा था किसान नेताओं के खिलाफ एनएसए लगाया जाएगा, उनका आरोप है कि उनमें से कई आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और कानून-व्यवस्था को बिगाड़ रहे हैं।

आईजीपी अंबाला रेंज ने कहा, यह सभी संबंधितों को स्पष्ट करना है कि जिला अंबाला के कुछ फार्म यूनियन नेताओं पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने के मामले पर पुनर्विचार किया गया है और यह निर्णय लिया गया है कि इसे लागू नहीं किया जाएगा। हरियाणा पुलिस प्रदर्शनकारियों और उनके नेताओं से शांति बनाए रखने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में अधिकारियों के साथ सहयोग करने की अपील करती है।

अंबाला पुलिस ने यह भी कहा कि प्रदर्शनकारियों को आंदोलन के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को हुए किसी भी नुकसान के लिए मुआवजा देना होगा और उनकी संपत्तियों को कुर्क करने और बैंक खातों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## बिहार में विधान परिषद के 11 सीट पर चुनाव का ऐलान

### नीतीश, राबड़ी सहित कई का हो रहा कार्यकाल खत्म

पटना। बिहार में जदयू से नीतीश कुमार के अलावा संजय कुमार झा, खालिद अनवर और रामेश्वर महतो की सीट पर भी चुनाव होगा। झा पहले ही राज्यसभा भेजे जा चुके हैं। वहीं राजद से राबड़ी देवी के अलावा रामचंद्र पूर्वे का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है।

बिहार विधान परिषद के 11 सीट पर चुनाव का ऐलान निर्वाचन आयोग ने कर दिया है। चार मार्च को नोटिफिकेशन जारी होगा। इसके बाद 21 मार्च को चुनाव होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन सहित 11 दिग्गजों का कार्यकाल छह मई को में समाप्त हो रहा है। अब देखना होगा कि भाजपा, जदयू, राजद, कांग्रेस और हिन्दुस्तानी आवास मोर्चा किन्हें भेजती है। भाजपा के शाहनवाज हुसैन, मंगल पांडेय व संजय पासवान का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है। शाहनवाज और पांडेय के लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा तेज है। वहीं पासवान के बेटे को विधान परिषद् भेजने की चर्चा है। एक दिन पहले जदयू के गोपाल मंडल ने शाहनवाज के लोकसभा चुनाव को लेकर टिप्पणी भी की थी।



उन्होंने दावा किया था कि भागलपुर लोकसभा सीट जदयू के खाते में ही जाएगी। इससे पहले जब बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नई सरकार बनी थी तब ऐसा माना जा रहा था कि शाहनवाज और मंगल पांडेय को मंत्री पद जरूर दिया जाएगा। लेकिन, अब तक ऐसा नहीं हुआ। वहीं दोनों वरीय नेताओं के क्षेत्र के लोग उनके लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कह रहे थे।

इधर, जदयू से नीतीश के अलावा झा, खालिद अनवर और रामेश्वर महतो की सीट पर भी चुनाव होगा। झा पहले ही राज्यसभा भेजे जा चुके हैं। वहीं राबड़ी देवी को फिर से विधान परिषद भेजा जाएगा, यह स्पष्ट है। वहीं कांग्रेस के प्रेमचंद्र मिश्रा, हम सेक्युलर से संतोष कुमार सुमन की सीट पर भी चुनाव होगा। संतोष कुमार सुमन बिहार सरकार में मंत्री हैं।

### जानिए, विधान परिषद चुनाव का शेड्यूल

| | |
|---|---|
| नोटिफिकेशन की तारीख | 4 मार्च |
| नामांकन करने की अंतिम तारीख | 11 मार्च |
| नामांकन पत्रों की जांच की तारीख | 12 मार्च |
| नामांकन वापसी की तारीख | 14 मार्च |
| चुनाव के लिए मतदान की तारीख | 21 मार्च |
| मतगणना की तारीख | 21 मार्च शाम में |

### 13 मार्च के बाद हो सकता है चुनाव का ऐलान
### 7 से 8 चरणों में होगा मतदान

नई दिल्ली (ईएमएस)। 2024 भारतीय चुनाव आयोग 13 मार्च के बाद लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है। चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया कि आयोग आम चुनाव की तैयारियों का आकलन करने के लिए कई राज्यों का दौरा कर रहा है और एक बार यह पूरा हो जाने के बाद तारीखों की घोषणा की जाएगी। केंद्रीय चुनाव निकाय के अधिकारी वर्तमान में तमिलनाडु का दौरा कर रहे हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर का दौरा किया जाएगा। राज्य का दौरा 13 मार्च से पहले पूरा होने वाला है। बताया जा रहा है कि 7 से 8 चरणों में मतदान हो सकता है। चुनाव को लेकर सभी पार्टियां अपनी-अपनी कमर ली है।

आयोग पिछले कुछ महीनों से तैयारियों का आकलन करने के लिए सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ नियमित बैठकें कर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सीईओ ने समस्या वाले क्षेत्रों, ईवीएम की आवाजाही, सुरक्षा बलों की उनकी आवश्यकता, सीमाओं पर कड़ी निगरानी को सूचीबद्ध किया है।

आयोग एआई की लेगा मदद

चुनाव आयोग ने मई से पहले होने वाले लोकसभा चुनावों के स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक तैनात करने का फैसला किया है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर गलत सूचनाओं को चिह्नित करने और हटाने के लिए ईसीआई के भीतर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए एक समर्पित प्रभाग बनाया गया है।

### अदालतें निर्देश नहीं दे सकतीं, सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

## नीतियां लागू करना कार्यपालिका का अधिकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सरकार की नीतियों और योजनाओं की न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित होता है और अदालतें सरकार को कोई नीति या योजना लागू करने का निर्देश नहीं दे सकती। सुप्रीम कोर्ट ने यह अहम टिप्पणी एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान की। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर मांग की गई थी कि सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों को निर्देश दे कि देशभर में भुखमरी और कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए जगह-जगह सामुदायिक रसोई बनाई जाएं।



याचिका में दावा किया गया है कि देश में हर दिन पांच साल से कम उम्र के कई बच्चों की भुखमरी और कुपोषण से मौत हो जाती है और यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। साथ ही ये भोजन के अधिकार का भी उल्लंघन है। याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने ऐसा कोई भी निर्देश देने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि भुखमरी और कुपोषण से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें पहले ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून और अन्य कल्याणकारी योजनाएं लागू कर चुकी हैं। पीठ ने कहा कि यह सर्वविदित है कि नीतिगत मामलों की न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है। अदालतें किसी नीति या योजना की उपयुक्तता की जांच नहीं करती हैं और न ही कर सकती हैं। न ही अदालतें नीति के मामलों में कार्यपालिका की सलाहकार हैं। पीठ ने कहा कि नीतियां लागू करने का अधिकार कार्यपालिका के पास है।

## बीजेपी प्रतिनिधिमंडल को संदेशखाली जाने से रोका, हुई तू-तू-मैं-मै

### गुस्साए लोगों ने शाहजहां शेख के ठिकानों पर आगजनी की

कोलकाता। भाजपा की महिला नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को संदेशखाली के दौरे पर है। जहां प्रतिनिधिमंडल पीड़ित महिलाओं और स्थानीय लोगों से मुलाकात करेगा। हालांकि बंगाल पुलिस ने भाजपा के प्रतिनिधिमंडल को संदेशखाली जाने से रोक दिया है, इसकारण भाजपा नेताओं और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी बहस हो गई।

बीते कई दिनों से अशांत चल रहे संदेशखाली में फिर से बवाल हुआ है। दरअसल गुस्साए लोगों ने शुक्रवार सुबह भगौड़े शाहजहां शेख के ठिकानों पर आगजनी की। लोगों ने जिस जगह आगजनी की है, वह शाहजहां शेख के भाई सिराज की है। बवाल की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह भीड़ को नियंत्रित किया गया। गुस्साए लोगों का आरोप है कि वर्षों से पुलिस ने कुछ नहीं किया, इसकारण अब वे खुद अपना सम्मान और जमीन पाने के लिए सबकुछ करने वाले है।

वहीं भाजपा के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भाजपा की राज्य ईकाई की महासचिव लॉकेट चटर्जी और अग्निमित्रा पॉल कर रही हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल भी शुक्रवार को संदेशखाली का दौरा करेगी। मानवाधिकार आयोग ने पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य के डीजीपी को नोटिस जारी कर संदेशखाली हिंसा पर जवाब भी मांगा था।

### पीएम मोदी ने गठबंधन पर साधा निशाना

## जाति के नाम पर भडक़ाने वालों से रहना होगा सावधान


वाराणसी । संत रविदास कहते हैं, जात-पात के फेर मंहि, उरझि रहइ सब लोग। मानुषता कूं खात हइ, रैदास जात कर रोग। यानी ज्यादातर लोग जात-पात के फेर में उलझे और उलझाते रहते हैं। यह रोग मानवता को नुकसान करता है। संतों की वाणी हमें रास्ता भी दिखाती है और सावधान भी करती है। देश को जाति के नाम पर उकसाने और लड़ाने में भरोसा रखने वाले इंडी गठबंधन के लोग दलितों वंचितों के लिए हर योजना का विरोध करते हैं और जाति के नाम पर अपने परिवार के स्वार्थ के लिए राजनीति करते हैं। ये बातें शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीर गोवर्धनपुर स्थित संत रविदास जन्मस्थली मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद गुरु के 647वें प्रकाशपर्व समारोह को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टी अपने परिवार के बाहर किसी दलित और आदिवासी को आगे नहीं बढने़ देना चाहते। देश में पहली आदीवासी महिला को राष्ट्रपति बनने का किन- किन लोगों ने विरोध किया था, ये हर कोई जानता है। ये सब वही परिवारवादी पार्टियां हैं, जिन्हें चुनाव के वक्त दलित की याद आने लगती है। हमें इनसे सावधान रहना होगा। हमारी सरकार की नीयत गरीबों, वंचितों, पिछड़ा और दलितों के लिए साफ है।



### पीएम ने बनारस को बताया मिनी पंजाब

पीएम मोदी ने संत रविदास की जन्म जयंती के पावन अवसर पर देशभर से आए रैदासियों का काशी में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बनारस आज मिनी पंजाब जैसा लग रहा है। आपकी तरह मुझे भी रविदास जी बार- बार अपने जन्मभूमि पर बुलाते हैं। यहां आकर उनके संकल्पों को आगे बढ़ाने का और उनके लाखों अनुयायियों की सेवा का अवसर मिलता है। ये मेरे लिए सौभाग्य की बात है। काशी का सांसद और जनप्रतिनिधि होने के नाते भी मेरी विशेष जिम्मेदारी बनती है कि बनारस में आपका स्वागत करूं और आपकी सुविधाओं का खास ख्याल रखूं। पीएम मोदी ने बताया कि संत रविदास जी की जन्मस्थली के विकास के लिए कई करोड़ की योजनाओं का आज शुभारंभ हो रहा है।

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती
एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के
सम्मान समारोह कार्यक्रम में पधार रहे
अतिथियों का स्वागत वंदन अभिनंदन...
मुख्य अतिथि - मान. झीटूलालजी कानतोड़े (पूर्व जिला अध्यक्ष)
अध्यक्षता - मान. ज्ञानीरामजी पडोरे ( पूर्व ब्लाक अध्यक्ष)
विशेष अतिथि - श्री मनीराम भोयर (पूर्व ब्लाक अध्यक्ष)
कार्यक्रम
दिनांक - 24.02.2024 दिन - शनिवार
समय - सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक
स्थान - सांई मंगलम् लॉन, शांति नगर लालबर्रा
विनीत - छत्रपति शिवाजी कुनबी समाज ब्लॉक लालबर्रा
समस्त पदाधिकारी व सामाजिकबंधु।

# 15 दिनों से पानी पाईप लाईन का फाल्ट नहीं सुधार पाई पालिका

## पाईप सुधारने खोदा गड्ढा, पर बुझाना भूल गए कर्मचारी , एक बालिका खुले गड्ढे में गिरने से हुई घायल, विपक्षी पार्षदों में नपा प्रबंधन पर लगाया भेदभाव का आरोप

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। नगर में चहुओर विकास का दावा करने वाली नगर पालिका जहां एक ओर बिना भेदभाव के नगर के सभी वार्डों में कार्य करने का दावा कर रही है, तो वहीं दूसरी ओर नपा प्रबंधन पर आए दिनों विपक्षी पार्षदों द्वारा भेदभाव करने और विपक्षी पार्षदों के वार्ड का काम नहीं किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। जहां नपा नया निर्माण कार्य करना तो दूर पुराने कामों तक की ठीक से मरम्मत नहीं कर पा रही है। जिसका खामियाजा वार्ड वासियों को भुगतना पड़ रहा है। जिसकी एक झलक शनिवार को नगर के वार्ड नंबर 23 दीनदयालपुरम कॉलोनी में देखने को मिली ।जहां पिछले 15 दिनों से फूटी पानी की पाइपलाइन को अब तक दुरुस्त नहीं किया गया है जहां समस्या का संज्ञान लेते हुए नपा के कर्मचारियों ने पाइपलाइन का फाल्ट सुधारने के लिए बड़ा गड्ढा खोदकर रख दिया है लेकिन पिछले 8-10 दिनों से ना तो फाल्ट सुधारा है और ना गड्ढा बुझाया गया। जिसके चलते वहां आए दिन हादसे हो रहे हैं। जिस पर अपनी नाराजगी जताते हुए विपक्षी पार्षदों ने जहां एक ओर नपा सत्ता पक्ष पर भेदभाव किए जाने का आरोप लगाया है तो वहीं उन्होंने दो दिनों के भीतर समस्या का समाधान न होने पर नगर पालिका गेट में ताला जड़कर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।**





### जस की तस बनी है समस्या

बताया जा रहा है कि नल-जल योजना की पाइप लाइन को दुरुस्त करने के लिए नपा अमले ने गड्ढा खोदा लेकिन, उसे बंद करना भूल गए। पिछले 8 दिन से यह गड्ढा खुला पड़ा हुआ है। अब यह गड्ढा दुर्घटना को न्यौता दे रहा है। वार्ड पार्षद की शिकायत व सूचना के बाद भी नगर पालिका का अमला इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। जिसके कारण समस्या जस की तस बनी हुई है।जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 23 में जल आवर्धन योजना की मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके कारण पानी व्यर्थ में बह रहा था।वार्डवासियों को पेयजल की समुचित आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। वार्डवासियों ने इसकी शिकायत वार्ड पार्षद से की थी। पार्षद ने मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। नगर पालिका परिषद बालाघाट के जल प्रदाय शाखा प्रभारी को इसकी सूचना दी। लेकिन नपा अमले ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

### 15 दिन पूर्व दी थी सूचना आज तक नही हुआ निराकरण

प्राप्त जानकारी के अनुसार पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने की सूचना नपा के जल प्रदाय शाखा प्रभारी को 15 दिन पूर्व दी गई थी। लेकिन उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। लगातार सूचना देने और शिकायत करने के 8 दिन बाद नपा अमले ने मौके पर पहुंचकर गड्ढा खोदकर औपचारिकता निभा दी। लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हुआ है। खोदे गए गड्ढे को बंद करना भूल गए। पिछले 8 दिनों से गड्ढा खुला पड़ा हुआ है। जिसमें मोहल्ले की एक बालिका गिरकर मामूली रूप से घायल भी हुई है वही खुले गड्ढे के कारण कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

### जिम्मेदार हमारा फोन भी नहीं उठाते - कुवाचे

मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान वार्ड नंबर 23 पार्षद जितेंद्र कुवाचे ने बताया कि वार्ड में पेयजल सप्लाई की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई थी जिसे दुरुस्त करने की मांग की जा रही है कर्मचारी आए उन्होंने सड़क किनारे बड़ा सा गड्ढा खोद दिया लेकिन पाइपलाइन को दुरुस्त नहीं किया और ना ही उस गड्ढे को बुझाया गया है पिछले 8-10 दिन से समस्या बनी हुई है।पाईप लाइन से पानी सड़क पर बह रहा है हमने करीब 15 दिन पहले इसकी शिकायत की थी।शिकायत के 8-10 दिन बाद कर्मचारी आए और उन्होंने गड्ढा खोद दिया उस गड्ढे को अब तक भरा नहीं गया है। यह मुख्य मार्ग है यहां से लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानी हो रही है। स्कूल वैन, राहगीर ,वार्ड वासियों का आना-जाना लगा रहता है। कल एक बच्ची इस गड्ढे में गिर गई थी। वह तो अच्छा हुआ कि हम लोग यहां थे तो उसे निकाल लिए। अब गड्ढे को बुझाने के लिए लगातार फोन कर रहे हैं लेकिन चार-पांच दिनों से जिम्मेदार हमारा फोन नहीं उठा रहे हैं लगातार विपक्षी पार्षदों के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

### तो सोमवार को नपा का गेट बंद कर दिया जाएगा- योगराज

वही मामले का संज्ञान लेकर मौके पर निरीक्षण के लिए पहूंचे विपक्षी पार्षद प्रवीण मदनकर और नेता प्रतिपक्ष योगराज उर्फ कारो लिल्हारे ने भी वहां की समस्याएं जानी। चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष कारो लिल्हारे ने बताया कि वार्ड नंबर 23 पार्षद के यहां 15 दिन पहले पाइपलाइन फूटी थी जिसकी शिकायत उन्होंने की लेकिन शिकायत करने के 8 दिन बाद पाइपलाइन सुधारने के लिए कर्मचारी आए। गड्ढा खोदा गया फाल्ट दुरुस्त नहीं हुआ है फिर भी 8-9 दिनों से गड्ढा खुला हुआ है करीब 6 फिट गड्ढा है सड़क के किनारे होने से यहां कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।उन्होंने बताया कि नगर पालिका पानी लीकेज नहीं बना पा रही है लेकिन ठेकेदार को लगातार भुगतान किया जा रहा है वही विपक्षी पार्षदों के वार्डों में काम नहीं कराए जा रहे हैं। विपक्षी पार्षदों के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है उनके वार्डो पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है इसीलिए हमने नगर पालिका को दो दिनों का अल्टीमेटम दिया है। यदि 2 दिन के भीतर फाल्ट को दुरुस्त कर गड्ढा नहीं बुझाया जाता तो सोमवार को नगर पालिका का गेट बंदकर आंदोलन किया जाएगा ।

## आम ईस्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती सरोज अवधिया पति स्व. ईश्वरी अवधिया जाति अवधिया ग्राम पंचायत पांढरवानी तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट की निवासी हूं। मेरी सासु मां स्व. रामदुलारी अवधिया कि मृत्यु दिनांक ११.०४.२०२१ को हो चुकी है और उनके दो पुत्र स्व. ईश्वरी अवधिया व स्व. प्रदीप अवधिया की भी मृत्यु हो चुकी है। इनकी मृत्यु के उपरांत स्व. ईश्वरी अवधिया की पत्नि श्रीमती सरोज अवधिया, पुत्र सचिन अवधिया, राजा अवधिया, पुत्री शिप्रा अवधिया, पुत्री अंकिता अवधिया व स्व. प्रदीप अवधिया की पत्नि राजमति अवधिया, पुत्र प्रसन्न अवधिया, अभिषेक अवधिया, सागर अवधिया एवं स्व. रामदुलारी अवधिया की पुत्री रजनी अवधिया, रीता अवधिया व हेमलता अवधिया वारसान है। उपरोक्तानुसार हमें वारसान प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत पांढरवानी से जारी किया जाना है।

अत: आम जनता सूचना दर्ज करे।

**प्रकाशक**
**श्रीमती सरोज अवधिया**
**निवासी - ग्राम पंचायत पांढरवानी ला.**
**तहसील - लालबर्रा**
**जिला - बालाघाट।**

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी संत शिरोमणि रविदास जयंती

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला मुख्यालय सहित तहसील व अन्य ग्रामीण अंचलों में 24 फरवरी शनिवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जिसके तहत जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएगे। जहां संत रविदास जी की 647 वी जयंती पर जगह-जगह संत प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयकारे लगाए जाएगे। तो वहीं जगह-जगह पूजा,अर्चना ,हवन, पूजन, मंचीय कार्यक्रम, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व भोजन का वितरण कर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ देर शाम जयंती समारोह का समापन किया जाएगा।इसी कड़ी में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी नगर के वार्ड नंबर 13 बूढ़ी स्थित संत गुरु रविदास सांस्कृतिक भवन में भी सामाजिक बंधुओं द्वारा संत रविदास जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाएगी।जहा जयंती विशेष पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएगे।जिसकी शुरुवात शनिवार सुबह मंदिर से एक रैली निकालकर की जाएगी।संत गुरु रविदास सांस्कृतिक भवन धाम से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जो जिला अस्पताल समीप स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास जी चौक पहुंचेगी जहां सामाजिक बंधुओं द्वारा संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका गुणगान किया जाएगा। जहां से यहां शोभायात्रा बस स्टैंड , वहां से रानी अवंती बाई चौक, वहां से काली पुतली चौक होते हुए आम्बेडकर चौक वहां से जय स्तंभ चौक होते हुए सीधे संत शिरोमणि गुरु रविदास चौक और वहां से पुन: वापस बुढी स्थित संत रविदास धाम पहुंचेगी। जहां शोभा यात्रा का समापन कर मंचीय व रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। रंगारंग कार्यक्रमो में गीत, संगीत , कविता पाठ, आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएंगी।जहाँ मंची कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए ,उनका गुणगान किया जाएगा। तो वही उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का भी संकल्प लिया जाएगा जिसके बाद भोजन वितरण का कार्यक्रम कर जयंती का समापन किया जाएगा।



# ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई संत गाडगे की जयंती

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। संत गाडगे बाबा की 148वीं जयंती शहर सहित ग्रामीण अंचलों में धूमधाम के साथ मनाई गई, जयंती के अवसर पर सभी संत गाडगे जी को मानने वाले समर्थकों द्वारा अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, इसको लेकर शहर में जय हिंद टॉकीज के पीछे संत गाडगे चौक में विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन किए गए तो वहीं जिला धोबी समाज के सांस्कृतिक भवन भारत विकलांग स्कूल के पिछे बूढी में भी विविध कार्यक्रम के आयोजन किए गए। आपको बता दे की 23 फरवरी को संत गाडगे बाबा की 148वीं जयंती शहर सहित ग्रामीण अंचलों में पूरे धूमधाम के साथ मनाई गई , संत गाड़गे बाबा ने अपने जीवन काल में स्वच्छता अभियान चलाकर मानव को जीवन में निरोगी काया रखने का संदेश देकर समाज को जागृत करने का काम किया था , उन सभी बातों को याद करते हुए शहर में दो स्थानों पर गाडगे जी की जयंती मनाई गई , जिसमें सबसे पहले जय हिन्द टॉकीज के पीछे गाडगे चौक में नवयुवक नगर धोबी समाज के तत्वाधान में गाडगे महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गाडगे जी को मानने वाले समर्थक उपस्थित रहे, तो वही बूढी स्थित धोबी समाज के सांस्कृतिक भवन भारत विकलांग स्कूल के पीछे जिला धोबी समाज द्वारा गाडगे जी की जयंती का आयोजन किया गया जहां बड़ी संख्या में गाडगे जी को मानने वाले समर्थक उपस्थित रहे और पूरे हर्षोल्लास के साथ गाडगे जी की 148वीं जयंती मनाई गई ,वही नवयुवक धोबी समाज के नगर अध्यक्ष नितेश कनौजिया द्वारा बताया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उनकी समिति के द्वारा संत गाडगे जी की जयंती मनाई गई है, और उन्होंने सुबह समिति के माध्यम से संत गाडगे जी के चौक स्थित स्वच्छता अभियान चलाते हुए दोपहर में गाडगे जी की पूजा अर्चना कर महाप्रसाद का वितरण किया है।




## जाहिर सूचना

मैं Anusuiya माता No.-15526700 A RANK-SWR Name- Arun Bohare निवासी Village-Binora, Post-Seoti Distt.- Balaghat State - Madhaypradesh 481115 बालाघाट न्यायालय के समक्ष दिए गए एफिडेविट दिनाँक 21/02/2024 अनुसार मैंने अपना नाम मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकार्ड में Anusuiya से बदलकर nusaya Bohare दर्ज करवा रही हूँ।

Anusuiya is mother of No.-15526700 A Rank-SWR Arun Bohare R/o Village-Binora, Post-Seoti, Distt - Balaghat STATE - Madhaypradesh 481115 declare that I have changed my Name from Anusuiya to Anusaya Bohare in my son's army service record vide affidavit dated, 21/02/2024 before Balaghat court.

# समाधान आपके द्वार प्रचार प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आज 24 फरवरी को समाधान आपके द्वार लोक अदालत शिविर का जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुम्ब न्यायालयों तथा अन्य न्यायालयों में आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें न्यायालयीन लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय मामलों एवं बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के मामले निराकरण के लिये रखे जायेगें। समाधान आपके द्वार लोक अदालत शिविर के वृहद प्रचार-प्रसार के लिये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के द्वारा शुक्रवार को प्रचार-प्रसार वाहन को जिला न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। नेशनल लोक अदालत में मप्र नगरपालिका अधिनियम के अंतर्गत अधिरोपित संपत्ति कर एवं जलकर के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को नियमानुसार विभिन्न छूट प्रदान की जा रही है। जिसकी जानकारी प्रचार-प्रसार वाहन के माध्यम से आमजन तक पहुंचाकर अधिक से अधिक लाभ लिये जाने का अनुरोध किया जा रहा हैं। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश अमर कुमार शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीफ अब्दुल्लाह, विशेष न्यायाधीश ( पॉक्सो) श्रीमति नौशीन खान, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट, विकास विश्वकर्मा, दयालसिंह सूर्यवंशी, भूपेन्द्र सिंह, प्रशिक्षु न्यायाधीश सुश्री शीनी जैन, सुश्री कृतिका मिश्रा, सुश्री अनिसा मिश्रा, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीतेन्द्र मोहन धुर्वे उपस्थित रहें।




# पीएम जन-मन में आयुष्मान कार्ड बनाने में संतोषजनक प्रगति नहीं

## 7 अधिकारियों का रोका जाएगा वेतन

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने पीएम जन-मन योजनान्तर्गत आयुष्मान कार्ड की प्रगति निराशाजनक होने पर 7 अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिए है। ज्ञात हो कि शुक्रवार देर शाम मुख्य सचिव द्वारा पीएम- जन- मन योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा में बालाघाट जिले में विशेष पिछड़ी जाति के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति स्लो होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। इस पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, पीएम जन-मन के जिला नोडल अधिकारी डॉ. ॠत्विक पटेल, खण्ड चिकित्सा अधिकारी बिरसा /बैहर /परसवाडा और आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी संजय चौधरी का माह फरवरी देय मार्च का वेतन आगामी आदेश तक रोकने के निर्देश दिये गये। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य बालाघाट को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये कि वे गतिशक्ति पोर्टल पर 348 का डाटा दिख रहा है, जबकि 260 बसाहटों का डाटा प्रदर्शित होना चाहिये था। सहायक आयुक्त एवं महाप्रबंधक म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण मिलकर छूटे हुये ग्रामों को जोड़कर आकड़े सही करवाएंगे। इनमें 33 बसाहट जुड़ेंगे। शेष बसाहटों को हटाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। साथ ही पीएम जन-मन योजनान्तर्गत विभिन्न विभागों को लक्ष्य दिया गया है। सभी नोडल अधिकारी निर्देशों / लक्ष्यों का पालन सुनिश्चित करेंगे । आयुष्मान भारत में आधार कार्ड/जाति प्रमाण पत्र, केसीसी आदि की जानकारी शनिवार तक पूर्ति कराना सुनिश्चित करेंगे। योजनान्तर्गत आयुष्मान भारत के 13306 के आकड़े में आधार कार्ड आदि केसीसी की आवश्यकता है, उसकी पूर्णता हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व मुख्य नगरपालिका अधिकारी शनिवार तक कार्य पूर्ण कर पालन प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।

# ग्राम चिचगांव में सात दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 2 मार्च से

बालाघाट( पद्मेश न्यूज)। ग्राम चिचगांव में समस्त ग्रामवासी एवं महाकाल सेवा समिति के तत्वाधान में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्री महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। इस ग्राम के शिव मंदिर चौक में 2 मार्च से 8 मार्च तक आयोजित इस संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का वाचन शाम 6ः00 बजे से पंडित संतोष शास्त्री उज्जैन द्वारा किया जाएगा। 2 मार्च को कलश यात्रा, कथा महात्यम देवराज, चंचुला चरित्र। 3 मार्च को प्रयागराज में मुनियों का आगमन, सूत जी का आगमन, कथा प्रारंभ। 4 मार्च को नारद कामवासना, गणनिधि मोक्ष, कुबेर पद प्राप्त, सती चरित्र। 5 मार्च को पार्वती जन्म एवं तपस्या, कामदेव भस्म, शिव पार्वती विवाह। 6 मार्च को कार्तिक गणेश उत्पत्ति, गणेश विवाह, तारकासुर उध्दार जालंधर उध्दार, तुलसी विवाह। 7 मार्च को अत्री अनसूईया तपस्या, बाणासुर चरित्र, नंदीश्वर काल भैरव, हनुमत अवतार। 8 मार्च को सोमनाथ,महाकाल,, त्रयंबकेश्वर द्वादश, ज्योतिर्लिंग उत्पत्ति गौतम गंगा, प्रगट, शिव भक्तों की महिमा, मानसिक पूजन ,पंचाक्षर, महिमा मुनियों का मोक्ष, ट हवन पूर्णाहुति ,शोभा यात्रा,विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष प्रकाश पांचे, उपाध्यक्ष उमेश पांचे,सहायक सचिव रविंद्र मातरे,कोषाध्यक्ष हरिप्रसाद बाहेश्वर,सचिव विक्रम पांचे,संयोजक रुपेश रहेले ने समस्त ग्राम वासियों से इस सात दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा में उपस्थित होकर इस कथा का लाभ लेने की अपेक्षा

## न्यायालय नायब तहसीलदार किरनापुर, जिला बालाघाट मप्र.

रा.प्र.क्र./0044/ङ-154/वर्ष 2023-24
साकिन-सुसवा पि.ह.नं. 24
रानिमं. मार्ट तहसील किरनापुर

**समाचार प्रकाशन**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बैगालाल पिता श्रवण जाति गोंड निवासी ग्राम सुसवा तहसील किरनापुर जिला बालाघाट मप्र. ने अपनी मां कचराबाई पति श्रवण की मृत्यु दिनांक 04.01.2000 को मृत्यु के 1 वर्ष पश्चात पंजीयन की अनुमति मिलने हेतु लोकसेवा केन्द्र किरनापुर के माध्यम से आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त के संबंध में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक 26/02/2024 को या तो स्वयं किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधी द्वारा उपस्थित होकर कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर को विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 16 /02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के अधीन जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**किरनापुर**

लामता में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# इधर थ्री स्टार का दर्जा ,उधर खाली प्लाटों में बजबजा रही गंदगी

## वार्ड नं 10 में खाली प्लाट को बना दिया अस्थाई डंपिंग यार्ड, मच्छर, गंदगी और दुर्गंध से सराबोर हो रहा परिसर

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। एक ओर बालाघाट नगर पालिका को ओडीएफ डबल प्लस, तो दूसरी ओर थ्री स्टार का दर्जा मिला हुआ है।लेकिन नपा इन दोनों दर्जो के लायक नजर नहीं आ रही है। जिसके नजारे आए दिनों नगर में देखने को मिलते रहते हैं।वही नगर में साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाओं के बुरे हाल हैं जिसके चलते नगर में जहां-तहां कचरे के ढेर नजर आते हैं तो वहीं जगह-जगह गंदगी और दुर्गंध से सराबोर परिसर देखने को मिल ही जाता है। जिस पर नपा के जिम्मेदारों का कोई ध्यान नहीं है। वही नगर के विभिन्न वार्डो में पड़े खाली प्लाटों में नपा ने कचरा डालकर उसे अस्थाई मिनी डंपिंग यार्ड बना दिया है।जिस पर रोक लगाने और संबंधितों पर कार्रवाई करने की जहमत भी अब तक नगर पालिका प्रशासन द्वारा नहीं उठाई गई है।जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ताजा मामला नगर के वार्ड नंबर 10 रजा नगर का है जहां स्थित एक खाली प्लाट अस्थाई मिनी डंपिंग यार्ड में बदलता नजर आ रहा है। जहां व्यापक साफ सफाई ना होने के चलते गंदगी और दुर्गंध फैल रही है तो वहीं स्थानीय लोग गंदगी, दुर्गन्ध और मच्छर के प्रकोप से परेशान हैं। जिन्होंने उक्त प्लाट में फैली गंदगी को हटाने और स्थानीय लोगों को गंदगी मच्छर से निजात दिलाने की मांग की है।**



### गंदगी को आवारा मवेशियों ने बनाया अड्डा

नगर के वार्ड नंबर 10 रजा नगर में खाली पड़े भूखंड को इन दिनों आवारा मवेशियों ने अपना अड्डा बना लिया है। जहां उक्त खाली प्लाट में जहां-तहां कचरे का ढेर होने के चलते आवारा मवेशी सुकर इस प्लॉट में हमेशा पड़े रहते हैं, जिसके चलते प्लाट में जहां-तहां गंदगी नजर आ रही है, तो वही पूरा परिसर दुर्गंध से सराबोर हो रहा है। खाली प्लाट में बजबजा रही इस गंदगी पर नगरपलिका का कोई ध्यान नहीं है जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जहां आवारा मवेशी, सुकर इस गंदगी को फैलाकर सड़क तक ला रहे हैं तो वही वार्ड में व्याप्त इस समस्या पर संबंधितो का कोई ध्यान नहीं है। जिसपर स्थानीय लोगों ने अपनी नाराजगी जताते हुए प्लाट की गंदगी को हटाने और दुर्गंध व मच्छरों के प्रकोप से मुक्ति दिलाए जाने की मांग की है।

### रोजाना नहीं आती कचरा गाड़ी

एक ओर नगर पालिका द्वारा पूरे नगर में युद्ध स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाने और घर-घर गाड़ी भेज कर रोजाना गीला-सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किए जाने का दावा किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर रजा नगर निवासी नगर पालिका के हर दावों की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। जहां ना तो युद्ध स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है और ना ही कचरा एकत्र करने के लिए घर-घर कचरा गाड़ी पहुंचाई जा रही है। शायद यही वजह है कि वार्ड में जहां तहां गंदगी का अंबार नजर आ रहा है जिससे वार्डवासी काफी परेशान है।

### अस्थाई डंपिंग यार्ड ने बढ़ाई परेशानी

रजा नगर वार्ड नं 10 निवासी ना सिर्फ नाली निर्माण और पानी निकासी की समस्या से जूझ रहे हैं बल्कि वे वार्ड में बनाए गए अस्थाई डंपिंग यार्ड से भी काफी परेशान है। बताया जा रहा है कि महीने 2 महीने में एक बार नगर पालिका के सफाई कर्मचारी वार्ड में आकर साफ सफाई करते हैं जहां से निकलने वाले कचरे को वार्ड के भीतर ही एक स्थान पर जमा कर चले जाते हैं लेकिन बाद में उसे उठाया नही जाता है बताया जा रहा है कि वार्ड में अस्थाई डंपिंग यार्ड बनाया गया है जिससे पूरे वार्ड में हमेशा दुर्गंध चलती रहती है।जिससे वार्डवासी काफी परेशान हैं।

### आवेदन निवेदन का भी नहीं हो रहा असर

वार्डवासियों की मानें तो उन्होंने कई बार वार्ड में नाली का निर्माण कर पानी निकासी की व्यवस्था बनाने, रोजाना साफ-सफाई करने और वार्ड से अस्थाई डम्पिंग यार्ड हटाने सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं दिए जाने की मांग की है वहीं अपनी इस मांग को लेकर कई बार नगर पालिका में आवेदन निवेदन किया है लेकिन वार्ड वासियों के इस आवेदन निवेदन का भी नगरपालिका के जिम्मेदारों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है जिसके चलते वार्डवासी मूलभूत सुविधाओं को मोहताज है जिनकी अब तक समस्या का निराकरण नहीं किया गया है।

### तो समस्त वार्डवासी आंदोलन करेंगे- ईरशाद

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान वार्ड नंबर 10 निवासी मिर्जा इरशाद बेग ने बताया कि वार्ड नंबर 10 में गंदगी और बदबू के अलावा कुछ नहीं है।नपा के कर्मचारी दूर-दूर से कचरा लाकर इस खाली प्लाट में फेंक रहे हैं।जिससे लोग बीमार हो रहे हैं।इस समस्या पर नपा पार्षद और नगर पालिका का कोई ध्यान नहीं है।रोड में हमेशा पानी भरा रहता है। रेलवे पटरी के पास नाली का गहरीकरण नहीं हुआ है जिससे वार्ड में पानी रिवर्स आता है।कचरा गाड़ी भी रोज नही आती। कभी कभी जो सुबह कचरा उठाने के लिए गाड़ी आती है वही गाड़ी इस खाली प्लाट में लाकर पलटाई जा रही है जिससे पूरे वार्ड में बदबू चल रही है। हमारी मांग है कि जल्द से जल्द यहां से आस्थाई डंपिंग यार्ड को हटाया जाए। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो समस्त वार्डवासियों द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

### कल की कल पुरे परिसर को स्वच्छ किया जाएगा -सूर्य प्रकाश उईके

इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान नगरपालिका स्वास्थ्य शाखा प्रभारी सूर्य प्रकाश उईके ने बताया कि यह समस्या आपके द्वारा संज्ञान में लाई गई है जिसका त्वरित निराकरण किया जाएगा।अब वहां कचरा जमा नहीं किया जाएगा उस पूरे कचरे को कल की कल उठवा कर परिसर को साफ सुथरा किया जाएगा. यदि वहां कोई आव्यवस्था होगी तो उसे दूर किया जाएगा। वहां पाउडर और फिनाइल आदि का छिड़काव कर परिसर को स्वच्छ किया जाएगा। वहा कचरा एकत्र करने से मना किया जाएगा। ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

# शहर के मेन रोड में सड़कों पर चौपहियां वाहन खड़े होने से जगह-जगह लग रहा जाम

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। इन दिनों शहर की यातायात व्यवस्था ठीक नहीं चल रही है जिस वजह से शहर के प्रमुख मार्ग कालीपुतली चौक से हनुमान चौक तक , कभी भी जाम जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है, जिसका एक छोटा सा उदाहरण 23 फरवरी की दोपहर 1 बजे मेन रोड पर देखने को मिला जहां लगातार राजघाट चौक से



लेकर मदन मेडिकल के आगे और फिर जय हिंद टॉकीज रोड पर जाम जैसी स्थिति निर्मित हुई ,कुछ लोगों का कहना यह भी है कि इन दिनों शायद यातायात थाना प्रभारी के स्थानांतरण होने की वजह से इन दिनों शहर में यातायात व्यवस्था में परिवर्तन आया है ,इस वजह से शायद शहर में जगह-जगह जाम की स्थिति निर्मित हो रही है आपको बता दे की इन दिनों शहर की यातायात व्यवस्था ठीक-ठाक नहीं चल रही है कहीं भी जाम जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है, ऐसा ही उदाहरण 23 फरवरी को काली पुतली चौक से लेकर हनुमान चौक तक मेन रोड पर देखने को मिला , जहां पर यातायात पॉइंट नहीं लगने की वजह से मेन रोड पर लोगों द्वारा चौपहिया वाहन खड़े करना एवं चल रहे निर्माण कामों का मटेरियल रोड पर रखने की वजह से जाम जैसी स्थिति मेन रोड पर बनी, वहीं इस जाम को बहाल करने के लिए कोई भी यातायात का कर्मचारी मेन रोड पर नहीं दिखाई दिया, ऐसा माना जा रहा है कि अभी कुछ दिन पहले यातायात थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव का स्थानांतरण होकर यहां से चले गए हैं जिसके बाद से ही शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों ठीक-ठाक नहीं चल रही है, जबकि बालाघाट गोंदिया मार्ग को बंद करने के बाद शहर में कुछ मार्गों को परिवर्तित भी किया गया है जिस वजह से भी इन दिनों शहर में यातायात व्यवस्था का दबाव बढ़ा है किंतु यातायात पुलिस द्वारा सतत इस जाम जैसे हालात से निपटने में शायद अक्षम साबित हो रही है , जिस वजह से आज शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है और सड़कों पर जाम जैसे हालात निर्मित हो रहे हैं।

### तीन स्थानों पर लगा जाम

आपको बता दे की ऐसा नहीं था कि महज एक ही स्थान पर जाम की स्थिति निर्मित हुई हो सबसे पहले शहर के मेन रोड स्थित राजघाट चौक पर जाम की स्थिति निर्मित हुई और यह जाम की स्थिति मेन रोड सड़क पर एक चौपहिया वाहन के खड़े करने की वजह से निर्मित हुई थी, जबकि पहले राजघाट चौक में पुलिस पॉइंट लगाया जाता था, किंतु आज जाम के समय यहां कोई भी यातायात का कर्मी नजर नहीं आया और लोग इस जाम में परेशान होते रहे, उसके बाद मदन मेडिकल के आगे और चक्र चौराहा के बीच में जाम की स्थिति निर्मित हुई, जहां पर भी एक चौपहिया वाहन रोड पर खड़ा था और कुछ निर्माण कार्य का मटेरियल सड़क पर होने की वजह से यहां जाम की स्थिति उत्पन्न हुई थी, वहीं जय हिंद टॉकीज पहुंच मार्ग नूतन कला निकेतन के सामने भी जाम की स्थिति निर्मित हुई जहां पर स्थानीय दुकानदारों के मालवाहक वाहन रोड पर खड़े होने की वजह से यहां पर जाम की स्थिति निर्मित हुई थी, हालांकि यह जाम ज्यादा लंबे समय तक नहीं रहा और स्थानीय लोगों ने इस जाम को जल्द ही खत्म करवा लिया किंतु बताया जाता है कि ऐसी स्थिति अभी कुछ दिनों से दिन में बनते जा रहती है।

### वाहनों पर लाक करने की कार्यवाही चल रही है - आकाश शर्मा

जब हमारे द्वारा नये आये हुये यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि शहर में सतत सड़कों पर खड़े होने वाले चौपहिया वाहनों पर लाक करने की कार्यवाही चल रही है, हालांकि बैहर रेलवे क्रॉसिंग पर थोड़ा यातायात का दबाव अधिक रहता है इस कारण वहां पर यातायात को लेकर थोड़ी परेशानी जरूर होती है किंतु वह शहर में हर संभव यातायात व्यवस्था बनाने के लिए लगे हुए हैं।

# कटीटोला के आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को नहीं मिल रहा शुद्ध पेयजल

## बीते 6 महीनों से बनी हुई है समस्या ग्रामीण बना रहे आंदोलन की रूपरेखा

झबालाघाट(पद्मेश न्यूज) । अब कुछ ही दिनों बाद गर्मी का मौसम शुरू हो जाएगा , जिसमें अधिकतर पीने के पानी की समस्याएं कुछ शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिलती है, किंतु लालबर्रा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत धपेरा मोहगांव, के कटीटोला में अभी से पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है ,यह समस्या टोले के साथ-साथ वहां लगने वाली



आंगनवाड़ी में भी बीते 6 महीनों से हो रही है , जिसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित उस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जिला प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि उनके आंगनवाड़ी और टोले में नल जल योजना का लाभ दिलाते हुए पेयजल की व्यवस्था की जाए , जिला मुख्यालय से लगे ग्राम धपेरा मोहगांव अंतर्गत आने वाले कटीटोला में इन दिनों पेयजल की समस्या गहरा रही है बताया जा रहा है कि कटीटोला के साथ-साथ यहां लगने वाली आंगनवाड़ी में भी पीने के पानी की समस्या बीते 6 महीनों से बनी हुई है जबकि उनके क्षेत्र से नल जल योजना की पाइपलाइन भी गुजरी है, किंतु कटीटोला के साथ-साथ आंगनवाड़ी में भी पानी की समस्या बनी हुई है वही आंगनवाड़ी में बोरिंग मशीन भी लगी है ,किंतु उससे भी पीने योग्य पानी नहीं आ रहा है जिसकी शिकायत आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधियों द्वारा संबंधित विभाग से अनेकों बार की गई है, किंतु सभी सिर्फ आश्वासन पर आश्वासन ही देते आ रहे हैं , समस्या का कोई भी निराकरण नहीं कर रहा है वही अब ग्राम के जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बता रहे हैं कि यदि जल्द ही पेयजल की समस्या उनके ग्राम में दूर नहीं होती तो वह अब आंदोलन की तैयारी करेंगे।

### पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है - सूरज मरावी

कटीटोला के रहने वाले सूरज मरावी बताते हैं कि उनके वार्ड नंबर 20 में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है उन्हें पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है और वह लोग काफी दूर से पीने का पानी लाते हैं और उनके क्षेत्र में पीने का पानी खारा आता है जिस वजह से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### आंगनवाड़ी में यह समस्या कम से कम 6 महीनों से अधिक की हो गई है - उषा बाई

आंगनवाड़ी सहायिका उषा बाई बताती है कि उनकी आंगनवाड़ी में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है और उनकी आंगनवाड़ी में जो पानी वह लाते हैं वह लाल रंग का जिंक युक्त पानी रहता है और बच्चे उस पानी को पीते नहीं है और यह समस्या कम से कम 6 महीनों से अधिक की हो गई है इस समस्या को देखने अधिकारी कर्मचारी तो आए थे किंतु आज तक किसी ने भी इस समस्या का निराकरण नहीं किया है।

### अब मजबूरी में आकर आंदोलन की रणनीति बना रहे है - केशव नगपुरे

जनपद सदस्य केशव नगपुरे बताते हैं कि कटीटोला की आंगनवाड़ी में जब से बोरिंग की गई है और मोटर लगी है तब से पानी सही नहीं आ रहा है और इसकी शिकायत उन्होंने संबंधित विभाग से अनेकों बार की है इस बरसात के मौसम में आंगनवाड़ी में पढ़ने वाले बच्चे बीमार भी हो गए थे और उनके द्वारा इसकी भी शिकायत संबंधित विभाग को की गई थी किंतु आज तक इस समस्या का निराकरण नहीं किया गया है, जबकि विभाग द्वारा यहां पर आकर मौके का निरीक्षण कर लिया गया है किंतु किसी प्रकार की कोई ना ही कार्रवाई की जाती है और ना ही इस समस्या पर ध्यान दिया जा रहा है यदि ऐसा ही रहा तो वह अब मजबूरी में आकर आंदोलन की रणनीति बनाएंगे।

# सरकार की उपेक्षा का दंश झेल रहा रविदासिया समाज

## आज भी सड़क किनारे गुमठी में जूते पॉलिश करने को मजबूर, मोची वर्ग ने प्रदेश सरकार पर लगाया अनदेखी का आरोप

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। जिला मुख्यालय सहित तहसील व अन्य ग्रामीण अंचलों में शनिवार को संत गुरु रविदास जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जहां जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएगे।जहां विभिन्न पार्टियों के नेता, विधायक ,सांसद सहित अन्य, संत रविदास जी की जयंती पर जगह-जगह प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयकारे लगाएगे तो वहीं जगह-जगह पूजा,अर्चना ,हवन, पूजन, मंचीय कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे। लेकिन जिस संत गुरु रविदास जी की जयंती पर यह सभी आयोजन किए जा रहे हैं।उसी संत गुरु रविदास के अनुयायियों पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। जहां आज भी मोची वर्ग विकास की मुख्यधारा से काफी पीछे छूटा हुआ है।जिन्हें अब तक सरकार से कोई मदद नहीं मिल पाई है।यूं तो प्रदेश में कई सरकारे आई और कई गई, लेकिन मोची का काम करने वाले लोगों की किसी ने कोई सुनवाई नहीं की।जिसका खामियाजा मोची वर्ग के लोग आज भी उठा रहे है।और उन्हें शासन प्रशासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।**





### 1984 के बाद से आज तक नहीं मिली कोई मदद

बताया जा रहा है कि बालाघाट जिले मे संत गुरु रविदास जी के मानने वाले मोची वर्ग की जनसंख्या 10 से 15 हजार के बीच है जबकि बात अगर पूरे जिले की करे तो पूरे जिले में महज मोचियो की लगभग 50 दुकानें हैं जिसमें से कई दुकाने वर्तमान समय में सड़क किनारे तोड़े गए अतिक्रमण में हटा दी गई है। वही बात अगर बालाघाट नगर की करें तो 1984 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा नगर के 05 से 06 मोचीयों को सड़क किनारे गुमठी बनाकर दी गई थी। जहां सड़क किनारे ठेला लगाकर उनका व्यवसाय शुरू किया गया था। तब से लेकर आज तक मोची वर्ग को शासन प्रशासन से कोई सुविधा नहीं मिली है। जिन्हें ना तो बैंक लोन दे रही है और ना ही उन्हें पक्की दुकानें बनाकर दी जा रही है और ना ही उनके व्यवसाय को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कोई प्रयत्न किए गए हैं। हद तो यह है कि मोची अपनी दुकानों में विद्युत मीटर भी नहीं लग पा रहे हैं जिसके लिए नपा द्वारा एनओसी भी नहीं दी जा रही है। ।जिसके चलते संत गुरु रविदास जी को मानने वाले मोची वर्ग का उत्थान नहीं हो पा रहा है। जिसपर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए मोची वर्ग के लोगों ने शासन से उनके समाज के उत्थान पर ध्यान दिए जाने की मांग की है।जिन्होंने प्रदेश सरकार पर उनके समाज की उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाते हुए उन्हें सड़क किनारे पक्की दुकान बना कर देने, व्यवसाय को बढ़ाने के लिए लोन दिए जाने और समाज विशेष के लिए अलग से कल्याणकारी योजनाएं बनाकर उन लोगों को योजनाओं का लाभ देकर, मोची वर्ग के जनजीवन को ऊपर उठाए जाने की मांग की है ।

### सरकार ने आज तक हमारे उत्थान के लिए कुछ नहीं किया- विनोद कुरील

मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान हनुमान चौक स्थित मोची विनोद कुरील ने बताया कि हमारे दादा परदादा के जमाने से एक ही दुकान है।यही फुटपाथ पर हम दुकान लगाते हैं। कल रविदास जयंती को सरकार भी बड़े धूमधाम से मना रही हैं।लेकिन सरकार ने अब तक हमें कोई सुविधा नहीं दी है। हम चाहते हैं कि हमें पक्की और स्थाई दुकान दी जाए ,दुकान बढ़ाने के लिए अनुदान मे सामग्री दि जाए। एक पहचान पत्र दिया जाए। वही बैंकों से लोन मिलना चाहिए। उन्होंने बताया की यह ठेला हमें 1984 में मिला था। आज तक दुकान में मीटर नहीं मिले हैं, विद्युत विभाग वाले बोलते हैं कि नगरपालिका से एनओसी लाओ ,नगरपालिका वाले एलओसी नहीं देते तो वही बैंक वाले लोन नहीं देते हैं बोलते हैं कि पहले इनकम टैक्स लाओ। ऐसी कई योजनाएं हैं जिनका हमें अब तक लाभ नहीं मिला है।

### आज भी हम फुटपाथ पर बूट पॉलिश कर रहे हैं- मोहबे

वही मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन जिला उपाध्यक्ष रमेश मोहबे ने बताया कि शासन की तरफ से हमारे समाज को कोई सुविधा नहीं मिली है। हमारा समाज गरीब है प्रदेश सरकार ने हमारे समाज के उत्थान के लिए बहुत काम करने चाहिए। हमें लोन की सुविधा मिलनी चाहिए ,हम बरसो से फुटपाथ पर बूट पालिस करते आ रहे हैं जो अब भी कर रहे हैं। हमारे समाज में कोई धनी नहीं है जो 10 हजार रु की किराए की दुकान लेकर दुकान चला सके। हमारी मांग है कि हमें एक पक्की दुकान बना कर दी जाए ,भले ही राशि किस्तों में वसूला जाए, हमें लोन मिले, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। हमें दुकान बनाकर देने की जगह अतिक्रमण के नाम पर हमारी दुकानें हटाई जा रही है ।सरकार ने आज तक हमारे समाज के उत्थान के लिए कुछ नहीं किया है। आज भी हम विकास की मुख्यधारा से नहीं जुड़ पाए हैं। हमारी मांग है कि जो समाज में पढ़े लिखे लोग हैं उन्हें रोजगार मिलना चाहिए, वही जो फुटपाथ पर गुमठी में दुकान लगा रहे हैं उन्हें पक्की दुकान देना चाहिए ,उन्हें लोन की सुविधा मिलनी चाहिए ।तब कहीं जाकर हमारे समाज का उत्थान हो पाएगा।





# नगर में निकाली गई श्री राम ज्योति पदयात्रा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक माह पूर्ण होने पर श्री राम मंदिर प्रभात फेरी एवं भारत विकास परिषद बालाघाट द्वारा श्री राम ज्योति पदयात्रा का आयोजन किया गया।नगर के नए राम मंदिर से गुरुवार की शाम भव्य रूप से ज्योति पदयात्रा निकाली गई। इस पदयात्रा में मातृशक्ति ने अपने हाथों में दीपक लेकर नया राम मंदिर से हनुमान चौक वहां से वापस नया राम मंदिर ज्योति पदयात्रा का समापन किया। जहां मंदिर पहुंचकर महा आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया ।उसके पश्चात भगवान श्री राम मंदिर के पुजारी पंडित उमाकांत पाठक, मंदिर के सेवादार फूलचंद एडे और श्रीमती यशवंता एडे का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर दीपांक रामटेक्कर अध्यक्ष भारत विकास परिषद द्वारा दीपक का पूजन किया गया। तो वही जया हसानी द्वारा आकर्षक रंगोली डाली गई । इस कार्यक्रम में नगर के विभिन्न मंदिरों से महिला एवं पुरुष उपस्थित हुए। जिसमें नंदकिशोर जायसवाल, दिनेश असाटी ,मनोज सोनी ,संजीव जायसवाल ,नमिता चिले, वैशाली शर्मा ,आरती मिश्रा ,राधा गुप्ता,सविता अग्रवाल ,मंजू ध्यानी, पंकज तिवारी, राम मिश्रा, नरेंद्र परिहार, ललित एडे राजोरिया ,कमलेश चौरसिया, संतोष तिवारी ,देवेंद्र रहांगडाले, मनीषा सावलानी, माया बीहोने, राजकुमारी कौशल, मोहन बाग, कन्हैया पटेल ,पोमिता चिले आदि उपस्थित रहे।

# सुधीर गुड्डू चौधरी होंगे जिला भाजपा कार्यलय प्रभारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामकिशोर कांवरे ने भाजपा कार्यलय के सुव्यवस्थित रखरखाव, स्वच्छता पालन व कार्यकताओं की सुविधा की दृष्टि से जिला भाजपा कार्यलय प्रभारी सुधीर गुड्डु चौधरी को नियुक्त किया गया है। वे पूर्ण समर्पण भाव से पद का निर्वहन करेंगे इस आशा से सभी जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने श्री चौधरी को शुभकामनाएं दी। उक्ताशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अभय कोचर द्वारा दी गई।



# नाबालिक के हत्यारे पति-पत्नि को आजीवन कारावास

**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। थाना खैरलांजी अंतगर्त आरोपी पति विजय गौतम ने १४ वर्षीय नाबालिक के साथ दुराचार करने की नीयत से छेड़छाड़ कर इज्जत खराब होने के डर से पति -पत्नी ने मिलकर लड़की की हत्या कर दी गई थी। जिसमें वारासिवनी न्यायालय की प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार ठाकुर की विद्वान अदालत ने २१ फ रवरी २०२४ को नाबालिक के हत्यारे आरोपी पति विजय गौतम और पत्नी आशा गौतम दोनों ग्राम भण्डारबोडी थाना खैरलांजी निवासी को आजीवन कारावास एवं ६००० रुपए के अर्थ दंड से दंडित कर सजा सुनाई है।**



## यह था मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार २५ अक्टूबर २०२१ को फ रियादी के द्वारा थाना खैरलांजी में इस आशय की मर्ग सूचना लेख कराई गई थी । कि वह खैरलांजी थाना अंतर्गत का रहने वाला है खेती का काम करता है कक्षा दसवी तक पढ़ाई किया है। जिसमें सबसे बड़े भाई की २ बेटी है बड़ी लड़की करीब १४ साल तथा छोटी लड़की करीब ११ साल की है। २५ अक्टूबर २०२१ की शाम करीब ६ बजे की बात है वह कटोरी बाजार से वापस अपने घर आया तो घर के सामने गावं पड़ोस के लोगों की भीड़ इकट्ठा थी । फिर वह अंदर जाकर देखा तो भाभी ने बताई कि वे लोग बारतबिड़ा के कार्यक्रम में बस्ती में गए थे घर में कोई नहीं था लड़की स्कूल गयी थी। जब वह कार्यकम से शाम करीबन ५.३० बजे वापस घर आई तो देखी तो लड़की ने घर के अंदर वाली छपरी में टुपट्टे से मयाल में बांधकर फांसी लगी दिखी तो वह चिल्लाई तो आसपास के लोग आ गये। जिन्होंने तुरंत ही लड़की को बचाने के लिए फांसी लगे फंदे को काटकर लड़की को नीचे उतार लिये। किंतु जब तक नाबालिक लड़की की मौत हो चुकी थी। जिसमें पुलिस ने मर्ग कायम कर आवश्यक कार्यवाही की थी।

## पति- पत्नी ने आत्महत्या का ऐसा रचा था नाटक

मामले में पुलिस के द्वारा मर्ग में जांच प्रारंभ की गई जिसमें पुलिस ने पाया कि आरोपी विजय गौतम घटना की शाम करीब ५.३० बजे मृतिका नाबालिक के घर गया था। उस समय घर पर मृतिका अकेली थी मोहल्ले में कोई दिखाई नहीं दे रहा था। तब आरोपी विजय ने पानी मांगने के बहाने से मृतिका के साथ बलात्कार करने के आशय से घर में गया मृतिका को पकड़ने लगा। जिससे मृतिका चिल्लाई और कहने लगी कि मम्मी पापा को बतायेगी तो मृतिका की आवाज सुनकर पीछे से आरोपी की पत्नी आशा गौतम आई। तब विजय ने नाबालिक की हत्या करने की नियत से उसको अपने पास रखे गमछे से बांये हाथ से नाक व मूंह दबाया, दाहिने हाथ से गर्दन दबाने लगा। तो नाबालिक छटपटाने लगी तो उसकी पत्नी आरोपी आशा ने मृतिका के पैर पकड़ लिये थोड़ी देर में नाबालिक की मौत हो गई। तब दोनों आरोपीगण ने मिलकर उसके पास रखे उसके लाल रंग के दुपटटे को नाबालिक के गले में बांधकर छपरी में लगी लकड़ी की मयाल में गमछा बांधकर फ ांसी पर टांग दिया। तथा पास में एक कुर्सी को गिरा दिया एवं दोनों आरोपीगण अपने घर चले गये। थोड़ी देर पश्चात मृतिका नाबालिक की मां व चाची घर आई हल्ला होने पर आरोपी विजय मृतिका के घर गया और मृतिका की मां और चांची को रिपोर्ट करने से रोका था एवं उनके कहने पर हंसिया से नाबालिक मृतिका के गर्दन के उपर दुपटटे को काट दिया तथा लाश को नीचे उतार लिया। फिर कुछ देर बाद वापस अपने घर चला गया।

## इन धाराओं में यह सुनाई गई सजा

मामले में पुलिस के द्वारा २७ अक्टूबर २०२१ को आरोपीगण विजय गौतम एवं आशा गौतम को गिरफ्तार कर साक्षियों के कथन लेकर अदालत में अभियोगपत्र प्रस्तुत किया गया। इसके बाद उक्त प्रकरण प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार ठाकुर की अदालत में विचाराधीन था। जिसमें न्यायालय के द्वारा परिस्थितियों को दृष्टिगत् रखते हुए आरोपी विजय गौतम एवं आशा गौतम को भादवि की धारा ३०२ सहपठित धारा ३४ के अपराध के लिए प्रत्येक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा एवं ५०००-५००० रूपये के अर्थदंड तथा भादवि की धारा २०१ सहपठित धारा ३४ के अपराध के लिये प्रत्येक आरोपी को ३-३ वर्ष के सश्रम कारावास की सजा एवं १०००-१००० रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया । वहीं अर्थ दंड की राशि अदा ना किए जाने पर पृथक् से प्रत्येक आरोपी को ६-६ माह के सश्रम कारावास की सजा भुगताये जाने के दंड से दंडित किया जाने सजा सुनाई। उक्त प्रकरण में पीड़ित की ओर से शासकीय अधिवक्ता संतोष लिल्हारे के द्वारा पैरवी की गई।

## साक्ष्य और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने सुनाई सजा-संतोष लिल्हारे

शासकीय अधिवक्ता संतोष लिल्हारे ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि खैरलांजी थाना अंतर्गत नाबालिक का बलात्कार करने की नियत से आरोपी विजय उसके घर में गया था। जिसके चिल्लाने पर विजय की पत्नी आशा गौतम भी आई और दोनों ने मिलकर नाबालिक का मुंह दबाकर हत्या कर फांसी पर लटका दिया गया था। जिसमें पुलिस के द्वारा उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर भादवि की धारा ३०२,२०१ के तहत अपराध पंजीबद किया गया था। यह अति गंभीर अपराध था जिसमें साक्ष्य और गवाहों के आधार पर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार ठाकुर की अदालत ने दोनों पति-पत्नी को आजीवन कारावास और ६००० रुपए के अर्थ दंड से दंडित कर सजा सुनाई है।

# नाली की समस्या से परेशान वार्ड क्रमांक २ व ६ के वासी

## आवेदन देने के बाद भी नही बन रही नाली, मामला - ग्राम पंचायत मेहदुली का

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज) । वारासिवनी जनपद पंचायत अंर्तगत आने वाली ग्राम पंचायत मेहदुली के वार्ड क्रमांक २ व ६ में नाली की समस्या से ग्रामवासी परेशान है। यह दोनो वार्ड में नाली नाम की कोई चीज ही नही है। ग्रामवासियों का साफ तौर पर कहना है कि जब जब पानी गिरता है तो यह पानी उनके घर में घुस जाता है। पानी की यह समस्या कई वर्ष से बनी है जिसकी वजह से उन्हे काफी तकलीफ हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिये उनके द्वारा पंचायत को भी सूचित कर दिया गया है। मगर उनकी समस्या का निराकरण नही हो पा रहा है। वही निस्तारी पानी भी हम लोग नाली न होने के कारण अपने घर में ही फैकने मजबूर है।



### पानी जमा होने से बच्चे होते है बीमार - अशोक हरदे

ग्रामीण अशोक हरदे ने पद्मेश को बताया कि हमारे वार्ड में नाली नही होने से पानी निकासी नही हो पा रही है। जिसकी वजह से पानी इकट्ठा हो जाता है। बच्चे गदंगी के पानी के कारण बीमार रहते है। हम यही चाहते है कि हमारे वार्ड नं.२ व ६ जो हमारे ही घर के सामने से लगा है यह दोनों वार्ड में पानी निकासी बनाई जाये ताकि पानी का ठहराव न हो। जिसका एक ही समाधान है की नाली का निर्माण किया जाये। जब इस संबंध में ग्राम सरपंच वेदप्रकाश पटेल से दूरभाष पर चर्चा करनी चाही गई तो उनसे संपर्क स्थापित नही हो पाया।

### आये दिन होते है लड़ाई झगड़े - दुर्गेन्द्र गढ़पाले

इस संबंध में ग्रामीण दुर्गेन्द्र गढ़पाले ने पद्मेश को बताया कि हमारे वार्ड में नाली का निर्माण नही होने से आये दिन लड़ाई झगड़ा हो रहा है। पानी निकासी नही हो पा रही है। हमने पंचायत में भी इस बात की शिकायत की है कि नाली का शीघ्र निर्माण कराया जाये मगर ऐसा हो नही पा रहा है। हमारी एक ही मांग है कि हमारे वार्ड में नाली का निर्माण किया जाये ताकि हमारे घर का या बरसात का पानी आसानी से निकल सके।

### नाली न बनने से हमारे घर में घुसता है पानी - हरीचंद जमरे

इसी तरह ग्रामीण हरीचंद जमरे ने पद्मेश को बताया कि अगर ग्राम के लोगों की नाली समस्या का समाधान नही होगा तो निश्चित ही लड़ाई झगड़ा होंगे। हमारे वार्ड नं.२ व ६ में पानी निकासी के लिये कोई साधन नही है। बरसात का पानी हमारी दलान से घर में घुस जाता है। पंचाचत को हमारे दोनों ही वार्ड में नाली का निर्माण करना चाहिये। ताकि इस समस्या से हमें निजात मिले।

# नवनिर्वाचित विधायकों का अभिनंदन समारोह रविवार को

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज)। पंवार मंगल भवन में २५ फ रवरी की दोपहर करीब १२ बजे अध्यापक शिक्षक संवर्ग विकासखंड वारासिवनी के तत्वावधान में नवनिर्वाचित विधायको का जिलास्तरीय अभिनंदन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि अध्यापक शिक्षक संवर्ग के द्वारा नवनिर्वाचित विधायकों का जिला स्तरीय अभिनंदन समारोह २५ फरवरी की दोपहर १२ बजे से पंवार मंगल भवन वारासिवनी में आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम विवेक पटेल विधायक वारासिवनी, गौरवसिंह पारधी विधायक कटंगी, संजय उइके विधायक बैहर ,राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी, मधु भगत विधायक परसवाड़ा, श्रीमती अनुभा मुंजारे विधायक बालाघाट की उपस्थिति में किया जायेगा।

# सिकन्द्रा माइनर २ से किसानों की फसल को नही मिल रहा पानी

## सूख रही फसल - नहर का माईनर हुआ कई जगह से क्षतिग्रस्त

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज) । ग्राम पंचायत सिकन्द्रा के किसान टूटी नहर के पानी से वंचित है। ग्राम सरपंच द्वारा इस संबंध में दो से तीन बार सिंचाई विभाग को सूचित भी किया गया है। मगर सिंचाई विभाग इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिसकी वजह से सिकन्द्रा माईनर २ से किसानों की खेत में लगी फसल को पानी नही पहुॅच पा रहा है। जिसके कारण से किसान की खेत में लगी धान, गेहूॅ, चना, अलसी की फसल सूख रही है। बताया जा रहा है कि सिकन्द्रा माईनर २ जगह जगह से क्षतग्रस्त भी हो गया है। जिससे किसान के खेत में पानी नही पहॅुच पा रहा है। ऐसे में किसान काफी चिंता में है ओर सिंचाई विभाग से आस लगाये बैठा है कि माईनर नं.२ का जल्द से जल्द रिपेरिंग कार्य विभाग करे।



### माईनर जगह जगह से हुआ क्षतिग्रस्त - बलीराम ठाकरे

पद्मेश को जानकारी देते हुये किसान बलीराम ठाकरे ने बताया कि नहर छूटी जरूर लेकिन खेत तक पानी नही पहॅुचा। हमारे खेत में लगी गेहूॅ की फसल पानी के अभाव में सूख रही है। सिकन्द्रा माईनर नं.२ भी जगह जगह से फूट गया है। जिसकी वजह से हमें पानी नही मिल पा रहा है। हम लोग सिंचाई विभाग भी गये थे मगर अधिकारियों ने भी हमें निराश किया है। तालाब सूख गये है जिसकी वजह से पानी का जल स्तर काफी नीचे चले गया है। अभी तो गर्मी आयी भी नही है मगर जब गर्मी का दौर आयेगा तो हमें पानी की समस्या से जूझना पड़ेगा।

### नहर का नही मिला एक बूंद पानी - गणेश नागेश्वर

इसी तरह किसान गणेश नागेश्वर ने पद्मेश को बताया कि हम लोगों की फसल को नहर का एक बूंद पानी तक नही मिला है। सिकन्द्रा माईनर क्षतिग्रस्त है, हम लोग सिंचाई विभाग भी गये थे मगर अधिकारियों ने हमें सिर्फ कोरा आश्वासन ही दिया है। वे कहते है कि शीघ्र ही इस माईनर का सुधार कार्य होगा मगर अभी तक कोई कार्य नही हुआ है जिसकी वजह से हमारी गेहूॅ व चना की फसल सूख चुकी है। जिससे हम पर आर्थिक संकट आना तय है। हम लोग खेती किसानी के बल पर ही अपने परिवार का लालन पोषण करते है। मगर विभाग द्वारा हम किसानों की किसी प्रकार की सुध नही ली जा रही है।

### २० से २५ किसानों के साथ गया था सिंचाई विभाग - कन्हैया खैरवार

इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये ग्राम सरपंच सिकन्द्रा कन्हैया खैरवार ने बताया कि में स्वयं इस समस्या को लेकर बीते दिनों करीब २०-२५ किसानों को लेकर सिंचाई विभाग गया था। बकायदा मेरे द्वारा आवेदन भी दिया गया की सिकन्द्रा माईनर २ का शीघ्र सुधार कार्य करवाया जाये ताकि उनके खेत तक पानी पहॅुच सके मगर ऐसा होते नही दिख रहा है। दो दिन पूर्व मैने सिंचाई विभाग के अनुविभागीय अधिकारी कोमल गजभिये को पूरे स्पॉट भी दिखाये जहां जहां से नहर क्षतिग्रस्त हुई है। मगर विभाग इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा है। आज हमारे किसानों की फसल सूख रही है। हमारे ग्राम के तालाब सूख चुके है जो नहर के पानी से भरे जाते थे। आगामी समय में हमें पानी के संकट से जूझना पड़ेगा। ग्राम का जलस्तर प्रतिदिन नीचे जा रहा है लेकिन विभाग को इससे कोई सरोकार नही है।

# कीटनाशक दवा के छिड़काव से चने की फसल हुई बर्बाद

## मामला ग्राम सरंडी के किसान भेजनलाल चौहान के खेत का

**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। भारत कृषि प्रधान देश है जहां कृषि विभाग का कार्य किसानों तक विभिन्न योजना का लाभ एवं तकनीकी जानकारी के साथ फसलों को लेकर जागरूक करने का है । किंतु अब किसानों को कृषि विभाग से सलाह भी प्राप्त नहीं हो पा रही है। ऐसा ही एक मामला ग्राम सरंडी में सामने आया है जहां पर भेजनलाल चौहान के खेत में लगी चने की फसल पुरी तरह बर्बाद हो गई है। जिसमें फसल बर्बाद होने का कारण कृषि केंद्र के द्वारा गलत दवा उपलब्ध करवा कर उसका छिड़काव करवाना बताया जा रहा है। जिसमें पीड़ित के द्वारा कृषि विभाग में शिकायत कर मामले में कार्यवाही करने की मांग की गई है। इस मामले में भेजनलाल चौहान की पूरी चने की फसल खराब हो गई है जिसमें उन्हें करीब १५००० रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।**



### यह है मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरंडी निवासी किसान भेजनलाल चौहान के द्वारा रबी की फ सल में अपने खेत की करीब ६५ डिसमिल जमीन में चने की फसल लगाया हुआ था। जहां पर इल्ली कीट चने की फसल को नुकसान पहुंचा रहे थे जिससे फसल को बचाने के लिए किसान के द्वारा वारासिवनी स्थित जय लहरी कृषि केंद्र से फलों पर उपयोग की जाने वाली दवा मांगी गई थी। जिस पर लहरी कृषि केन्द्र के संचालक के द्वारा पानी में घोलकर स्प्रे करने वाली दवा दी गई । जिसे किसान के द्वारा अपने खेत में छिड़काव कर दिया गया इसके बाद फसल अचानक सूखने लगी। जिसकी जानकारी कृषि केन्द्र के संचालक को दी गई जिन्होंने मौका निरीक्षण कर पुन: एक दवा दी । जिसके छिड़काव के बाद भी किसी प्रकार का फसल में सुधार नहीं हुआ। जिससे किसान अपनी फसल को नष्ट ही मानकर कृषि विभाग से मुआवजा देने वहीं लहरी कृषि केंद्र के संचालक पर कार्यवाही करने की मांग कर रहे हैं।

### किसानों को ग्राम सेवक का नहीं मिलता है मार्गदर्शन

शासन के द्वारा किसानों के मार्गदर्शन के लिए कृषि विभाग में ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी के रूप में ग्राम सेवक की तैनाती पंचायत स्तर पर करवाई गई है। परंतु ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम सेवक ग्राम में पंचायत भवन में ही आते हैं और शिविर के दौरान ही मिल पाते हैं । फिर वह कब आते हैं कब जाते हैं इसकी जानकारी नहीं होती है। हर कोई उन्हें जानता पहचानता भी नहीं है ऐसे में वह खेतों की ओर आकर किसानों से मुलाकात भी नहीं करते हैं जिससे उनका मार्गदर्शन नहीं मिल पाता है। हम चाहते हैं कि ऐसी व्यवस्था बनाए जाए की ग्राम सेवक खेतों में आकर किसानों को मार्गदर्शन कर सके। और मार्गदर्शन नहीं मिलने से ही इस प्रकार की खेती में नुकसानी किसानों को उठानी पड़ती है।


### कीटनाशक दवा मारने से चने की फसल सुख गई है- योगेश चौहान

किसान योगेश चौहान ने बताया कि हमने खेत में चने की फसल लगाए थे जिसमें हम फ लों में छिड़काव करने वाली कीटनाशक दवा मांगे थे । कि इल्ली हुई है वह मरे किंतु दवा मारे तो पूरी चने की फसल ही मर गई। ऐसा किसी के साथ नहीं हुआ है मेरे साथ हुआ है हमने ६५ डिसमिल की जमीन में चना लगाया था जहां पर पूरा चना खत्म हो गया। दुकानदार ने चार पंप की दवा दी थी जिसे हमने पांच पंप बनाकर मारा कम अनुपात में छिड़काव किया फिर दुकानदार से बात हुई तो वह खेत देखने आए और दूसरी दवा दिये। जिसके छिड़काव को ६ दिन बीत गया है रिजल्ट नहीं है। हमारे द्वारा दवा जय लहरी कृषि केंद्र से लाई गई थी इसकी शिकायत हमने कृषि विभाग को किया है । ताकि हमें नुकसानी का मुआवजा मिले हमें करीब १५००० से अधिक का नुकसान हुआ है हमारे साथ यह पहली बार हुआ है क्योंकि कृषि विभाग के अधिकारी आते नहीं है।




### किसानों को ग्राम सेवक नही देता है जानकारी- भैयालाल बिसेन

किसान भैयालाल बिसेन ने बताया कि हमारे खेतों में बीमारी लगती है तो पंचायत जाते हैं । ग्राम सेवक वहां रिपोर्ट लेते हैं खेत नहीं आते बताने पर भी नहीं आते और कब आते हैं इसकी कोई जानकारी नहीं है। सुबह हम सभी किसान खेत में रहते हैं अब वह १२ बजे आएंगे तो मिलेगा कौन पटवारी खेत तक आता है ग्राम सेवक दिखता नहीं है। हमारे ग्राम में ग्राम सेवक कोई लेडिस है वह शिविर में मिली थी उसके बाद इधर दिखाई नहीं दी है हम जानते पहचानते भी नहीं है। अब वह ग्राम पंचायत में ही मिलेगी जब वह ग्राम में आते हैं तो किसानों से मिलकर उन्हें मार्गदर्शन देकर मदद करनी चाहिये।



### कृषि केन्द्र संचालक पर हो कार्यवाही- भेजनलाल चौहान

किसान भेजनलाल चौहान ने बताया कि कृषि विभाग वाले आते नहीं दिखते भी नहीं हमने अपने चने की फसल में इल्ली मारने की दवा लिये थे अब कैसी दवा कृषि केन्द्र के संचालक ने दिया तो पता नहीं। चना पूरा मर गया है हमें नुकसानी करीब १०००० से अधिक की हुई है । उसके साथ हमारी मेहनत भी खराब हो गई जिसका हमें मुआवजा मिलना चाहिए और ऐसी दवा देने वाले पर कार्यवाही होनी चाहिए।



### इनका कहना है

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि किसान भेजनलाल चौहान को दवा दी गई थी । और छिड़काव करने का तरीका भी बताया गया था जिसमें उनके द्वारा डोज ज्यादा स्प्रे कर दिया गया है। पंप में पुराना कीटनाशक भी रहा होगा जिसका रिएक्शन हुआ है उनका चना पिल पड़ा है मैंने देखा है।

**रामकृष्ण जमरे**
**संचालक जय लहरी कृषि केंद्र**
**वारासिवनी**

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि ग्रामीण की शिकायत पर मौके का सर्वे कर जांच की जाएगी उसके बाद ही कोई कार्यवाही होगी। इस प्रकार का मामला पहली बार सामने आया है जिसमें मुआवजे के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन लिया जाएगा।

**प्रतिभा पटले**
**वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी**
**वारासिवनी**

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# अगला मोर्चा : भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र

अंतरिक्ष एक समय आखिरी मोर्चा हुआ करता था। लेकिन वहां खोज की बढ़ती गतिविधियों ने इस स्थिति को बदल दिया है। अंतरिक्ष के वित्तीय, सामाजिक-आर्थिक और भू-राजनीतिक निहितार्थों ने अंतरिक्ष से जुड़ी रोमांटिक धारणाओं की जगह ले ली है। अंतरिक्ष से जुड़ी प्रौद्योगिकियां और अंतरिक्ष के उड़ान महंगे एवं जोखिम भरे प्रयास होते हैं जिनमें संलग्न होने के लिए दशकों से सिर्फ राष्ट्रीय एजेंसियां ही उपयुक्त थीं। यह अब सच नहीं रहा क्योंकि निजी क्षेत्र की कंपनियों से बाजार के अवसरों की पहचान तथा तेजी से नवाचार करके पूरक, संवर्द्धन और/या नेतृत्वकारी भूमिका निभाने की अपेक्षा की जा रही है। भारत ने 2020 में राज्य की अगुवाई में होने वाले वाले सुधारों के साथ इस रास्ते पर आगे बढ़ना शुरू किया। इन सुधारों के जरिए उसने अपने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोल दिया और फिर 'भू-स्थानिक दिशानिर्देश' जारी किया। बाद में, 'भारतीय अंतरिक्ष नीति' जारी की गई, जिससे भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) का निर्माण हुआ और दूरसंचार अधिनियम 2023 पारित किया गया, जो अन्य बातों के अलावा भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 से आगे बढ़कर उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवाओं से जुड़े प्रावधान करता है। बीते 21 फरवरी को, सरकार ने 卐उपग्रहों, ग्राउंड सेगमेंट और उपयोगकर्ता सेगमेंट के लिए घटकों और प्रणालियों / उप-प्रणालियों के निर्माण卐 में शत-प्रतिशत - उपग्रह-निर्माण, संचालन एवं डेटा उत्पाद में 74 फीसदी तक; और प्रक्षेपण वाहनों, अंतरिक्ष पोर्ट और उनके संबंधित प्रणालियों में 49 फीसदी तक - प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए दरवाजा खोल दिया। इस प्रकार, लीक से हटकर और स्वचालित रास्तों के जरिए पर्याप्त एफडीआई की इजाजत देकर, सरकार ने अंतरिक्ष नीति में जिक्र की गई महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप राष्ट्रीय अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में निजी अंतरिक्ष उड़ान ऑपरेटरों, प्रौद्योगिकी-विकसित करने वालों और एप्लिकेशन डिजाइनरों के योगदान को बढ़ावा देने का अगला तार्किक कदम उठाया है।

यह फैसला भारत को एक अंतरिक्ष शक्ति के रूप में चीन की ज्यादा उन्नत स्थिति के बराबर पहुंचने के वास्ते अपने बेहतर विदेशी ताल्लुकातों का फायदा उठाने में समर्थ बनाता है। चीन के अंतरिक्ष कार्यक्रम को जहां निजी क्षेत्र की भागीदारी से फायदा मिलता है, वहीं उसकी विदेशी निवेश को आकर्षित करने की क्षमता, अन्य बातों के अलावा, उसकी आक्रामक विदेशी नीतियों और शी जिनपिंग प्रशासन की सेना को आधुनिक बनाने की योजना एवं सैन्य इस्तेमाल के लिए असैनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने से बाधित होती है। यह एक अलग बात है कि अमेरिका सहित कई अन्य देशों ने ऐसी ही नीतियां हैं। इन-स्पेस के अध्यक्ष पवन के. गोयनका के अनुसार, 2021-23 में अंतरिक्ष क्षेत्र द्वारा दुनिया भर से जुटाए गए 37.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का एक 卐महत्वपूर्ण卐 हिस्सा अंतरिक्ष स्टार्ट-अप को चला गया। इस विस्तारित पृष्ठभूमि में, स्टार्ट-अपों की प्रतिभा और पूंजी तक पहुंच में सुधार करके नए निवेश भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में योगदान दे सकते हैं; धारा के अनुकूल (डाउनस्ट्रीम) के मुकाबले ज्यादातर धारा के प्रतिकूल (अपस्ट्रीम) रहने वाले अवसरों के बीच बेहतर संतुलन कायम कर सकते हैं; स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा दे सकते हैं; और निवेशकों के भरोसे को बेहतर कर सकते हैं। अंत में, बदलाव की इन हवाओं को बरकरार रखने के लिए, सरकार को नियामक माहौल को स्पष्ट रखना होगा, लालफीताशाही को कम करना होगा, सार्वजनिक समर्थन बढ़ाना होगा और भारतीय कंपनियों की विदेशी बाजारों तक पहुंच को आसान बनाना होगा।

# नामकरण कौन करे, पंडित या अदालतें ?

आज का शीर्षक और विषय दोनों आपको चौंका सकते हैं,क्योंकि इसमें सियासत नहीं समाज और अदालत है । संस्कृति और वितृष्णा है । प्रेम और सहजता है। कुछ गंभीरता भी है और बहुत कुछ हास्यास्पद भी। दअरसल मामला मामला ममता बनर्जी के बंगाल सूबे में एक शेर-शेरनी के नामकरण का है। इस मामले को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय को दखल देना पड़ा। अब लगता है कि हमारी अदालतें सिर्फ कानून की ही नहीं संस्कृति की भी रक्षक बन गयीं हैं या उन्हें जबरन खामखां के विवादों में उलझाया जाता है।

मामला त्रिपुरा के सिपाहीजाला प्राणी उद्यान के दो शेरों का है । प्राणी उद्यान संचालकों ने शेर का नाम अकबर और शेरनी का नाम सीता रखा था। दोनों को सिलीगुड़ी के बंगाल सफारी पार्क में 12 फरवरी को लाया गया था।धर्म ध्वजाएं लेकर चलनी वाली धर्म की स्वयंभू ठेकेदार विश्व हिंदू परिषद (विहिप) को इस नामकरण से पेट में दर्द हुआ और विहिप कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट पीठ के समक्ष एक याचिका दायर कर अनुरोध किया कि इन जानवरों के नाम बदले जाएं, क्योंकि इससे नागरिकों के एक वर्ग की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस बेतुके मामले को ख़ारिज करने के बजाय प्राणी उद्यान संचालकों को मौखिक रूप से कहा कि शेरनी का नाम सीता और शेर का नाम अकबर रखने से बचना चाहिए था। पश्चिम बंगाल चिड़ियाघर प्राधिकरण इन दो जानवरों के नाम बदलकर विवेकपूर्ण निर्णय ले।

जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने पूछा कि क्या किसी जानवर का नाम देवताओं, पौराणिक नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों या नोबेल पुरस्कार विजेताओं के नाम पर रखा जा सकता है ? उन्होंने मौखिक रूप से कहा कि विवाद टालने के लिए जानवरों के इस तरह के नामकरण से बचना चाहिए था। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल पहले से ही स्कूल में शिक्षकों की भर्ती में कथित घोटाले समेत कई अन्य मुद्दों को लेकर विवादों से घिरा हुआ है । उन्होंने कहा, "इसलिए, विवेकपूर्ण निर्णय लें, इस विवाद से बचें. " जस्टिस ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार के वकील विवाद से बचने के वास्ते चिड़ियाघर अधिकारियों से शेर और शेरनी को अलग-अलग नाम देने के लिए कहें.

कोर्ट ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और हर समुदाय को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है. जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने पूछा, "आपको सीता और अकबर के नाम पर एक शेरनी और एक शेर का नाम रखकर विवाद क्यों खड़ा करना चाहिए.'। उन्होंने कहा कि नागरिकों का एक बड़ा वर्ग सीता की पूजा करता है, जबकि अकबर "एक बहुत ही सफल और धर्मनिरपेक्ष मुगल सम्राट थे." जस्टिस भट्टाचार्य ने कहा कि वह दोनों जानवरों के नामों का समर्थन नहीं करते हैं। राज्य सरकार की ओर से पेश वकील ने दावा किया कि दोनों जानवरों के नाम त्रिपुरा में रखे गये थे, न कि पश्चिम बंगाल में और इसे साबित करने के लिए दस्तावेज उपलब्ध हैं। कोर्ट ने कहा कि यदि नामकरण वहां किया गया है तो त्रिपुरा में चिड़ियाघर प्राधिकरण को मामले में एक पक्षकार बनाया जाना जरूरी है।

सवाल ऐसा है कि जिसका अदालतों से कोई लेना-देना नहीं होना चाहिए । इस देश में नामकरण कोई विचित्र परम्परा है और ऐसा कोई क़ानून नहीं है जो इस परम्परा को रोकता है । हमारे यहां शेर का नाम अकबर और शेरनी का नाम सीता भी हो सकता है और कुत्ते का नाम डर्बिन,तथा कुटिया का नाम दोना भी हो सकता है। मैंने अपने जीवन काल में कम से कम 25 कुत्ते पाले। सबके नाम अलग-अलग थे और किसी का नाम ये सोच कर नहीं रखा कि ऐसा कर किसी की भावनाओं को आहत किया जाये। त्रिपुरा वालों की भी शायद ऐसी कोई मंशा नहीं होगी । शेर का स्वरूप ही ऐसा होगा की देखने वाले के मुंह से अचानक अकबर निकल गया होग। शेरनी में इतनी पाकीजगी दिखी होगी की उसके लिए मुंह से सीता नाम निकला हो।

नाम में क्या रखा है ? विवाद बहुत पुराना है । हमारे यहां नाम में सब कुछ है और कुछ भी नहीं।किसी के लिए कोईई नाम जीवन का आधार भी हो सकता है और किसी के लिए नाम से कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारे गांव में पशु-पक्षियों को तो छोड़िये मनुष्यों के ऐसे नाम सुनने को मिल जायेंगे कि आपका मन या तो खिन्न हो जाएगा या फिर आप नाम सुनकर मुस्करा उठेंगे। आप कल्पना करिये यदि किसी का नाम कलुआ या घसीटा हो तो कैसा लगे ? किसी का नाम लपटा या रमोला हो तो क्या हो ? लेकिन ऐसे नाम होते हैं। हम व्यक्ति का नाम अकबर और सीता रख सकते हैं तो जानवर का क्यों नहीं ?। जानवर अकबर नहीं हो सकता किन्तु मनुष्य हो सकता है। वाह क्या सोच है ?

आपने शायद कभी गौर न किया हो किन्तु एक प्राणी प्रेमी होने के नाते मैंने कुत्तों के नामों पर हमेशा ध्यान दिया । मैंने अपने आस-पड़ौस और इष्ट-मित्रों के यहां पालतू कुत्तों के ऐसे -ऐसे नाम सुने की धन्य हो गय। क्या आप यकीनन करेंगे की कुत्तों के नाम लूना ,चौकीदार ,बेला,मैकस,लयूस। गुलबहार,कूपर,सैडी,आंगन,रॉकी,ओलिवर,क्लो,विंस्टन ,रॉक्सी,ड्यूक या लोला भी हो सकते है। मैंने ज़ीउस,हार्ले,सोफी,भालू,मार्ले,मुरलीवाला,आलू,रिले,जैक,एनी,माणिक और अक्सर नाम के भी पालतू जानवर देखे हैं,उनसे मिला हूँ।

नामों को लेकर पता नहीं क्यों हमारे राजनीतिक दल और संगठन बेहद संवेदनशील है। उनकी संवेदनशीलता व्यवहार में नजर नहीं आती । उनकी भावनाएं छुईमुई की तरह बड़ी जल्दी आहत हो जातीं है। भले ही जिनके नाम का इस्तेमाल किया गया हो उनकी आत्माएं कभी आहत न होती हों।हमारे देश में नामों को लेकर राजनीतिक दल ही नहीं बल्कि सरकारें तक बहुत संवेदनशील है। हमारी केंद्र सरकार पिछले एक दशक में अनेक शहरों और स्टेशनों के नाम बदल चुकी है । स्टेडियमों तक के नाम बदले गए है। हर विचार का राजनीतिक दल ये फालतू के काम करता है।

आपको याद होगा कि एक जमाने में उत्तर प्रदेश में बहन मायावती की सरकार ने तमाम जिलों के नाम बदल दिए थे। बाद में ये परम्परा खूब चली और योगी आदित्यनाथ की सरकार ने भी इलाहाबाद को प्रयाग और बनारस को काशी कर ही दिया । हमारा अच्छा खासा हबीबगंज अब रानी कमलापत रेलवे स्टेशन हो गया है । अब हबीब की आत्मा नाखुश है और रानी कमलापत की प्रसन्न। स्टेडियम का नाम बदलने से सरदार की आत्मा खिन्न है और मोदी जी की प्रसन्न। ये सब चलता आया है और चलता आएगा लेकिन ऐसे मामलों को अदालत कोई दहलीज तक नहीं जाना चाहिए । पर सवाल ये है कि ऐसा होने से रोके कौन ? सरकारें तो खुद नाम-नाम खेलती रहतीं हैं। वे जब कुछ नहीं कर पातीं तो नाम बदल देतीं हैं या फिर किसी भी नाम को चुनकर उसे भारतरत्न बना देती हैं। ये सब लोगों को खुश करने के लिए किया जाता है । ऐसा ही पालतू पशु-पक्षियों के नामकरण के जरिये उन्हें खुश करने के लिए किया जाता है।

अब जिस शेर का नाम अकबर रखा गया है उसे क्या पता की अकबर कौन था और उसका नाम मिलने से उसका कितना मान बढ़ा या घटा ? यही बात शेरनी सीता के बारे में भी लागू होती होगी। अब ये शेर शेरनी मुगलकाल या त्रेता के जमाने के तो होंगे नहीं जो उन्होंने अकबर या सीता को देखा ह। बेचारे निर्दोष हैं और वे भी निर्दोष हैं जिन्होंने इन वन्य प्राणयों को ये नाम दिए। अब ये तो हमारी सरकार ही कर सकती है कि वो आने वाली संसद में नारी शक्ति वंदना या समान नागरिक संहिता की तरह नामकरण करने के लिए भी एक क़ानून बना दे ताकि भविष्य में कोई अपने कुत्ते,तोते,गधे,घोड़े या शेर का नाम अकबर या सीता न रख सके। महाराण प्रताप ने अपने घोड़े का नाम चेतक किसकी सलाह पर रखा था ,ये भी पता किया जाना चाहिए। इस विषय पर पीएचडी की उपाधि हासिल की जा स्कातीहै।

**-राकेश अचल**

# मन चंगा कठौती में गंगा कहावत चरितार्थ की थी गुरु रविदास ने!

एक महान व दिव्य संत हुए है गुरु रविदास, जिनका जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी के निकट सीर गोबर्धनगाँव में हुआ था। इनकी माता कलसा देवी व पिता संतोख दास थे,बहुत ही गरीबी में अपना जीवन यापन करते थे।लेकिन एक सरपंच के रूप में उनकी बहुत ख्याति भी थी।गुरु रविदास का जन्म सन1376-77 के आस पास हुआ था, ऐसा बताते है कुछ लोग सन 1399 में तो कुछ दस्तावेजों के अनुसार संत रविदास ने सन1450 से 1520 के बीच अपना जीवन इस धरा पर बिताया ।

गुरु रविदास के पिता जूते बनाने व पुराने जुते ठीक करने का काम करते थे। रविदास बचपन में बहुत कुशाग्र व भगवान् को मानने वाले एक अच्छे बालक रहे। उन्हें उच्च कुल वालों के कारण हीन भावना का शिकार होना पड़ता था, गुरु रविदास ने समाज को बदलने के लिए अपनी कलम का सहारा लिया, वे अपनी रचनाओं में अच्छे जीवन के बारे में लोगों को समझाते थे।लोगों को शिक्षा भी देते थे कि व्यक्ति को बिना भेदभाव के सबसे अपने समान प्रेम करना चाहिए। रविदास ने गुरु पंडित शारदा नन्द की पाठशाला में शिक्षा प्राप्त की। पंडित शारदा नन्द ने रविदास की प्रतिभा से प्रभावित होकर उन्हें भगवान द्वारा भेजा हुआ एक बच्चा बताया और उन्हें शिक्षा दी। रविदास एक प्रतिभाशाली और मेहनती छात्र थे, उनके गुरु जितना उन्हें पढ़ाते थे, उससे ज्यादा वे अपनी समझ से शिक्षा गृहण कर लेते थे।पंडित शारदा नन्द अपने शिष्य रविदास से बहुत खुश रहते थे, उनके आचरण और प्रतिभा को देख वे सोचा करते थे कि रविदास एक दिन उच्चकोटि का आध्यात्मिक गुरु और महान समाज सुधारक बनेगा।उनके गुरु की यह सोच संत रविदास के प्रतिष्ठित होने पर चरितार्थ भी हुई।

रविदास के साथ पाठशाला में पंडित शारदा नन्द का बेटा भी पढ़ता था, वे दोनों अच्छे मित्र थे। एक बार वे दोनों छुपन छुपाई का खेल रहे थे,रात हो जाने पर बच्चों ने अगले दिन फिर से खेलना तय किया। दुसरे दिन सुबह रविदास खेलने के लिए आ गए लेकिन उनका गुरुभाई मित्र नहीं आया। तब वे उसके घर गए तो पता चला कि रात को उनके मित्र की मृत्यु हो गई थी। यह पता चलते ही शोक में डूबकर रविदास सुन्न हो गए है, तब उनके गुरु शारदा नन्द उन्हें मृत मित्र के पास ले गए रविदास अपने मृत मित्र से कहते है कि ये सोने का समय नहीं है, उठो और मेरे साथ खेलो।यह सुनते ही उनका मृत मित्र पुन: जीवित होकर खड़ा हो गया। जिससे हर कोई अचंभित हो गया ।रविदास जैसे जैसे बड़े हुए भगवान राम के रूप के प्रति उनकी भक्ति बढ़ती गई। वे हमेशा राम, रघुनाथ, राजाराम चन्द्र, कृष्णा, हरी, गोविन्द आदि शब्दो का उपयोग करते थे,जो उनके धार्मिक होने का प्रमाण है।संत

रविदास उस समय की कृष्ण भक्त मीरा बाई के धार्मिक गुरु भी थे। मीरा बाई राजस्थान के राजा की बेटी और चित्तोर की रानी थी। वे रविदास की शिक्षा से बहुत प्रभावित थी और वे रविदास की एक बड़ी अनुयायी बन गई । मीरा बाई ने अपने गुरु के सम्मान में कुछ पक्तियां भी लिखी थी, 'गुरु मिलया रविदास जी..' । मीरा बाई अपने दादा के साथ रविदास से मिलती रहती थी।एक दिन बार संत रविदास अपनी कुटिया में बैठे प्रभु स्मरण के साथ अपना कार्य कर रहे थे, तभी एक ब्राह्मण उनकी कुटिया पर आया और उनसे बोला कि वह गंगा स्नान करने जा रहा है, रास्ते में आपकी कुटिया दिखाई दी तो दर्शन करने चला आया।

रविदास ने कहा कि आप गंगा स्नान करने जा रहे हैं, यह एक मुद्रा है, इसे मेरी तरफ से गंगा मैया को दे देना। ब्राह्मण जब गंगा तट पहुंचा और स्नान करके जैसे ही रुपया गंगा में डालने को उद्यत हुआ तो गंगा नदी में से गंगा मैया ने जल में से अपना हाथ निकालकर वह रुपया ब्राह्मण से ले लिया तथा उसके बदले ब्राह्मण को एक सोने का कंगन दे दिया।ब्राह्मण जब गंगा मैया का दिया कंगन लेकर लौट रहा था तो वह नगर के राजा से मिलने चला गया। ब्राह्मण को विचार आया कि यदि यह कंगन राजा को दे दिया जाए तो राजा बहुत प्रसन्न होगा। उसने वह कंगन राजा को भेंट कर दिया। राजा ने बहुत-सी मुद्राएं देकर उसकी झोली भर दी।

ब्राह्मण अपने घर चला गया। इधर राजा ने वह कंगन अपनी महारानी के हाथ में बहुत प्रेम से पहनाया तो महारानी बहुत खुश हुई और राजा से बोली कि कंगन तो बहुत सुंदर है, परंतु यह क्या एक ही कंगन है, क्या आप ऐसा ही एक और कंगन नहीं मंगा सकते?

राजा ने अपनी रानी को ऐसा ही एक और कंगन मंगवा कर देने का भरोसा दिया। राजा ने उसी ब्राह्मण को खबर भिजवाई कि जैसा कंगन मुझे भेंट किया था वैसा ही एक और कंगन उन्हें तीन दिन में लाकर दो वरना राजा के दंड भोगना पड़ेगा। यह सुनते ही ब्राह्मण के होश उड़ गए। वह पछताने लगा कि मैं व्यर्थ ही राजा के पास गया,अब दूसरा कंगन कहां से लाऊं? वह रविदास की कुटिया पर पहुंचा और उन्हें पूरा वृत्तांत बताया कि गंगा ने आपकी दी हुई मुद्रा स्वीकार करके मुझे एक सोने का कंगन दिया था, वह मैंने राजा को भेंट कर दिया था। अब राजा ने मुझसे वैसा ही कंगन मांगा है, यदि तीन दिन में राजा को दूसरा कंगन नहीं दिया तो राजा उन्हें कठोर दंड देगा।

यह सुन संत रविदास ने अपनी वह कठौती उठाई जिसमें वे चर्म गलाते थे। उसमें जल भरा हुआ था।उन्होंने गंगा मैया का आह्वान कर अपनी कठौती से जल छिड़का तो गंगा मैया प्रकट हो गई।रविदास के आग्रह पर गंगा ने एक और कंगन ब्राह्मण को दे दिया। ब्राह्मण खुश होकर राजा को वह कंगन भेंट करने चला गया, ऐसे थे महान संत थे गुरु रविदास ।

### 'मन चंगा तो कठौती में गंगा'

संत रविदास की यह कहावत बहुत प्रसिद्ध है। इस कहावत के द्वारा संत रविदास मन की पवित्रता पर जोर देते हैं। सन्त रविदास कहते हैं, जिस व्यक्ति का मन पवित्र होता है, उसके बुलाने पर मां गंगा एक कठौती में भी आ जाती हैं।यह बात संत गुरु रविदास ने सिद्ध भी की है।

**-डॉ श्रीगोपाल नारसन**

# जीवन पर्यन्त कुरीतियों का विरोध करते रहे संत रविदास

समस्त भारतीय समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता और भाईचारे की सीख देने वाले 15वीं सदी के महान् समाज सुधारक संत रविदास का जन्म वाराणसी के गोवर्धनपुर गांव में माघ पूर्णिमा के दिन हुआ था। इसीलिए प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा के ही दिन उनकी जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष माघ पूर्णिमा 24 फरवरी को है, इसीलिए इसी दिन संत रविदास जयंती मनाई जा रही है। महान् संत, समाज सुधारक, साधक और कवि रविदास ने जीवन पर्यन्त छुआछूत जैसी कुरीतियों का विरोध करते हुए समाज में फैली तमाम बुराईयों के खिलाफ पुरजोर आवाज उठाई और उन कुरीतियों के खिलाफ निरन्तर कार्य करते रहे। उनका जन्म ऐसे विकट समय में हुआ था, जब समाज में घोर अंधविश्वास, कुप्रथाओं, अन्याय और अत्याचार का बोलबाला था, धार्मिक कट्टपंथता चरम पर थी, मानवता कराह रही थी। उस जमाने में मध्यमवर्गीय समाज के लोग कथित निम्न जातियों के लोगों का शोषण किया करते थे। ऐसे विकट समय में समाज सुधार की बात करना तो दूर की बात, उसके बारे में सोचना भी मुश्किल था लेकिन जूते बनाने का कार्य करने वाले संत रविदास ने आध्यात्मिक ज्ञान अर्जित करने के लिए समाधि, ध्यान और योग के मार्ग को अपनाते हुए असीम ज्ञान प्राप्त किया और अपने इसी ज्ञान के जरिये पीड़ित समाज एवं दीन-दुखियों की सेवा कार्य में जुट गए। उन्होंने अपनी सिद्धियों के जरिये समाज में व्याप्त आडम्बरों, अज्ञानता, झूठ, मक्कारी और अधार्मिकता का भंडाफोड़ करते हुए समाज को जागृत करने और नई दिशा देने का प्रयास किया।

संत रविदास को 'रैदास' के नाम से भी जाना जाता है। वे गंगा मैया के अनन्य भक्त थे। संत रविदास को लेकर 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' कहावत बहुत प्रचलित है। इस कहावत का संबंध संत रविदास की महिमा को परिलक्षित करता है। वे जूते बनाने का कार्य किया करते थे और इस कार्य से उन्हें जो भी कमाई होती, उससे वे संतों की सेवा किया करते और उसके बाद जो कुछ बचता, उसी से परिवार का निर्वाह करते थे। एक दिन रविदास जूते बनाने में व्यस्त थे कि तभी उनके पास एक ब्राह्मण आया और उनसे कहा कि मेरे जूते टूट गए हैं, इन्हें ठीक कर दो। रविदास उनके जूते ठीक करने लगे और उसी दौरान उन्होंने ब्राह्मण से पूछ लिया कि वे कहां जा रहे हैं? ब्राह्मण ने जवाब दिया, "मैं गंगा स्नान करने जा रहा हूं पर चमड़े का काम करने वाले तुम क्या जानो कि इससे कितना पुण्य मिलता है!" इस पर रविदास जी ने कहा कि आप सही कह रहे हैं ब्राह्मण देवता, हम नीच और मलिन लोगों के गंगा स्नान करने से गंगा अपवित्र हो जाएगी। जूते ठीक होने के बाद ब्राह्मण ने उसके बदले उन्हें एक कौड़ी मूल्य देने का प्रयास किया तो संत रविदास ने कहा कि इस कौड़ी को आप मेरी ओर से गंगा मैया को 'रविदास की भेंट' कहकर अर्पित कर देना।

ब्राह्मण गंगाजी पहुंचा और स्नान करने के पश्चात् जैसे ही उसने रविदास द्वारा दी गई मुद्रा यह कहते हुए गंगा में अर्पित करने का प्रयास किया कि गंगा मैया रविदास की यह भेंट स्वीकार करो, तभी जल में से स्वयं गंगा मैया ने अपना हाथ निकालकर ब्राह्मण से वह मुद्रा ले ली और मुद्रा के बदले ब्राह्मण को एक सोने का कंगन देते हुए वह कंगन रविदास को देने का कहा। सोने का रत्न जड़ित अत्यंत सुंदर कंगन देखकर ब्राह्मण के मन में लालच आ गया और उसने विचार किया कि घर पहुंचकर वह यह कंगन अपनी पत्नी को देगा, जिसे पाकर वह बेहद खुश हो जाएगी। पत्नी ने जब वह कंगन देखा तो उसने सुझाव दिया कि क्यों न रत्न जड़ित यह कंगन राजा को भेंट कर दिया जाए, जिसके बदले वे प्रसन्न होकर हमें मालामाल कर देंगे। पत्नी की बात सुनकर ब्राह्मण राजदरबार पहुंचा और कंगन राजा को भेंट किया तो राजा ने ढ़ेर सारी मुद्राएं देकर उसकी झोली भर दी। राजा ने प्रेमपूर्वक वह कंगन अपनी महारानी के हाथ में पहनाया तो महारानी इतना सुंदर कंगन पाकर इतनी खुश हुई कि उसने राजा से दूसरे हाथ के लिए भी वैसे ही कंगन की मांग की।

राजा ने अगले ही दिन ब्राह्मण को दरबार बुलाया और उसे वैसा ही एक और कंगन लाने का आदेश देते हुए कहा कि अगर उसने तीन दिन में कंगन लाकर नहीं दिया तो वह दंड का पात्र बनेगा। राजाज्ञा सुनकर बेचारे ब्राह्मण के होश उड़ गए। वह गहरी सोच में डूब गया कि आखिर दूसरा कंगन वो कहां से लाएगा? उसे जब और कोई रास्ता नहीं सूझा तो उसने निश्चय किया कि वह संत रविदास के पास जाकर उन्हें सारे वाकये की जानकारी देगा कि कैसे गंगा मैया ने स्वयं यह कंगन उसे उन्हें देने के लिए दिया था, जो उसने लोभवश अपने पास रख लिया। अंतत: यही सोचकर वह रविदास जी की कुटिया में जा पहुंचा। रविदास उस समय प्रभु का स्मरण कर रहे थे। ब्राह्मण ने जब उन्हें सारे वृत्तांत की विस्तृत जानकारी दी तो रविदास जी ने उनसे नाराज हुए बगैर कहा कि तुमने मन के लालच के कारण कंगन अपने पास रख लिया, इसका पछतावा मत करो। रही बात राजा को देने के लिए दूसरे कंगन की तो तुम उसकी चिंता भी मत करो, गंगा मैया तुम्हारे मान-सम्मान की रक्षा करेंगी। यह कहते हुए उन्होंने अपनी वह कठौती (चमड़ा भिगोने के लिए पानी से भरा पात्र) उठाई, जिसमें पानी भरा हुआ था और जैसे ही गंगा मैया का आव्हान करते हुए अपनी कठौती से जल छिड़का, गंगा मैया वहां प्रकट हुई और रविदास जी के आग्रह पर उन्होंने रत्न जड़ित एक और कंगन उस ब्राह्मण को दे दिया। इस प्रकार खुश होकर ब्राह्मण राजा को कंगन भेंट करने चला गया और रविदास जी ने उसे अपने बड़प्पन का जरा भी अहसास नहीं होने दिया। ऐसे थे महान संत रविदास जी, जिनकी आज हम जयंती मना रहे हैं।

**- योगेश कुमार गोयल**

# असहमति की मौत: पुतिन के दौर में आज का रुस

रूस के आर्कटिक क्षेत्र में दूरदराज की एक जेल में, विभिन्न आरोपों में 30 साल से ज्यादा की सजा काट रहे एलेक्सी नवेलनी की मौत, व्लादिमीर पुतिन द्वारा निर्मित राज्य में असहमति की स्थिति की डरावनी याद दिलाती है। वर्षों से, नवेलनी क्रेमलिन के सबसे मुखर आलोचक थे। वर्ष 2020 में जहर खुमानी में वह जिंदा बच गये थे और इलाज के लिए उन्हें जर्मनी ले जाया गया था। बाद में वह 'आजादी की लड़ाई' के लिए रूस लौटे, जिसके लिए उन्हें दोबारा कैद में डाल दिया गया। उनकी मौत की वजह अभी तक अज्ञात है। जहर खुमानी की घटना के बाद, वह कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उनके वकीलों ने उन्हें जेल में उचित इलाज नहीं मिलने की शिकायत की थी और वह भूख हड़ताल पर भी गये थे। उनकी पत्नी यूलिया नवेलनाया ने यह कहते हुए कि पुतिन ने 'मेरे पति को मार डाला', उनकी लड़ाई जारी रखने की कसम खायी। उनकी मौत की वजह चाहे जो हो, रूसी राज्य इस त्रासदी से खुद को कभी दोषमुक्त नहीं कर सकता। नवेलनी ने जो राजनीतिक विपक्ष बनाया था, रूसी अधिकारी उसे नेस्तनाबूद करने पर तुले हुए थे। रूस की प्रबंधित प्रणाली में, कुछ विपक्षी दल हैं जिन्हें क्रेमलिन बर्दाश्त करता है और कुछ विरोधी हैं जिनसे राज्य के दुश्मन जैसा सलूक किया जाता है। धुर-दक्षिणपंथी जातीय-राष्ट्रवादी के बतौर अपनी राजनीतिक सक्रियता शुरू करने वाले नवेलनी दूसरी श्रेणी में थे। इस दूसरी श्रेणी में आने वाले एक और विपक्षी राजनेता बोरिस नेमत्सोव की 2015 में मास्को में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

रूस को 24 वर्षों से दरअसल राष्ट्रपति पुतिन ने ही चलाया है और इस साल के चुनाव के जरिए उनकी योजना अपने शासन को और छह साल का विस्तार देने की है। अब उन्हें नवेलनी की ओर से कोई बड़ा राजनीतिक खतरा नहीं है। लेवादा सेंटर जैसे स्वतंत्र सर्वेक्षणों के मुताबिक, पुतिन की स्वीकृति ऊंची बनी हुई है। चुनावी मुकाबले को कसकर प्रबंधित किया गया है ङ्क यूक्रेन युद्ध के आलोचक दो उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है, जबकि पुतिन के प्रतिद्वंद्वी उनके नेतृत्व की वाकई प्रशंसा कर रहे हैं। नवेलनी को दशकों की जेल की सजा सुनायी गयी और संगठित विरोध की कोई गुंजाइश नहीं थी। तब भी, यह तथ्य कि उन्हें जेल में इस तरह मरना पड़ा, बताता है कि असहमति की आवाजों को लेकर राज्य का डर किस हद तक है। नवेलनी के तीन वकील जेल में हैं, जबकि दो अन्य निर्वासन में हैं। नवेलनी को जेल में रखकर, राज्य अपने आलोचकों को यह संदेश देना चाहता था कि सुधर जाओ या नतीजे भुगतो। और नवेलनी ने, जिन्होंने जहर के हमले के बाद भी रूस लौटना चुना, अपनी राजनीतिक सक्रियता की सर्वोच्च कीमत चुकायी। क्रेमलिन अपने हाथों में अधिकाधिक शक्तियां केंद्रित कर रहा है, जबकि देश विदेशी जमीन पर एक लंबा युद्ध लड़ रहा है। राज्य आलोचना की कोई आवाज या संगठित विरोध नहीं चाहता। भले ही उसने अभी डर के जरिए व्यवस्था कायम कर रखी हो, लेकिन रूस का अपना इतिहास बताता है कि शासन का यह मॉडल लंबा टिकने वाला नहीं है।

## इन्दौर सराफा बाजार -

इन्दौर। शुक्रवार को विदेशी बाजारों में बनी सुस्ती से स्थानीय सराफा बाजार में दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार नरमी के रहे। भाव इस प्रकार रहे ः-

चॉंदी (9999) 72250, चॉंदी (99) 72150, टंच 71600, सिक्का 800, सोना 10 ग्राम 63700,

## इन्दौर बाजार भाव -

इन्दौर। लेवाल सुस्त रहने से शुक्रवार को खाद्य तेलों में बाजार सुस्ती के रहे। तिलहनों में सरसो व रायडा बना रहा। दलहनों में चना नरमी पर रहा। किराना जिंसों में कालीमिर्च व लौंग बाजार सुस्ती के रहे।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में लेवाली सुस्त रहने से भावों में नरमी देखी गयी। सोया तेल रिफाइंड मालों में 910-920 रू. प्रति 10 किलो पर सुस्त ही रहा। तिलहनों में सरसो व रायडा बाजार बने रहे। दलहनों में चना लेवाली अभाव में 10-20 रू. प्रति क्विंटल मंदा रहा। तुअर व उड़द में लेवाली से बाजार सुधर गये। उधर, किराना जिंसों में कालीमिर्च व लौंग में पूछपरख के अभाव में सुस्ती रही। भाव इस प्रकार रहे ः-

**किराना** ः- शक्कर 3710-3770, खोपरा गोला 115-130, खोपरा बूरा 2450-4450 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 460-480, ऊंझा हल्का 475-500, बेस्ट 580-600, हल्दी निजामाबाद 170-200, सांगली 260-270, साबूदाना हल्का 7300-7500, मीडियम 7500-7700, बेस्ट 7900-8000, सच्चा मोती 7350, सौंफ मोटी 95-125, मीडियम 175-225, बेस्ट 225-250, सौंफ बारिक 350-400, बेस्ट 450, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-690, गरबल 635-655, मटर दाना 700-715, खसखस अनक्लीन 600-1000, क्लीन 1200-1250, दालचीनी 240-245, बेस्ट 250-260, जायफल 580-650, बेस्ट 700, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1900-1950, केसर 145-190, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 810-850, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1850-1900, मीडियम 2100-2300, बोल्ड 2400-2500, एक्ट्रा बोल्ड 2550-2600, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1050-1150, बेस्ट 1200-1450, तरबूज मगज 860-900, काजू (240) 750-825, काजू (320) 700-720, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-630, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 600-650, सिंगापुरी 600-620, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 650-950, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1560-1570, मैदा कट्टा 1590-1600, रवा कट्टा 1670-1680, बेसन 4050 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1400-1450, (160) 1400-1500, (200) 1400-1500, (250) 1650-1750

**तेल** ः- सींगदाना 1500-1520, मुम्बई 1510, राजकोट तेलिया 2350-2360, सोया साल्वेंट 865-870, सोया रिफाइंड 910-915, कपास्या 845, धूलिया 850, कड़ी 850,

**रात की धारणा** ः- गुजरात लुज 1500, मुम्बई पाम 860, मुम्बई सोया 900,

**खली** ः- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1775, देवास-उज्जैन 1775, खंडवा-बुरहानपुर 1750, अकोला 2725 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन** ः- सरसो 6100-6200, रायडा नया 4100-4400, सोयाबीन 4400-4450, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन** ः- चना कांटेवाला बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5900, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 5800-5850, एवरेज 5750-5775, मूंग देशी 9000-9100, पाला 9100-9200, चमकी 9200-9300, नायलोन 9300-9400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 9500-9600, एवरेज 9300-9400, हल्की 8700-8800, तुअर महाराष्ट्र 10100-10300, उड़द बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 9000-9100, शंकर 9200-9400,

**दाल** ः- चना दाल एवरेज 7500-7600, मीडियम 7700-7800, बेस्ट 7900-8000, तुअर दाल सवा नं. 12900-13000, तुअर दाल फूल 13900-14000, तुअर दाल बोल्ड 14900-15000, मसूर दाल एवरेज 7400-7500, बेस्ट 7600-7700, मूंग दाल 10600-10700, बोल्ड 10800-10900, मूंग मोगर 11200-11300, बोल्ड 11400-11500, उड़द दाल 10800-10900, बोल्ड 10000-11100, मोगर 11200-11300, बोल्ड 11400-11500,

**अनाज** ः- गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200, (147) 2250-2300, बेस्ट 2300-2350, लोकवन 2500-2550, बेस्ट 2550-2600, चन्द्रोसी 3100-3800, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2150-2200, गज्जर 2100-2150,

**चावल** ः- चावल हंसा सफेद 2500-2700, सेला 2900-3100, परमल 2800-3000, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9000, मीनी दुबार 7500-8000, मोगरा 4200-6500, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4300-4800,

**मावा** - इन्दौर 300, उज्जैन 240, रतलाम 230 रू. प्रति किलो।

## कृषि कर्ज जनवरी तक 20 लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली । पीएम नरेन्द्र मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में कृषि क्षेत्र में बैंक कर्ज तेजी से बढ़ गया है। बैंकों ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जनवरी के दौरान 20.39 लाख करोड़ रुपए कर्ज का वितरण किया है, जबकि पूरे 2013-14 में किसानों को 7.3 लाख करोड़ रुपए का कर्ज दिया गया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में कृषि ऋण लक्ष्य 20 लाख करोड़ रुपए निर्धारित किया था। बैंक पहले ही लक्ष्य पार कर चुके हैं और इस वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 22 लाख करोड़ रुपए को पार कर सकता है। कृषि मंत्रालय ने किसानों को सालाना 7 प्रतिशत के कम ब्याज पर कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए 3 लाख रुपए तक के अल्पकालिक फसल कर्ज को लेकर ब्याज छूट योजना लागू की हुई है।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधानी बरतने के लिए रहेगा। विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा पर पूरा जोर रहेगा और संतान पक्ष की ओर से आपको कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको जल्दबाजी में काम करने से बचना होगा। भावनात्मक मामले में आप बेहतर बनेंगे। आप अपने धन का कुछ हिस्सा दान-पुण्य के कार्य में भी लगाएंगे, जिससे आपकी छवि और निखरेगी।

वृषभ राशि- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपकी किसी डील को फाइनल करने के लिए यदि आप लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, तो वह फाइनल हो सकती है। आपको बड़ों का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा, लेकिन आप किसी काम को लेकर अपनी मनमर्जी ना चलाएं और पारिवारिक मामलों में आप सोच समझ से कोई फैसला लें। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए आलस्य को त्यागकर आगे बढ़ने के लिए रहेगा, तभी आप अपने कामों को समय से कर पाएंगे। बंधुत्व की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप महत्वपूर्ण जानकारी भी आसानी से जुटा पाएंगे और कार्यक्षेत्र में भी आप कुछ नए लोगों को शामिल कर सकते हैं, लेकिन आप अपने कामों में जिम्मेदारी दिखाएं। उनमें ढील ना बरतें, नहीं तो आपको कोई नुकसान होने की संभावना है।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए सुख समृद्धि बढ़ाने वाला रहेगा। आपको कारोबार में तेजी देखने को मिलेगी और संतान के संस्कारों और परंपराओं को बल मिलेगा। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी। आप रक्त संबंधी रिश्तों को जोड़ने में कामयाब रहेंगे। आपके घर किसी भव्य आयोजन के होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

सिंह राशि- आज के दिन आप कुछ नए संपर्कों से लाभ उठाएंगे। आप कार्यक्षेत्र में अपनी सोच में सकारात्मकता बनाए रखें और आपके मान सम्मान में वृद्धि होने से आप प्रसन्न रहेंगे। आप किसी घर, मकान या फिर दुकान आदि की खरीदारी भी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपको अपने निजी मामलों में किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह मशवरा करने से बचना होगा, नहीं तो वह आपको कोई गलत सलाह दे सकते हैं।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। दान धर्म के कार्य में आपकी पूरी रुचि रहेगी। आप अपने मामलों में सजगता से आगे बढ़े, तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आप किसी बड़े निवेश को करने से पहले सोच विचार अवश्य करें। आप अपने घर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं, जिसमें रिश्तेदारों में किसी परिजन के आने की संभावना बनती दिख रही है।

तुला राशि- आज का दिन एक से अधिक स्रोतों से आय दिलाने वाला रहेगा। विभिन्न योजनाओं में आप आगे बढ़ेंगे और लाभ के प्रयासों में तेजी आएगी। व्यावसायिक गतिविधियां बेहतर रहेंगी। व्यापार में आपको एक अच्छा उछाल देखने को मिलेगा, जिससे आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, जो जातक प्रॉपर्टी डीलिंग में निवेश करते हैं, उन्हें किसी बड़ी दिल को फाइनल करने का मौका मिल सकता है।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। आप अपने अनुभवों का लाभ उठाएंगे और व्यावसायिक गतिविधियां भी पहले से बेहतर रहेंगी। आपको किसी शुभ मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आप अपने लक्ष्य को पूरा करने से पीछे नहीं हटेंगे और आपकी पद प्रतिष्ठा बढ़ने से आपको खुशी होगी।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप कार्यक्षेत्र में अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे और परिजनों का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। विद्यार्थियों को शिक्षा में आ रही समस्याओं को लेकर अपने सीनियर से बातचीत करनी होगी। यदि आपने किसी काम को भाग्य के भरोसे किया, तो उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

मकर राशि- आज का दिन जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आपको बड़ों की बातों को सुनना और समझना होगा। बिजनेस में यदि आपको किसी निवेश संबंधी योजना के बारे में बताएं, तो आप उसमें धन लगाने से बचें। अपने जरूरी कामों को कल के भरोसे ना छोड़ें, नहीं तो उन्हें पूरा करने में समस्या हो सकती है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को मान सम्मान मिलने से उनकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए दांपत्य जीवन में खुशहाली लेकर आएगा। नौकरी में कार्यरत लोग टीमवर्क के जरिए किसी काम को आसानी से पूरा कर पाएंगे। कोई बड़ी उपलब्धि आपको हासिल हो सकती है।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप किसी के बहकावे में आकर कोई निर्णय लेने से बचें और यदि आपने किसी काम की पहल की, तो बाद में वह आपके लिए नुकसानदायक रहेगी। आप अपनी मेहनत से कार्यक्षेत्र में एक अच्छा मुकाम हासिल करने में कामयाब रहेंगे।

## शब्दजाल - 7459

शब्दजाल में रणजी ट्रॉफी में तिहरा शतक बनाने वाले 10 नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | गु | क | वि |
| दी | नी | सू | ह | का | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | गा | ल | क | वा | ह | ह | व | म |
| व | ज | न | ष | व | म | डे | डी. | म्म | सी | चें |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| ने | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | ब | ला | ज | र | सौ | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | ने | जे. | र | र |
| गि | ल | च | त्त | र | ट | क | वें | न | गां | थ |
| या | र | म | न | लां | बा | इ | र | म्हे | ह | धी |

विजय मर्चेंट, सुनील गावस्कर, रमन लांबा, संजय मांजरेकर, गुल मोहम्मद, विजय हजारे, वसीम जाफर, दिनेश मोंगिया, अजीत वाडेकर, डी. जे. गांधी

### शब्दजाल - 7458 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**24 फरवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

**शनिवार** 2024 वर्ष का 55 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** माघ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पूर्णिमा 18.00 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 22.21 बजे को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 13.34 बजे को समाप्त।
**करण** बव 18.00 बजे तदनन्तर बालव 06.18 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 14.1 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 09° 44'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871899
**जूलियन दिन** 2460364.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सावान **तारीख** 13
**विशेष** माघ पूर्णिमा, पूर्णिमा उपवास, मासी मागम, गुरु रविदास जयंती, ललिता जयंती।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.29 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मेष | 08.59 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 10.39 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.37 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 14.51 बजे से |
| शुक्र | मकर में | सिंह | 17.07 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 19.19 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 21.30 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.44 ब.से |
| | | धनु | 02.00 बजे से |
| | | मकर | 04.06 बजे से |
| | | कुंभ | 05.52 बजे से |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6403

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, शबाना आजमी की फिल्म-३
२. देवआनंद, वहीदा रहमान की 'रंगीला रे तेरे रंग में' गीत वाली फिल्म-२,३
३. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफ ताब, लिसा रे की फिल्म-३
४. फिल्म 'रफूचक्कर' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२,२
५. फिल्म 'छैला बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी?-३
९. अमिताभ, रितिक, प्रीती जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-३
१३. किशोर कुमार, चॉंद उस्मानी की 'छोटा सा घर होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, टिवंकल की फिल्म-२
१५. फरदीनखान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तेरे प्यार का छाया नशा' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१९. फिल्म 'काश आप हमारे होते' का नायक कौन है?-२
२०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की 'तुम सा नहीं देखा' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'ये लड़की जरा सी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२२. मिथुन चक्रवर्ती, ऋतुपर्णा की 'गोरे रंग का जमाना' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३

**बायें से दायें:-**

१. फरदीन, करीना की अमिताभ बच्चन की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म-२
२. 'चल दरिया में डूब' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा, मुमताज की फिल्म-२,३
६. करणनाथ, मनीषा, नतान्या की 'दिल तो उड़ने लगा' गीत वाली फिल्म-२
७. 'बाहर है प्रॉबलम' गीत वाली अमृता सिंह, अमिताभ, मीनाक्षी की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-३
११. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'गोरी तेरे अंग अंग में' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'बोल बेबी बोल' गीत वाली अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१६. बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'कोई माने या ना माने' गीत वाली फिरोजखान, रेखा की फिल्म-३
१९. देवआनंद, वहीदा की 'है अपना दिल तो आवारा' गीत वाली फिल्म-३,२
२३. 'गिर गया झुमका' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२४. फिल्म 'तीसरी कसम' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. प्राण, नवीन निश्चल, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२७. अजय देवगन, रानी मुखर्जी की 'ना ना मेहंदी ना मुझको लगाना' गीत वाली फिल्म-२,२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6402

Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः रेत का पुल

भारद्वाज ऋषि के पुत्र यवक्रीत को विद्यार्जन में रुचि नहीं थी। इसलिए वह अध्ययन से दूर रहे पर बाद में उन्हें अहसास हुआ कि अशिक्षित होने और शास्त्रों का ज्ञान नहीं होने के कारण समाज में उनका सम्मान नहीं होता। लेकिन चूंकि उनकी उम्र ज्यादा हो चुकी थी, विधिवत शिक्षा ग्रहण करने का समय निकल चुका था, इसलिए उन्होंने सोचा कि क्यों न देवताओं की तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया जाए और वरदान मांग कर सारी विद्याएं प्राप्त कर ली जाएं। वह गंगा किनारे भगवान को खुश करने के लिए ध्यानमग्न हो गए। भगवान इंद्र उनके मन की बात समझ गए। एक दिन वह साधु का वेश धारण करके वहां आए और दोनों हाथों से रेत उठा कर पानी में डालने लगे। थोड़ी देर में यवक्रीत की आंखें खुलीं। उन्होंने साधु को पानी में बालू डालते देख कर पूछा, 'आप यह क्या कर रहे हैं?' साधु ने कहा, 'गंगा के ऊपर पुल बना रहा हूं।' यवक्रीत ने कहा, 'आप तो बड़े ज्ञानी लगते हैं लेकिन यह मूर्खता वाला काम क्यों कर रहे हैं। कहीं बालू से पुल बनता है। बालू तो पानी में गिरते ही उसमें घुल जाता है।' यह सुन कर साधु ने कहा, 'यदि बिना पढ़े-लिखे ज्ञान मिल सकता है तो बालू से पुल क्यों नहीं बन सकता। अगर तपस्या करने से ही ज्ञान मिलता तो फिर पढ़ने- लिखने का कष्ट कौन उठाता। सभी आप की तरह तपस्या करके भगवान को खुश करके ज्ञान का वर मांग लेते।' यह सुन कर यवक्रीत सोच में पड़ गए। उन्होंने कहा, 'पर इतनी ज्यादा उम्र में पढ़ाई कौन करता है।' साधु ने कहा, 'वत्स, ज्ञान प्राप्त करने की कोई उम्र सीमा नहीं होती। यदि आप संकल्प कर लोगे तो अब भी अपने पिता के समान महान ज्ञानी बन सकते हो।' यवक्रीत ने कहा, 'आप ठीक कह रहे हैं। अब मैं अध्ययन करूंगा।' बाद में यवक्रीत महान विद्वान बने और तपोदत्त के नाम से जाने गए।

## सूडोकु नवताल- 6712

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6711 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## शब्द पहेली - 7927

**बाएँ से दाएँ**

1. पाबंदी, संयम, पाश-3
3. मनुष्य, इंसान-3
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. नलका, टूंटी
8. प्रलय, महासंकट-4
11. दही से बना खाद्य पदार्थ-3
13. निर्माण, निर्मिती-3
14. हुनर, आर्ट-2
15. उम्मीद, आशा-2
16. खाना बनाना-3
18. असफल, अनुतीर्ण-3
20. आभास, भास-3
22. वध-2
24. जी, इच्छा, चित-2
25. सब्जी का सड़ना, बर्फ का पिघलना-3
26. याद करना-3

**ऊपर से नीचे**

1. हड़ताल, स्थिर, रुका हुआ-2
2. लवण -3
3. विश्राम, राहत-3
4. मछली, मत्स्य, राशि चक्र की एक राशि-2
5. बूंद-3
7. शरमाना-3
9. दोस्त, मित्र-2
10. बहुत प्यासा होना-4
12. एकटक निहारना-3
16. शरण, आश्रय-3
17. सम्मान-2
19. चिंतन-3
20. मकान, इमारत-3
21. कमी, थोड़ा-3
23. तज देना-2
24. इंकार, मनाही-2

### शब्द पहेली -7926 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | भ | | न | र | म | | मा | त |
| म | | शा | म | | द | म | | प |
| क | न | क | | ज | | ना | प | ना |
| | मा | | ख | न | क | | र | |
| रा | ज | दा | र | | स | रो | व | र |
| | गा | | ल | गा | म | | रि | |
| र | ह | न | | ल | | मि | श | न |
| म | | ख | त | | पा | त्र | | जा |
| ल | य | | वा | च | क | | ता | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद

मुम्बई । घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी रहने से आई है। इसके अलावा वित्तीय शेयरों में मुनाफावसूली से भी बाजार गिरा है। व्यापक बाजारों में बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.15 फीसदी और 0.53 फीसदी की बढ़त दर्ज की गयी। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सूचकांक सेंसेक्स 15.44 अंक करीब 0.02 फीसदी टूटकर 73,142.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज 73,022.00 और 73,413.93 के बीच कारोबार करता दिखा।

वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) निफ्टी भी 4.75 अंक तकरीबन 0.02 फीसदी नीचे आकर दिन के अंत में 22,212.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी आज 22,186.10 और 22,297.50 के बीच करोबार करता दिखा। इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स 93.93 अंक की बढ़त के साथ 73,253.72 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी में 34.05 अंक की बढ़त के साथ 22247 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इससे पहले बीएसई सेंसेक्स पिछले बंद भाव 72,623.09 अंक के मुकाबले 72,677.51 पर खुला और कारोबार के दौरान 73,256.39 के उच्च और 72,081.36 के निचले स्तर तक गया। भारी उतार-चढ़ाव के बाद सेंसेक्स 0.74 फीसदी और 535.15 अंक के उछाल के साथ 73,158.24 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 162.40 अंक की तेजी के साथ 22,217.45 अंक पर बंद हुआ। वहीं अमेरिकी बाजारों में शानदार तेजी दर्ज की गई। 450 अंक उछलकर डाओ पहली बार 39,000 के पार पहुंचा। एसएंडपी 500 और नैस्डेक पर एक साल में सबसे बड़ा इंट्राडे उछाल देखा गया। नैस्डेक पर 3 फीसदी का बड़ा उछाल, 16,000 के पार पहुंचा।

## आइडियाफोर्ज अमेरिकी ड्रोन बाजार में प्रवेश करेगी

वाशिंगटन। भारतीय ड्रोन निर्माता कंपनी आईडियाफोर्ज के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत के ड्रोन उद्योग ने पिछले 10 वर्षों में बड़ी छलांग लगाई है और कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद इसमें तेजी आई है। आइडियाफोर्ज अमेरिकी ड्रोन बाजार में ऐसे समय में प्रवेश कर रही है जब वहां चीन में बने ड्रोन को खरीदने को लेकर अनिच्छा है। अधिकारी ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद से इस क्षेत्र में तेजी आई है। मुझे लगता है कि वैश्विक महामारी से पहले ड्रोन के संबंध में नियम और कानून काफी सख्त थे। इससे पहले वे उपयोग तथा तैनाती के मामले में बहुत अधिक लचीलेपन की अनुमति नहीं देते थे। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी के बाद से प्रौद्योगिकी को अपनाने का रास्ता खुला। अब लोग यथासंभव अधिक से अधिक ड्रोन का इस्तेमाल करना चाहते हैं।

# अपोलो टायर्स की अनूठी पहल, नेट्रैक्स इन्दौर में ले सकेंगे ड्राइव का अनुभव

पीथमपुर/इन्दौर। देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हो रहा है, और सरकार द्वारा साल-दर-साल बढ़ते खर्च के कारण इसे और भी अधिक बढ़ावा मिल रहा है। प्रमुख टायर निर्माता कंपनी अपोलो टायर्स ने इंफ्रास्ट्रक्चर में इस वृद्धि का लाभ उठाते हुए इन्दौर में नेट्रैक्स फैसिलिटी में विशेष रूप से बनाए गए ट्रैक पर ट्रक बस रेडियल सेगमेंट में विशेष रूप से अपनी तकनीकी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए वाहन मालिकों, बि?नस पार्टनर और मीडिया को ड्राइव का अनुभव प्रदान किया।

देश में कमर्शियल वाहन टायरों के लिए यह इस तरह का पहला ड्राइव अनुभव है। यह इन्दौर के नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स (नेट्रैक्स) में आफ्टरमार्केट ग्राहकों और मीडिया के लिए आयोजित किया गया था। ड्राइव का उद्देश्य अपोलो एंडुट्रैक्स रेंज की मजबूती का प्रदर्शन करना था, जिसे ग्राहकों के सुझावों के साथ नए सिरे से विकसित किया गया है। विशेष रूप से तैयार ट्रैक में कीचड़/गड्ढे, गंदगी का ढलान, उबड़-खाबड़, पत्थर और बजरी शामिल थी, इसमें टायरों की अधिकतम टिकाऊपन, उच्च अपटाइम और ग्रिप का परीक्षण किया गया और प्रतिभागियों को एक रोमांचकारी अनुभव दिया।

कंपनी को गर्व है कि टिपर सेगमेंट में अग्रणी वाणिज्यिक वाहन ओईएम (ह्श्वरू) के वे पसंदीदा पार्टनर है और समग्र आधार पर भी इस सेगमेंट में उसकी बाजार हिस्सेदारी सबसे अधिक है। अपोलो टायर्स की एंडुट्रैक्स रेंज में एंडुट्रैक्स एमडी+, एंडुट्रैक्स एमडी और एंडुट्रैक्स एमए शामिल हैं। बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में ऑफ-रोड और ऑन-रोड उपयोगों और कंस्ट्रक्शन मटेरियल के खनन के लिए टिपर ट्रकों में इनका उपयोग किया जाता है।

अपोलो टायर्स लिमिटेड के एशिया पेसेफिक, मिडिल ईस्ट और अफ्रीका (एपीएमईए) के अध्यक्ष, सतीश शर्मा ने कहा, प्रौद्योगिकी और मात्रा के मामले में ट्रक-बस रेडियल सेगमेंट में अग्रणी होने के नाते हम इस अनुभवात्मक ड्राइव का आयोजन कर रहे हैं ताकि ग्राहक विश्वास और भरोसे को और मजबूत बनाया जा सके, साथ ही हमारे उत्पादों के बेहतरीन प्रदर्शन और क्षमता का प्रदर्शन भी किया जा सके। अपोलो एंडुट्रैक्स रेंज रेडियल टायर क्षेत्र में हमारी इंजीनियरिंग क्षमता का प्रमाण है साथ ही सरकार की पहल से तेजी से बढ़ते इन्फ्रा सेगमेंट में इसमें अपार संभावनाएं मौजूद है।

अपोलो एंडुट्रैक्स रेंज के टायरों को नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके टिकाऊपन, माइलेज और कट एवं चिप रेजिस्टेंस के लिए विकसित किया गया है।

# गार्ड ऑफ ऑनर देकर आईटीबीपी जवान संदीप यादव को दी अंतिम विदाई







लांजी(पद्मेश न्यूज)। लांजी निवासी संदीप यादव जो कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) अरूणाचल प्रदेश में पदस्थ था। 22 फरवरी को जब संदीप का शव तिरंगे में लिपटकर आया तो परिजनों सहित समस्त आस पड़ोस का माहौल गमगीन हो गया हर एक की आंखे नम थी की हमारा जवान हमारा बेटा जो कि कभी कभी छुट्टीयों मे घर आता था वो आज तिरंगे में लिपटकर आया है। दूसरी ओर एक गर्व भी था की देश के लिये मर मिटने वाले संदीप को मौत भी आई तो तिरंगे में लिपटी हुई। बतादे कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के 10वीं बटालियन में पदस्थ जवान लांजी निवासी पिता स्व. राजवीर सिंह यादव एवं माता सुहागा बाई यादव के बड़े पुत्र संदीप यादव उम्र 35 वर्ष ने जो कि कीनिम अरूणाचल प्रदेश में पदस्थ था। जिनकी मृत्यू अज्ञात कारणों से 19 फरवरी को कैंप में हो गई। आईटीबीपी के अधिकारियों के द्वारा उक्त घटना को संज्ञान में लिया गया संदीप यादव पोस्ट कैंप अरूणाचल प्रदेश मे ही पोस्ट मार्टम करवाकर ससम्मान संदीप यादव के पार्थिव शरीर को एक ताबूत में रखकर तिरंगे झंडे में लिपटाकर 22 फरवरी को लांजी लाया गया। शव के साथ भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) की टुकड़ी भी लांजी पहुंची जहां उन्होने संदीप यादव के शव को परिजनों को सौंपा।

वो इंसान भी क्या भाग्यवान होगा जिसके लिये तिरंगा भी कफन बना होगा। 22 फरवरी को जैसे ही जवान संदीप यादव का शव तिरंगे में लिपटकर लांजी स्थित निवास वार्ड क्रमांक 5 बरेज पट्टी पहुंचा, जहां माँ सुहागा बाई और छोटे भाई संजय यादव का हाल रो रो कर बुरा था। वहीं आस पडोस के लोग एवं संदीप यादव का मित्र मण्डल की भी आंखे नम हो चुकी थी। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित लांजी पुलिस के अधिकारी एवं जवान भी उक्त स्थान पर पहुंच चुके थे तथा संदीप यादव के परिजनों, नाते रिश्तेदारों तथा दोस्तो का ढांढस दिया। उनकी भी आंखे नम थी की संदीप अब हमारे बीच नही रहा।

तिरंगे में लिपटा शरीर हो और उसे गार्ड ऑफ ऑनर मिले इससे बड़ा मरणोपरांत कोई सम्मान नही हो सकता। संदीप यादव को वह सम्मान मिला, 22 फरवरी को सुबह करीब 9 से 10 बजे भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के अधिकारी एवं जवान के द्वारा संदीप यादव के शव का तिरंगे में लपेटकर सशस्त्र हवा में फायरिंग गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और संपूर्ण प्रोटोकॉल के साथ उनके अंतिम यात्रा में शामिल हुये, लांजी पुलिस के अधिकारी एवं जवान के द्वारा भी श्रृद्धांजलि अर्पित की गई साथ ही नाते रिश्तेदारो, मित्र मण्डल के द्वारा भी नम आंखो से जवान संदीप यादव को अंतिम विदाई दी। स्थानीय कोटेश्वर मोक्षधाम में संदीप यादव का ससम्मान अंतिम संस्कार किया गया भाई संजय यादव ने अग्नि दी तो वहीं उपस्थित जनों ने पंचलकड़ी प्रदान कर अश्रुपूर्ण श्रृद्धांजलि अर्पित की गई।

# लोहार विकास मंच ने समारोह पूर्वक मनाया विश्वकर्मा जयंती

लांजी(पद्मेश न्यूज)। श्री विश्वकर्मा आदर्श लोहार विकास मंच लांजी में 22 फरवरी माघ माह की त्रयोदशी को श्री विश्वकर्मा जयंती समारोह का आयोजन बड़ी ही श्रद्धा और भक्ति पूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजन अर्चना किया तथा मंच को संबोधित करते हुये कहा कि जो अत्यंत अल्प संख्यक समाज के कल्याण एवं कार्यक्रम हेतु एक सामुदायिक भवन एवं हमारे आराध्य देवी मां राजराजेश्वरी और श्री विश्वकर्मा जी का मंदिर निर्माण जल्द ही प्रस्तावित करेंगे। इस कार्यक्रम में उपस्थित लांजी ब्लॉक के समस्त पदाधिकारी, स्वजातीय बंधु एवं हमारे मार्ग दर्शक बुधराम सोनवाने, परसराम सोनवाने दुलापुर, तेजराम शेंडे डोंगरगांव, रोशन बागड़े डोंगरगांव, हीरालाल सोनटक्के करेजा, कार्तिकश्याम बावने बोरी, चैतराम सोनवाने कालीमाटी, गोविंदराम मुस्कोसरे पीपलगांव, छबीलाल विश्वकर्मा बिसोनी, चैनलाल मुस्कोसरे निमटोला, साहूलाल मुस्कोसरे बोलेगाँव, ज्ञानीराम मेश्राम पैसेरा, पूरनलाल पगबंधे अंधियाटोला, राजेश कुमार सोनवाने कालीमाटी एवं जिले के समस्त लोहार समाज के मेधावी छात्र- छात्राएं सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम का सफल संचालन महेंद्र सोनवाने, महेश सोनवाने एवं किरनापुर के जिला प्रवक्ता देवेन्द्र उके, कार्यक्रम का उद्बोधन जिला संरक्षक मंडल से सुकदेव विश्वकर्मा, जगराम विश्वकर्मा एवं जिला अध्यक्ष अशोक वानेकर समस्त संरक्षक और जिले, ब्लॉक से सभी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष और महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सरिता चापेकर इन सभी ने समाज कल्याण और समाज को एकत्र होने का संदेश दिया और एक जुटता का परिचय देते हुए नारी शक्ति को जागृत करने आव्हान किया। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष अशोक वाणेकर ने समस्त मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित कर समाज कल्याण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राम कथा की सुंदर प्रस्तुती ग्राम चरेगांव के रोशन विश्वकर्मा एवं उनकी पुत्री चंन्द्रशीखा द्वारा दी गई जिसे सभी उपस्थित जनो ने खुब सराहा। इस विश्वकर्मा जयंती समारोह का अंतिम उद्बोधन एवं आभार व्यक्त लांजी ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सोनवाने द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष दिनेश सोनवाने, ओंकारलाल गेडाम, कोषाध्यक्ष व सचिव महेश सोनवाने का मुख्य योगदान रहा ।





# छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का किया अनावरण


लांजी(पद्मेश न्यूज)। क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लाड़सा में 23 फरवरी को प्रगतिशील कुनबी समाज एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से शिवाजी चौक लाड़सा में स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम पूर्व विधायक सुश्री हिना कावरे, जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल, जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र खोंगल, जनपद सदस्य नीलकंठ ठाकरे, सरपंच श्रीमती गीताबाई कालबेले, उपसरपंच राधेश्याम नखाते के आतिथ्य में प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमा



अनावरण पूजन कार्यक्रम विधि-विधान से पंडित रवीन्द्र दुबे खर्रेगांव के द्वारा संपन्न कराया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत प्रातः 8 बजे शिवाजी महाराज जी की जीवंत झांकी निकालकर ग्राम का भ्रमण किया गया। मंचीय कार्यक्रम दोपहर 1 बजे प्रारंभ हुआ जहां उपस्थित उक्त सभी अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा बारी-बारी से कार्यक्रम को संबोधित किया गया तथा मराठा साम्राज्य के सम्राट शिवाजी महाराज के विषय में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि कैसे मुगलो से लोहा लेकर हमारे देश की आजादी में शिवाजी महाराज का प्रमुख योगदान रहा है। शिवाजी महाराज भारत वर्ष का गौरव है जिनके मार्गो पर हमे चलना चाहिये और इनके पदचिन्हों को हमे अनुग्रहित करना चाहिये। इस दौरान रूपचंद रावते, रेवाजी करहाटकरे, श्रीमती रीता रावते, भोजराज देशमुख, गोरेलाल नखाते, दयाराम भगत, श्रीराम कामड़े, श्याम कालबेले, भाऊलाल बोरकर, बलिराम दोलारे मुर्तिकार, आयोजक समिति प्रगतिशील कुनबी समाज एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन के पश्चात महाप्रसाद का आयोजन किया गया।

# सी एम राइज स्कूल बोलेगांव में मनाया गया स्काउट गाइड दिवस

लांजी(पद्मेश न्यूज)। सी एम राइज हायर सेकेण्डरी स्कूल बोलेगांव लांजी में 22 फरवरी को स्काउट गाइड दिवस मनाया गया। लार्ड बैडेन पावेल के जन्म दिन के अवसर पर स्काउट गाइड दिवस मनाया जाता हैं। लार्ड पावेल जिनका पूरा नाम राबर्ट स्टिफैंस स्मिथ बैडन पावेल था, इनका जन्म 22 फरवरी,1857 को लंदन में रेवरेंड प्रोफेसर हरबर्ट जोर्ज बैडेन पावेल के घर हुआ था। इन्हे स्काउट गाइड के जन्मदाता के रूप में जाना जाता हैं। विद्यालय में संस्था प्रमुख प्राचार्य बी आर गुरदे की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था में स्काउट गाइड मास्टर रविप्रकाश शहारे के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने ग्राउंड में परेड किया। तत्पश्चात स्काउट गाइड मास्टर के द्वारा स्काउट गाइड ध्वजा फहराया गया तथा ध्वजा को सलामी दे कर स्काउट गाइड गान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती एवं लार्ड बैडन पावेल के छायाचित्र पर पुष्प माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं ने पिरामिड बनाते हुए अपनी प्रस्तुति दी। स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं ने कम समय में कैंप का निर्माण किया। स्काउट गाइड हमेशा तैयार रहते हैं, आपदा से निपटने के लिए, लोगो को सहायता पहुंचाने के लिए। स्काउट गाइड कैंप का गणमान्य अतिथि, विद्यालय स्टॉफ एवं छात्र छात्राओं ने अवलोकन किया। इस कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य बी आर गुरदे, उप प्राचार्य प्रवीणचंद्र साहू एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं रमेशचंद्र धारणे प्रधान पाठक, चंद्रकला घरते प्रधान पाठिका, दुर्गा हरडे प्रधान पाठिका, एल सी घोरमारे, सरोज कुमार पटले, संजय कुमार मेश्राम, एफ एल रिन्हायत, मुकेश पांचे, युवराज कुशले, कैलाश वैरागड़े, रविप्रकाश शहारे, गोपाल कृष्ण तुरकर, सत्यप्रकाश डहरवाल, बुद्धवर्धन उके, रत्नाकर गणवीर, सुरेश मेश्राम, नंदकिशोर बाहेश्वर, रोशन लाल खोबरागड़े, उषा नगपुरे, अनिता बिसेन, विमलेश्वरी उइके, ममता पिल्लारे, चंचला मेश्राम, प्रहलाद गोखले एवं सहायक स्टॉफ और समस्त छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।




**बेचना है**
बालाघाट में माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त DCA एवं PGDCA की केवल मान्यता (सामान नहीं) बेचना है
कीमत 5 लाख रूपये
इच्छुक लोग संपर्क करें
9981090413

**दुकान किराये से देना है**
संपर्क करें- कैलाश साहू
जे.के.प्रिंटर्स, गौली मोहल्ला
वार्ड नं. 15, बालाघाट, मो.9425140128

**प्लॉट बेचना है**
गोंगलई मे गोंदिया रोड़ से लगा हुआ प.ह.नं. 19 मे रकबा 0.0023 हे. 39म 65X2535 वर्गफीट डायवर्सन युक्त प्लॉट बेचना है।
संपर्क करें 9993754780

**लांजी में ''पद्मेश''**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

**भानेगांव में ''पद्मेश''**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

**बोलेगांव में ''पद्मेश''**
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927


# कबीर आश्रम भुरसाड़ोगरी में कल दिव्य सत्संग समारोह

लांजी(पद्मेश न्यूज)। कबीर खड़ा बाजार में है, मांगे सबकी खैर। ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बैर इन्हीं पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए सद्गुरु कबीर तपोभूमि आश्रम भुरसाड़ोगरी में कल 25 फरवरी को एक दिवसीय दिव्य सत्संग समारोह का आयोजन साधु संतों की उपस्थिति में होगा है। कार्यक्रम के तहत रविवार सुबह 09 बजे से 10:30 बजे तक शोभा यात्रा एवं सुबह 10:30 बजे से 11 बजे तक ध्वाजारोहण, सुबह 11 बजे से 05 बजे तक दीप प्रज्वलित स्वागत सत्संग प्रवचन आरती, शाम 05 बजे से 07 बजे तक महाप्रसादी (भण्डारा), रात्री 08 बजे से रात्री 11 बजे तक संगीतमय भजन प्रवचन होंगे। उक्त कार्यक्रम राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी किरनापुर के मुख्यातिथ्य में एवं संत धरम साहेब कबीर विज्ञान आश्रम काटी महाराष्ट्, संत ईश्वर साहेब कबीर आश्रम कुमुरदा छ.ग., संत गुरूपद साहेब कबीर आश्रम कलोल गुजरात, संत श्री अनुराग साहेब कबीर आश्रम पाऊलदोना महाराष्ट्र की प्रमुख उपस्थिति में सम्पन्न होगा। आयोजन समिति के संत सुबोध साहेब, साधवी तुलसी बहन ने सभी धर्म प्रेमी जनों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

# टिकाराम (गोकूल) खानोरकर पंचतत्व में विलीन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के मेन रोड़ निवासी एवं अनाज व्यापारी बबलू खानोरकर के चाचा टिकाराम



(गोकूल) खानोरकर का 74 वर्ष की आयु में 23 फरवरी दिन शुक्रवार को प्रात: 07 बजे हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार अपराह्न 03 बजे कोटेश्वर मोक्षधाम में सामाजिक रीति रिवाजों के साथ किया गया। अंतिम संस्कार में नाते रिश्तेदारों, सामाजिक गणों के द्वारा पहुंचकर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं ईश्वर से मृत आत्मा की शांति के लिये तथा इस दुःख की घड़ी में परिवार को संबल प्रदान करने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की।

# सिगोंला, करेगांव में जल संरक्षण के लिए नाले में किया बोरी बंधान

## नशामुक्त ग्राम बनाने ली शपथ





लांजी (पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड लांजी में जिला समन्वयक सुशील बर्मन एवं रुचिका वेश विकासखंड समन्वयक के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था मोस्ट एवं स्पोर्ट एंड स्काउट गाइड आर्गनाइजेशन द्वारा सेक्टर 1 एवं 2 की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से नशामुक्ति एवं जल संरक्षण पर अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी तारतम्य में ग्राम सिगोंला, करेगांव में जल संरक्षण के लिए नाले में बोरी बंधान किया गया और जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों से अपील की गई। इसी क्रम में नशामुक्त ग्राम बनने को लेकर ग्राम कारंजा, पूर्वाटोला, टेकरी, पौसेरा, बेलगांव, कंसुली, घोटी में ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों को बताते हुए ग्राम को पूर्णरूप से नशामुक्त करने के लिए सामुदायिक अभियान चलाकर नशामुक्त ग्राम बनाने के लिए शपथ दिलाई हुई हैं। उक्त कार्यक्रमों में दिनेश लांडे जनपद सदस्य, गणेश बागड़े सरपंच, लवकुश यादव, हेमंत कुमार महोबिया कार्यकर्म समन्वयक, परामर्शदाता संदीप कुमार रामटेककर, नीलेश्वर ठाकरे, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र छात्रा सतीश बसेना, आशीष पाठक, उपदेश रतोने, राकेश रतोने, भूमेश्वर लिल्हारे, दामेश्वर, दुर्गाप्रशाद पटले, रितेश पटले, पिंकी अग्रवाल, मोहित यादव, पंकज रामटेककर, दिव्या चौधरी, सरस्वती यादव, रामेश्वरी ठोमरे, मतुंजय पाँचे, रज्जू यादव, रूहिना शेख, माधुरी अतकरे, प्रेरणा बागड़े, अनिता अंबाडारे, जाग्रति यादव, मनीषा किरमे एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# कलाबाई सोनवाने पंचतत्व में विलीन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। शासकीय महाविद्यालय में पदस्थ प्राचार्य रेवाराम सोनवाने की माताजी कलाबाई पति स्व. नाथूराम जी सोनवाने का 87 वर्ष की आयु में 23 फरवरी को सुबह 4.30 बजे निधन हो गया। आप अपने पीछे चार पुत्र रामेश्वर सोनवाने, चिन्तेश्वर सोनवाने, रेवाराम सोनवाने, बिरेश्वर सोनवाने एवं पांच पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ स्वर्ग सिधार गए। इनका अंतिम संस्कार 23 फरवरी को अपराह्न 3 बजे कोटेश्वर मोक्षधाम में सामाजिक रीति रिवाजो के साथ किया गया। अंतिम संस्कार में नाते रिश्तेदारो, सामाजिक गणों के द्वारा पंहुचकर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं ईश्वर से मृत आत्मा की शांति के लिये तथा इस दुःख की घड़ी में परिवार को संबल प्रदान करने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की।



# सीएम डॉ.मोहन यादव ने सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं से की दूरभाष पर चर्चा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन स्मार्ट सिटी कार्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कमांड एंड कंट्रोल रूम में प्राप्त सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की जानकारी ली और उनके निराकरण की स्थिति भी देखी। इस दौरान उन्होंने रेंडमली चयन कर सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ.यादव को ग्राम पंचायत अजीमाबादपारदी निवासी सुनैना ने बताया कि उनकी बेटी को लाडली लक्ष्मी योजना की राशि प्राप्त नहीं हो रही हैं। उन्होंने सुनैना को आश्वत किया कि शिकायत के निराकरण के साथ ही आपको हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ग्राम पंचायत अक्याजस्सा निवासी नवीन माथु ने बताया कि उनके पिताजी पैरालिसिस की समस्या से पीड़ित है। बैंक द्वारा उनका खाता भी बंद कर दिया गया है जिनसे उन्हें राशि निकालने में समस्या हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने नवीन माथु से कहा कि आपकी समस्या का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव आवेदक नवीन माथु से स्मार्ट सिटी कार्यालय में मिले और विस्तार से उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली। उन्होंने नवीन को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए। सहायता राशि को लेकर नवीन माथु ने मुख्यमंत्री का आभार माना।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल रूम में अन्य विभागों के कार्यों का निरीक्षण किया और कंट्रोल रूम का प्रभावी ढंग से क्रियान्वन करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान विधायक अनिल जैन कालूहेडा, विधायक सतीष मालवीय, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, जिला पंचायत सीईओ मृणाल मीना ,नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक सहित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधी उपस्थित थे।

### किसानों पर दमन के खिलाफ आज काला दिन मनाने के बाद

# 26 को ट्रैक्टर परेड, 14 मार्च को दिल्ली में महापंचायत करेंगे किसान

भोपाल। संयुक्त किसान मोर्चा मध्य प्रदेश, अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त सचिव बादल सरोज ने प्रेस विज्ञप्ती जारी कर कहा कि, संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने शम्भू और खनौरी बॉर्डर पर जारी दमनचक्र की भर्त्सना करते हुए, किसानों पर दमन के खिलाफ और लंबित मांगों को लेकर व्यापक राष्ट्रीय लामबंदी का आह्वान किया है।

देश के साढ़े पांच सौ से अधिक संगठनो के साझे मंच एसकेएम ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर और राज्य के गृह मंत्री अनिल विज के इस्तीफ़े, उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत एफआईआर दर्ज करने, किसानों की हत्या, क्रूर दमन और ट्रैक्टरों को हुए नुकसान की सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से न्यायिक जांच कराने की मांग की है। शुभकरण सिंह के शोक संतप्त परिवार को मुआवजे के रूप में 1 करोड़ रुपये और क्षतिग्रस्त 100 ट्रैक्टरों के मरम्मत के खर्च की भी मांग की है। इन मांगों को लेकर 23 फरवरी को पुतला दहन, मशाल जुलूस के साथ काला दिवस/आक्रोश दिवस देश भर में मनाया गया। एसकेएम के राष्ट्रीय नेतृत्व ने पूर्व एसकेएम सदस्य संगठनों के साथ समन्वय और किसान संघर्ष को तेज करने के लिए मुद्दा आधारित एकता विकसित करने के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन किया गया। यह सभी से बात करके आंदोलन की व्यापकता तथा कार्यवाही के स्वरूपों का निर्धारण करेगी। देशभर के किसान विश्व व्यापार संगठन छोड़ने की मांग को लेकर 26 फरवरी को देश के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर ट्रैक्टर परेड करेंगे। गौरतलब है कि इस दिन डब्लू टी ओ की बैठक शुरू होने वाली है जिसमे भारत की खेती और किसानी के विरुद्ध कई समझौते किये जाने की आशंका है। इन अभियानों के बाद 14 मार्च 2024 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल किसान मजदूर महापंचायत का आयोजित की जायेगी जिसमे लंबित मांगों को पूरा किये जाने के संघर्ष को तेज करने के अलावा देसी और विदेशी कार्पोरेट्स से भारत की कृषि को बचाने के लिए सभी देशभक्त भारतीयों की एकता के निर्माण करने का काम भी हाथ में लिया जाएगा।

# पीएम मोदी ने सभी मंत्रियों से मांगी 100 दिन की कार्ययोजना

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली का अंदाज अलग है। वे टारगेट रखते हैं,रोडमैप तैयार करते फिर उस पर काम करते है। जिसके कारण उन्हे सफलता मिलती है। इसी तरह की अपेक्षा उन्हे अपने मंत्रियों से होती है। वे चाहते हैं कि देशहित में कम से कम समय में ज्यादा से ज्यादा काम हो ताकि भारत एक विकसित देश बन सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कैबिनेट की मीटिंग में अपने सभी मंत्रिमंडल को आगामी 100 दिनों के कार्यक्रम और अगले 5 साल के रोडमैप को तैयार करने के निर्देश दिए हैं। पीएम ने स्पष्ट किया कि मंत्रियों को अपने विचारों, क्रियाओं और योजनाओं को पेश करने का मौका दिया जाएगा, बिना किसी डुप्लीकेट या पुराने सोच के। यह कदम दिखाता है कि सरकार निरंतर विकास और प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। बुधवार को कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। कैबिनेट ने गन्ना खरीद की कीमत में आठ फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है।

कैबिनेट ने गन्ना खरीद की कीमत को 3.5 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 340 रुपये प्रति क्विंटल करने को मंजूरी दी है. इस तरह गन्ने की कीमत 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी है कैबिनेट की मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने बीते 10 सालों से किसान कल्याण के लिए काम किया है। 2014 से पहले किसानों को खाद के लिए भी सड़कों पर उतरना पड़ता था। उस समय गन्ने की कीमत सही नहीं मिलती थी। दो-दो साल इंतजार करना पड़ता था। लेकिन मोदी सरकार ने इस दिशा में बेहतरीन काम किया है। ठाकुर ने कहा कि 2019-20 में 75,854 करोड़ रुपये गन्ना किसानों को मिला है। 2020-21 में 93,011 करोड़ रुपये मिला है। 2021-22 में किसानों को 1.28 लाख करोड़ रुपये मिले हैं। वहीं, 2022-23 में 1.95 लाख करोड़ रुपये मिले हैं।

# सीट शेयरिंग में बनी सहमति- यूपी, दिल्ली, बंगाल सहित असम, मेघालय में बनी सहमति

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव की तारीख का ऐलान हो, इससे पहले इंडिया गठबंधन एकजुटता के रास्ते पर दिखाई दे रहा है। पहले यूपी में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग की घोषणा की गई और फिर दिल्ली में कांग्रेस और आप में सहमति बन गई। अब खबर है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल में कांग्रेस को 2 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऑफर दिया है। वहीं, मेघालय और असम में टीएमसी एक-एक सीट पर चुनाव लड़ सकती है। हालांकि दोनों पार्टियों के बीच मेघालय की तुरा सीट को लेकर बात अटकी हुई है। सूत्रों की माने तो कांग्रेस ये सीट टीएमसी को देने के मूड में नहीं है।

लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में भी सीट बंटवारे को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच बातचीत अंतिम चरण में है और दोनों पक्ष जल्द ही अपने गठबंधन की घोषणा कर सकते हैं। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि दोनों पक्षों ने सीटों के समझौते पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि आप दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली और नयी दिल्ली की सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी जबकि कांग्रेस चांदनी चौक, पूर्वी दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली सीटों पर चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी की सभी सात लोकसभा सीटें वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास हैं। वहीं कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गुजरात और हरियाणा में भी सहमति बन गई है।

# लोकसभा निर्वाचन प्रबंधन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली पहली बैठक

## 25 हजार से अधिक शासकीय मिलकर करेंगे लोकतंत्र महापर्व की तैयारियां


बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। लोकतंत्र के महापर्व आम लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों का दौर शुक्रवार से प्रत्यक्ष रूप से प्रारम्भ हो गया है। इस बड़े प्रबंधकीय कार्य को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने प्रारम्भिक बैठक कर नोडल अधिकारियों द्वारा अब तक किये गए कार्य के आधार पर आगे कौन-कौन से कार्य किस तरह किये जाने है। इन सब मामलों के सम्बंध में निर्देश दिए गए। बडे आयोजन की तैयारियों के लिए मानव संसाधन का कार्य देख रहे जनजाति कार्य विभाग द्वारा डेटा मांगा गया। जिनके अनुसार जिले में 25052 जिला व पुलिस प्रशासन के शासकीय सेवक है। डीईओ डॉ. मिश्रा ने ईवीएम नोडल अधिकारी से अब तक हुई एफएलसी, खराब मशीनों और प्रशिक्षणों में उपयोग में आने वाली मशीनों की जानकारी राजनीतिक दलों को देने के निर्देश दिए है। इसके अलावा राजनीतिक दलों को मशीनों के परिवहन की



जानकारी से भी लगातार अवगत कराया जाएगा। इटीपीबीएस, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने वाले मतदाताओं की जानकारी समय और उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। साथ ही प्रत्येक अधिकारी व शासकीय सेवक के मोबाइल नम्बरों का सत्यापन कराया जाएगा। इसके लिए विभाग प्रमुख से प्रमाण पत्र लिया जाएगा। एफएसटी व एसएसटी दलों द्वारा सीमाओं और अंदर निगरानी की जाती है। एसएसटी के 19 दल व एफएसटी की टीमें दलों को सभाओं व कार्यक्रमों की परमिशन मिलते ही सम्बन्धित स्थलों पर पहुँचेगी और नियमानुसार कार्यवाही करेंगी। मतदाता जागरूकता के लिए कैलेंडर तैयार कर विभिन्न गतिविधियां आयोजित होगी। साथ ही विधानसभा निर्बाचन में जिन गाँवो में कम मतदान हुआ है ऐसे 20-20 गाँवो को चिन्हित कर अलग से कार्य किया जाना प्रस्तावित किया गया है। इसके अलावा कम्युनिकेशन प्लान के लिए शेडो एरिया के लिए मोबाइल का नेटवर्क पुन: जांचा जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डीएस रणदा, एएसपी विजय डावर, संयुक्त कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी केसी ठाकुर, एसडीएम राहुल नायक, सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा सहित सभी नोडल अधिकारी मौजूद रहे।


# दो दिवसीय खेल-कुद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कान्हा टाईगर रिजर्व बफरजोन के अतर्गत वन परिक्षेत्र समनापुर (बफर) के सरईपतेरा में दो दिवसीय ईको विकास समितियों के लिये परिक्षेत्र स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन का गुरुवार को समापन हुआ। यहां मुख?य रूप से कबड्डी और व्हॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन वनपरिक्षेत्र अधिकारी समनापुर श्रीमति सीता जमरा के नेतृत्व में किया गया। जिसमे परिक्षेत्र के अतर्गत आने वाली 16 ईको विकास समितियों की कुल 46 टीमों के खिलाडियों ने अपना प्रदर्शन दिखाया। आदिवासी बैगा बाहुल्य गाँव सरईपतेरा में आयोजित प्रतियोगिता में खास बात यह रही की इस वर्ष भी ग्रामों की महिलाओं ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया जिसमे महिला कबड्डी में विशेष रुचि दिखाते हुये 15 महिला कबड्डी टीमो ने भाग लिया। जिसमें लगभग 120 महिला खिलाड़ियों ने बड-चड़ कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वही 31 टीमे पुरूषों की रही। इस प्रकार ग्रामीण वनांचल के कुल 360 महिला-पुरुषों ने खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लिया।



आयोजित प्रतियोगिताओं में पुरुष कबड्डी विजेता ईको विकास समिति मालुमझोला, उपविजेता ईको विकास समिति देवगाँव तथा व्हालीबॉल विजेता ईको विकास समिति भीमलाट, उपविजेता ईको विकास समिति बंदनिया रही। वहीं महिला कबड्डी विजेता इको विकास समिति बंदनिया तथा उपविजेता ईको विकास समिति देवगाँव रही। खेल के दौरान सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी व्हॉलीवाल जितेन्द्र तेकाम, सर्वश्रेष्ठ खिलाडी कबड्डी पुरुष विश्वजीत मसराम व सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कबड्डी महिला रिंकू तेकाम रहे। खेल-कूद का मुख्य उद्देश्य वनक्षेत्र से लगे ग्रामों के लोगों से समन्वय स्थापित कर वनविभाग से जोड़ना, वनक्षेत्र एवं वन्यप्राणियों के सुरक्षा के प्रति जनजागरुकता लाना ही है। आयोजन के मुख्य अतिथि क्षेत्र संचालक एसके सिंह के द्वारा सभी विजेता उपविजेता टीमों को ट्राफी एवं पुरुस्कार स्वरुप राशि प्रदान की गई। साथ ही समस्त ईको विकास समितियों को व्हालीवाल एवं नेट प्रदाय की गई एवं समस्त ग्रामीणों एवं खिलाडियों से वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा का आव्हान करते हुये वनों, वन्यप्राणियों की सुरक्षा का संदेश भी दिया गया।

# तिरोड़ी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



कटंगी(पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र की मायॅल नगरी तिरोड़ी में सांई वार्षिक उत्सव बेहद धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है. जिसके चलते तिरोड़ी सांई मंदिर में विविध कार्यक्रम आयोजित हो रहे है. शुक्रवार 23 फरवरी को मंदिर समिति की ओर से सरकारी अस्पताल कटंगी के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करवाया गया. जहां ग्रामीणों के अलावा पुलिस कर्मचारियों ने भी पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई. स्वास्थ्य शिविर में डॉ मदन आठ्या, डॉ जे.जे.मेश्राम, डॉ आलोक सूर्यवंशी, डॉ कृष्णकुमार ठाकरे, डॉ श्रद्धा गजभिए, डॉ सुश्री अर्चना उराड़े, सरस्वती खरोले और स्वास्थ्य कर्मचारी ज्योति नागेश्वर, करूणा मालधारी, रीना पटले, अंकिता इड़पाचे, इंदु मेश्राम, महेन्द्र टेम्भरे, कमलेश बिन्झाड़े ने ग्रामीणों की जांच कर दवाओं का वितरण किया. अब आगामी 25 फरवरी को मशहूर भजन गायिका शहनाज अख्तर दुर्गा ग्राउंड में भजन गीतों की प्रस्तुति देगी।

# तिरोड़ी में मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। मायॅल नगरी तिरोड़ी में युवाओं के द्वारा छत्रपती शिवाजी महाराज की 394वीं जयंती बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई. इस मौके पर तिरोड़ी वार्ड क्रमांक 07 छत्रपति शिवाजी चौक में युवाओं ने केक काटकर वितरण किया. इसके पूर्व छत्रपति शिवाजी महाराज जन्मोत्सव के अवसर पर तिरोड़ी में विशाल चल समारोह निकाला गया. जिसमे तिरोड़ी के जनमानस ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. विशाल रैली में युवाओं ने कई हैरतअंगेज करतब दिखाकर सबको मोहित कर दिया. नगर भ्रमण कर रैली पुन: वार्ड नंबर 07 छत्रपति शिवाजी चौक पहुंची. जहां निधि देवांगन और लसीका देवांगन द्वारा केक काटकर शिवाजी महाराज का जन्मोत्सव मनाया. इस मौके पर आयोजन समिति ने महाप्रसाद का भी आयोजन करवाया. गौरतलब हो कि छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती महाराष्ट्र के साथ ही देश के अन्य हिस्सों में भी बड़े धूम धाम से मनाई जाती है. तिरोड़ी में जयंती समारोह को सफल बनाने में पप्पू पटेल, नीरज देवांगन, सानू खोबरागड़े, बिट्टू खोब्रागड़े, मनी सेंदरे, सुकराम, रवि उके, सतेंद्र सेंद्रे, श्रेयश जूनघरे, आयुष मेश्राम, संतोष, सुदामा, दीपक उइके, कृष्णा, यश लुथरा का विशेष योगदान रहा।



# स्पेशल डीजी पुलिस पुरुषोत्तम शर्मा ने ठोकी चुनावी ताल

## मुरैना-श्योपुर लोकसभा से लडेंगे चुनाव

भोपाल। लोकसभा चुनाव 2024 में बहुत कम वक्त रह गया है, इसी के साथ ही चुनावी मैदान में उतरने की चाह रखने वाले लोग भी दावेदारी जताने लगे है, इसी कड़ी में मध्यप्रदेश पुलिस कैडर के सीनियर आईपीएस अधिकारी पुरुषोत्तम शर्मा का वीडियो सामने आया है, जिसमे वो अपनी मजबूत दावेदारी को बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते नजर आ रहे है।



दरअसल ये वीडियो स्पेशल डीजी पुलिस पुरुषोत्तम शर्मा का है, जिन्होंने लोकसभा चुनाव लडने के लिए ताल ठोकी है। वे मुरैना-श्योपुर लोकसभा सीट से चुनाव लडना चाहते है। पुरुषोत्तम शर्मा के लोग लोकसभा क्षेत्र में सर्वे में भी जुट गए है। उन्होंने खुद के सोशल मीडिया पेज पर लोगों से समर्थन भी मांग रहे। खास बात ये है कि वे नौकरी से इस्तीफा दिए बगैर ही चुनाव की तैयारी में जुट गए है।

### लोगों को अपनी भावना जताई

पुरुषोत्तम शर्मा ने एक वीडियो जारी किया है, जिनमें वे कह रहे है कि मेरे मुरैना और शिवपुरी के परिवारजनों आप सभी को मैं दिल से परिणाम करता हूं, मैं अपने इस वीडियो के माध्यम से यह बताना चाहता हूं कि मैंने पूरे क्षेत्र मुरैना और शिवपुरी में अकेले भ्रमण किया और पाया है कि आप सभी का अपार प्रेम मेरे साथ जुड़ा हुआ है। आपकी जो भावना है मेरे जैसे व्यक्तित्व को आप अपना लीडर बनना चाहते हो इसके लिए मैं आपको दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं आज अपने बारे में बताना चाहता हूं कि मैं ग्रामीण परिवेश से निकला हुआ व्यक्ति हूं। मेरे पिता एक किसान और शिक्षक है, मेरी शिक्षा ग्वालियर में हुई है। उसके बाद मेंने इंजीनियरिंग कॉलेज से पढ़ाई की है। ईश्वर की कृपा हुई कि मैंने बहुत कम उम्र में आईपीएस एग्जाम को क्रैक किया और उसमें चयनित हुआ।

### 36 साल से पुलिस विभाग में सेवारत

सेलेक्शन के बाद में मध्य प्रदेश में अपनी सेवाएं 36 साल से दे रहा हूं और पुलिस में डीजीपी का पद सुशोभित कर रहा हूं और जल्दी रिटायर्ड हो रहा हूं और आपकी सेवा के लिए समर्पित हो रहा हूं। इसके बाद आपके सामने रहूंगा। मैंने अपनी सेवा के दौरान इंग्लैंड से एमबीए की पढ़ाई की है जो बहुत उच्च कोटि की है और एलएलबी और एलएलएम भी किया हुआ है। इस तरह शिक्षा मैंने बहुत उच्च दर्जे की प्राप्त कर रखी है। मैं बहुत प्रभावशाली व्यक्तित्व रखता हूं शासन के साथ मैंने मिलकर काम किया है और मैं बहुत नेक नीयत से आपकी सेवा करना चाहता हूं। क्योंकि मेरे दिल में एक सेवक की तमन्ना है। मुझे आप लोगों से केवल प्यार और मोहब्बत चाहिए उसके बदले में मैं आपके साथ चौगुनी ताकत के साथ काम करने के लिए तैयार हूं। मैं कई योजनाओं को अपने दिमाग में रखा हुआ हूं उस पर काम करना चाहता हूं।

### कैलारस की फैक्ट्री पुनर्जीवित हो

उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री ने इंदौर की टेक्सटाइल कंपनी के वर्कर को रुपए दिया है उसी तर्ज पर मैंने कैलारस की बंद पड़ी फैक्ट्री के किसानों के ऋण को लेकर जो मांग उठाई थी। मुख्यमंत्री ने मांग को भी पूरा करने का आश्वासन दिया है। लेकिन अभी यह अधूरी है। मैं चाहता हूं कि कैलारस की फैक्ट्री पुनर्जीवित हो मेरे पास कई ऐसे लोग हैं जो मेरे साथ मिलकर उसे पुनर्जीवित करने के लिए तैयार है। मैं कैलारस की फैक्ट्री को फिर से पुर्नजीवित करके जो किसानों का ऋण बचा हुआ है उसे दिलवा कर आप लोगों के लिए क्षेत्र में बहुत ज्यादा विकास करूंगा और लोगों को नौकरियां दिलवाऊंगा।

### वीडियो में बताई अपनी योजनाएं

जनप्रतिनिधि चुने जाने पर पुरुषोत्तम शर्मा ने पूरा प्लान वीडियो में बताया और यह भी कहा है कि श्योपुर क्षेत्र जो बॉर्डर एरिया है वहां पर नई बटालियन की स्थापित करने के लिए काम करूंगा। मैं मुरैना और श्योपुर में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए समर्पित भाव से रहूंगा ताकि पुलिस अच्छे से कम कर सके। मैं लगातार अपनी योजनाओं को अपनी वीडियो के माध्यम से पहुंचाता रहूंगा आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। गौरतलब है की स्पेशल डीजी पुरुषोत्तम शर्मा और उनसे जुड़े हुए विवाद काफी सुर्खियों में रहे हैं एक बार फिर नौकरी में रहते हुए चुनावी तैयारी के शंखनाद को लेकर पुरुषोत्तम शर्मा चर्चा में आ गए हैं।

# झुग्गी बस्ती गिराने पर मानवाधिकार आयोग देगा नोटिस

## -पीसी शर्मा बोले- 10वीं-12वीं परीक्षा के बीच घर गिरा दिए

भोपाल । भोपाल में झुग्गी बस्ती भदभदा पर बुलडोजर एक्शन के खिलाफ मानवाधिकार आयोग ने नोटिस देने की बात कही है। शुक्रवार को पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने आयोग में शिकायत की। उन्होंने बताया कि आयोग ने संज्ञान लेकर तुरंत नोटिस देने की बात कही है। शर्मा ने कहा कि 10वीं-12वीं की परीक्षा चल रही है। इस बीच घरों पर बुलडोजर चला दिया। लोगों की कनपटी पर बंदूक रखकर घर खाली करने के लिए सहमति ली जा रही है। भोपाल में होटल ताज के सामने भदभदा बस्ती पर बुलडोजर चल रहा है। दो दिन में 139 घर हटा दिए गए हैं। तीसरे दिन शुक्रवार को और घर गिराए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि लोगों से सहमति लेकर उनके घरों को गिराया जा रहा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 386 घरों को हटाने के आदेश दिए थे। कोई हंगामा न हो, इसके लिए पुलिस ने बस्ती से 1 किलोमीटर पहले बैरिकेडिंग कर रास्ता रोक रखा है। पुलिस के 500 जवान तैनात हैं। घरों को तोडने के लिए 10 जेसीबी लगाई गई हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि कार्रवाई अगले दो दिन और चलेगी।

### ऐसा लग रहा है कि युद्ध की स्थिति हो

पीसी शर्मा ने कहा कि बगैर नोटिस के बिजली-पानी कनेक्शन काट दिए। लोगों को सामान नहीं निकालने दिया गया। वहां खाने-पीने की व्यवस्था नहीं है। बाहर से लोग ले जा रहे हैं, तो जाने नहीं दिया जा रहा। ड्रोन लगाकर बताएं कि क्या कार्रवाई कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि युद्ध की स्थिति हो गई है, जिसमें सब तोडफ़ोड़ देते हैं। जिला प्रशासन ने लोगों की सहमति ली है? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि जबरन जगह खाली कराई जा रही है। लोगों को पहले कहा कि हम 2-4 घर तोड़ देंगे, हत्रज्ञ में बता देंगे कि कार्रवाई हो गई है। इस बहाने 2-4 की सहमति ली, बाकी को बंदूक लगाकर दस्तखत करा लिए।

# जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 28 फरवरी को आयोजित

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 28 फरवरी बुधवार को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. हरिशंकर तिवारी के घर पर ईडी ने मारा छापा

गोरखपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने आज शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. हरिशंकर तिवारी के निवास पर छापा मार कार्रवाई की है। धर्मशाला बाजार स्थित पूर्व मंत्री पंडित हरिशंकर तिवारी के घर दिल्ली से ईडी की टीम अलसुबह 5 बजे पहुंची है।

# रुट के शतक से इंग्लैंड ने सात विकेट पर 302 रन बनाये

रांची। अनुभवी बल्लेबाज जो रुट के शानदार शतक 106 रनों की सहायता से इंग्लैंड ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में 7 विकेट पर 302 रन बना लिए थे। दिन का खेल समाप्त होने के समय ओली रॉबिंसन 31 और जो रूट 106 रन बनाकर खेल रहे थे। रूट ने आज अपने करियर का 31वां शतक लगाया। इससे पहले आज सुबह इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। मेहमान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने पहले पांच विकेट 112 रनों पर ही खो दिये। वहीं रूट एक छोर पर जमे रहे और उन्होंने पारी को संभाला। भारत की तरफ से डेब्यू करते हुए आकाश दीप ने 3 विकेट जबकि मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट लिए। अश्विन और जडेजा ने एक-एक विकेट लिया।

इस मैच में मेहमान टीम इंग्लैंड अपना पहला टेस्ट खेल रहे तेज गेंदबाज आकाश दीप का सामना नहीं कर पायी। आकाशदीप ने शुरुआत में ही बेन डकेट को आउट कर टीम को पहला झटका दिया। आकाश ने डकेट को अपना शिकार बनाते हुए विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच करवाया। इसके बाद उन्होंने ओली पोप को शून्य पर ही पेवेलियन भेज दिया। आकाश दीप ने इसके बाद जैक क्रॉली को आउट कर अपना तीसरा विकेट लिया। उन्होंने क्रॉली को बोल्ड कर दिया। क्रॉली ने 6 चौके और एक छक्का लगाकर 42 रन बनाये। वहीं जॉनी बेयरस्टो 38 रन बनाकर अश्विन का शिकार बने। उन्होंने 35 गेंदों पर 4 चौकों और एक छक्के की सहायता से 38 रन बनाए। कप्तान बेन स्टोक्स केवल 3 रन बनाकर रविंद्र जडेजा की गेंद पर आउट हुए। भारतीय टीम की ओर से इस मैच में युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप ने पदार्पण किया। उन्हें कोच राहुल द्रविड़ ने टेस्ट कैप दी। लंच के बाद इंग्लैंड ने अच्छा खेला पर सिराज ने दो विकेट ले लिए। बेन फॉक्स 47 और टॉम हार्टले 13 रन पर आउट हुए।



## ऋषभ की जगह आईपीएल में अभिषेक पोरेल सहित ये क्रिकेटर कर सकते है विकेटकीपिंग

मुम्बई। दिल्ली कैपिटल्स के आक्रामक बल्लेबाज ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 सत्र से खेल में वापसी कर रहे हैं पर वह इस बार विकेटकीपिंग नहीं केवल बल्लेबाज करेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी संकेत दिये हैं कि ऋषभ कप्तान के तौर पर खेलेंगे। शुरुआती मैचों में उन्हें इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर शामिल किया जाएगा। ऐसे में ऋषभ की जगह पर इन पांच खिलाड़ियों में से किसी एक को विकेटकीपर की जिम्मेदारी मिल सकती है। अभिषेक पोरेल, शाई होप, ट्रिस्टन स्टब्स, कुमार कुशाग्र ओर रिकी भुई।

अभिषेक पोरेल के पास घरेलू पिचों पर अच्छा अनुभव है। इससे टीम को लाभ होगा। वहीं वेस्टइंडीज शाई होप सलामी बल्लेबाज भी हैं जबकि दक्षिण अफ्रीकी ट्रिस्टन स्टब्स बीच के ओवरों मे तेजी से खेलते हैं। युवा बल्लेबाज कुमार कुशाग्र भी एक उभरते क्रिकेटर हैं जबकि रिकी भुई के पास अच्छा अनुभव है। उन्होंने ट्वंटी20 लीग के 62 मैचों में 32 की औसत से 1497 रन बनाये हैं। ।

आईपीएल में ऋषभ की वापसी से उनके प्रशंसकों में उत्साह है पर अभी टीम उनपर विकेटकीपिंग का बोझ नहीं डालना चाहती है। वह कार हादसे से उबरकर अब पूरी तरह से फिट हैं। वह क्रिकेट मैदान पर करीब 15 महीने बाद वापसी करेंगे। उन्होंने बेंगलुरु में राष्टीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में फिटनेस हासिल करने के लिए काफी समय लिया है।

## ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को हराया

ऑकलैंड। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 72 रनों से हराकर सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिय की जीत में ट्रैविस हेड और एडम जम्पा की अहम भूमिका रही। हेड ने तेजी से 45 रन बनाये जबकि इसके बाद गेंदबाजी के दौरान जम्पा ने चार विकेट लिए। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 174 रन बनाये। इस प्रकार कीवी टीम को जीत के लिए 175 रनों का लक्ष्य मिला। इसका पीछा करते हुए कीवी टीम 17 ओवर में 102 रनों पर ही सिमट गई।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज फिन ऐलन का विकेट खो दिया। इसके बाद चौथे ओवर में विल यंग भी पांच रन बनाकर आउट हो गये। कप्तान मिचेल सैंटनर भी सात रन बनाकर आउट हुए। केवल ग्लेन फिलिप्स ही 35 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 42 रन बना पाये। मार्क चैपमैन दो रन, जॉश क्लाकर्सन 10 रन, ऐडम मिल्न शून्य, ट्रेंट बोल्ट 16 रन, लॉकी फर्ग्युसन चार रन बनाये। बेन सीयर्स दो रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की टीम के सात बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये।



ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऐडम जम्पा ने चार विकेट लिए। नेथन एलिस को दो विकेट मिले। जॉश हेजलवुड, पैट कमिंस और मिचेल मार्श ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ 100 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले भारतीय बने

रांची। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले ही दिन एक विकेट लेते ही एक अहम उपब्धि अपने नाम कर ली। इसी के साथ ही अश्विन टेस्ट प्रारूप में इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गये। इसके अलावा अश्विन खेल के इतिहास में अपने करियर में 100 विकेट और 1000 से अधिक रन का रिकॉर्ड बनाने वाले विश्व के चौथे खिलाड़ी भी बन गये। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें 42 पारियां लगीं। अश्विन ने यह उपलब्धि पहले सत्र में जॉनी बैरिस्टो का विकेट लेते ही हासिल कर ली।



इंग्लैंड के खिलाफ इससे पहले वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स , ऑस्ट्रेलिया के मोंटी नोबल और ऑस्ट्रेलिया के ही गिफेन ने एक हजार से अधिक रन और सौ से अधिक विकेट लिए हैं।

खेल के इतिहास में केवल जेम्स एंडरसन 145 के नाम अधिक विकेट हैं। अश्विन को इस अहम उलब्धि पर बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बधाई दी है। अश्विन को उनके करियर की एक और उपलब्धि पर बधाई देते हुए शाह ने सोशल मीडिया पर लिखा, एक बार फिर नए रिकॉर्ड स्थापित करते हुए अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ 100 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया है। उनके शानदार प्रदर्शन ने उनकी स्थिति को महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में मजबूत किया है। क्रिकेट इतिहास में स्पिन गेंदबाज। उनकी असाधारण उपलब्धि उनकी प्रतिभा और खेल के प्रति समर्पण को रेखांकित करती है। बधाई हो! यह उपलब्धि अश्विन को गेंदबाजों के एक विशिष्ट समूह में रखती है, अभी सक्रिय खिलाड़ियों में केवल ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन ने ही इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट लिए हैं।

## अल्कराज को इंडियन वेल्स के खिताबी मुकाबले तक फिट होने की उम्मीद

इंडियन वेल्स। स्पेन के टेनिस स्टार कार्लोस अल्कराज को इंडियन वेल्स टूर्नामेंट तक फिट होने की उम्मीद है। उन्हें गत दिवस रियो ओपन में ब्राजील के थियागो मोंटियरो के खिलाफ रियो डी जनेरियो में चोट लग गयी थी। जिसके कारण उन्हें मैच को बीच में ही छोड़ना पड़ा था। अपने पहले मैच में ही चोट से जूझ रहे अल्कराज एक बार फिर नंबर एक बनना चाहते हैं। ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि वो इंडियन वेल्स खिताब का बचाव करने के लिए तय समय तक फिट हो जाएंगे। अल्कराज ने अपने सोशल मीडिया पर चोट में सुधार की जानकारी भी दी है।

इस पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर लिखा, इस चोट के बाद मेरे टखने का एमआरआई हुआ।

## इरफान पठान ने घरेलू क्रिकेट की उपेक्षा करने वालों पर निशाना साधा

नई दिल्ली। पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने घरेलू क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी की उपेक्षा करने वाले क्रिकेटरों पर कटाक्ष किया है। पठान ने कहा कि आजकल कई खिलाड़ी चोट का बहाना बनाकर घरेलू क्रिकेट खेलने से बच रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, घरेलू क्रिकेट में खेलने के लिए अलग-अलग खिलाड़ियों पर अलग नियम लागू होता है। शरीर की देखभाल के नाम पर घरेलू क्रिकेट से अपने को दूर रखना आंखिर कितना सही है।


पठान ने इस दौरान किसी का नाम नहीं लिया पर माना जा रहा है कि उनका संकेत ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों की ओर था जो फिटनेस के नाम पर लंबे समय से घरेलू क्रिकेट से दूर हैं। हार्दिक की घरेलू टीम बड़ौदा भी क्वार्टर फाइनल में पहुंची है पर वह टीम में शामिल नहीं हैं।

## आईपीएल में मुम्बई की कप्तानी करते हुए हार्दिक पर रहेगा उम्मीदों का बोझ- पार्थिव

मुम्बई। पूर्व क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने कहा है कि आईपीएल के 17 सत्र के लिए मुम्बई इंडियंस के कप्तान बने हार्दिक पांड्या की राह इस बार आसान नहीं है। पार्थिव के अनुसार मुम्बई इंडियंस ने उन्हें वह सभी कुछ दिया है जो उन्होंने मांग था। ऐसे में अब उनपर अपने को साबित करने का दबाव होगा। इसका कारण है कि उनपर उम्मीदों का भारी बोझ रहेगा। हार्दिक को मुम्बई ने गुजरात टाइटंस से लिया था। पार्थिव के अनुसार हार्दिक पर वापसी पर अतिरिक्त दबाव होगा। असल में आकाश चोपड़ा ने पार्थिव से पूछा था कि क्या नए कप्तान हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस को आईपीएल ट्रॉफी वापस दिलाने में मदद कर सकते हैं तो उन्होंने कहा कि ट्रॉफी वापस लाना आसान नहीं है पर अगर आप मुंबई टीम को देखें, तो उन्हें इसे वापस लाना चाहिए। यदि आप उनके भारतीय खिलाड़ियों को देखें, तो केवल एक-दो खिलाड़ी ही ऐसे हैं जो अनुभवी नहीं हैं। उनमें से अधिकतर अनुभवी खिलाड़ी हैं और प्रदर्शन कर चुके हैं। इसके अलावा टीम में शामिल विदेशी खिलाड़ी भी उन्हें बहुत सारे विकल्प उपलब्ध कराते हैं। पार्थिव ने कहा कि टीम के नजरिए से हार्दिक को वह सब कुछ दिया गया है जो वह चाहते थे। लेकिन उनकी सबसे बड़ी चुनौती टीम को एक दिशा में एक ईकाई के तौर पर सामूहिक रूप से प्रदर्शन करने में सहायता करना होगा। इसके बिना ट्रॉफी नहीं जीती जा सकती। एमआई का सत्र पंड्या के नेतृत्व कौशल पर निर्भर करेगा। अगर वह टीम को सामूहिक रूप से ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकते हैं, तो वे जीत सकते हैं। पार्थिव ने पंड्या की कप्तानी पर भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बेशक, उनकी कप्तानी एक चर्चा का विषय बन गई है। जिस तरह से उन्होंने गुजरात टीम का नेतृत्व किया और पहले साल चैंपियनशिप जीती वह शानदार था।

## आईपीएल 2024 का कार्यक्रम घोषित, सीएसके और आरसीबी में होगा पहला मुकाबला

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के17 वें सत्र का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसमें शुरुआती मुकाबला गत विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर (आरसीबी) से होगा। सीएसके की कप्तानी महेन्द्र सिंह धोनी के पास ही रहेगी जबकि आरसीबी की कमान फाफ डुप्लेसी संभालेंगे। यह मुकाबला 22 मार्च को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। वहीं पिछले बार की उप विजेता गुजरात टाइटंस का शुरुआती मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। मुंबई की कप्तानी हार्दिक पंड्या करेंगे। यह मुकाबला 24 मार्च को अहमदाबाद में होगा। बीसीसीआई ने आईपीएल 2024 के लिए 17 दिन का पहले सत्र का कार्यक्रम जारी किया है। इसमें 21 मैच होंगे और जिसमें 4 डबल हेडर मैच रहेंगे। वहीं दूसरे सत्र का कार्यक्रम आम चुनावों की तारीखें




सामने आने के बाद घोषित किया जाएगा। पहले सत्र में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीमें पहले डबल हेडर मैच में उतरेंगी। दिन का यह पहला मैच 23 मार्च को मोहाली में खेला जाएगा जबकि दिन के दूसरे मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। वहीं राजस्थान रॉयल्स की टीम सत्र की शुरुआत का अपना पहला मैच लखउन सुपर जॉयंट्स से खेलेगी। पहले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की टीम का एक भी मैच अपने घरेलू मैदान पर नहीं होगा। कैपिटल्स टीम के शुरुआती दो मैच विशाखापत्तनम में रखे गये हैं।

## आकाशदीप ने किया ड्रीम डेब्यू - गावस्कर

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने युवा तेज गेंदबाज आकाशदीप की जमकर सराहना की है। गावस्कर ने कहा कि आकाशदीप के रुप में भारतीय टीम को एक और सितारा मिला है। साथ ही कहा कि आकाशदीप ने जिस प्रकार का प्रदर्शन किया है। उसका सपना हर खिलाड़ी अपने डेब्यू को लेकर देखता है। इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में उतरते ही आकाशदीप भारत के 313वें टेस्ट क्रिकेटर बन गए हैं। आकाशदीप ने अपने पहले ही स्पेल में 3 विकेट लिए। जिसके कारण उन्हें सभी ओर से प्रशंसा मिल रही है। इसी को लेकर गावस्कर ने कहा, 'कोई भी क्रिकेटर जो सपना देखता है, आकाशदीप ने वैसा ही कमाल किया है।'

भारतीय टीम ने इस मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जगह पर आकाशदीप को अंतिम ग्यारह में शामिल किया था। आकाशदीप ने इस अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए अपने पहले ही स्पेल में 3 विकेट लेकर अपने चयन को सही साबित किया। आकाशदीप ने इस मुकाबले में इंग्लैंड की सलामी जोड़ी ओली पोप और बेन डकेट को पेवेलियन भेजा। आकाशदीप ने इसके बाद जैक क्राउली को बोल्ड किया पर ये गेंद नो बाल दे दी गयी। आकाश ने दूसरी बार क्राउली को कोई अवसर नहीं देते हुए एक बार फिर बोल्ड कर पेवेलियन भेजा।

इस मैच में कॉमेंट्री कर रहे गावस्कर ने आकाशदीप की जमकर प्रशंसा की। गावस्कर ने कहा कि ये एक ड्रीम डेब्यू रहा। गावस्कर ने कहा कि 'कोई भी क्रिकेटर जो सपना देखता है, आकाशदीप ने वैसा ही प्रदर्शन किया है। जहां एक बल्लेबाज चाहता है कि वह अपने पहले ही मैच में अर्धशतक या शतक लगाए। वहीं इसी प्रकार हर गेंदबाज विकेट लेना चाहता है।

## टी20 विश्व कप टीजर में नजर आये डी कॉक, शुभमन और स्टोइनिस

दुबई । अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रुप से होने वाले टी20 विश्व कप 2024 का टीजर जारी किया है। ये टीजर सोशल मीडिया पर आते ही जमकर वायरल हुआ है। जिसमें इस टूर्नामेंट के क्रेज को दिखाया गया है. इसमें प्रशंसकों के साथ साथ कुछ खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। बता दें कि इस टूर्नामेंट की शुरुआत 2 जून से होगी। तो वहीं भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 5 जून को खेलेगी। आईसीसी के इस नए टीजर में दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक, भारत के शुभमन गिल, ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस को दिखाया गया है इसके अलावा वेस्टइंडीज के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी कायरन पोलार्ड को भी शामिल किया है, जबकि पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी भी इसमें नजर आए हैं।




टी20 विश्व कप में इस बार 20 टीमें भाग ले रही हैं।

भारतीय टीम ने पहला विश्व कप जीता था। ऐसे में वह इस बार भी जीत के बड़े दावेदारों में शामिल है। भारतीय टीम के के कप्तान रोहित शर्मा इस विश्वकप को जीतकर एक दशक के जारी आईसीसी खिताब के सूखे को समाप्त करना चाहेंगे। भारतीय टीम ने अंतिम बार 2013 में चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी। उसके बाद से ही वह आईसीसी खिताब नहीं जीत पायी है।

बीसीसीआई प्रबंधन इस टूर्नामेंट केलिए पहले हर्दिक पांड्या को कप्तान बनाना चाहता था पर उनकी खराब फिटनेस को देखते हुए बीसीसीआई ने रोहित पर ही भरोसा जताया है। पांड्या आईपीएल में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। टी20 विश्व कप टूर्नामेंट में शामिल टीमों को 4 समूहों में बांटा गया है। इसमें प्रत्येक समूह में 5 टीमें रखी गयी हैं।

## टी20 में रोहित, सूर्यकुमार के नाम है सबसे ज्यादा शतक

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के दो खिलाड़ियों के नाम टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा शतक हैं। इसमें कप्तान रोहित शर्मा और आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव है। रोहित के नाम पांच जबकि सूर्या के नाम चार शतक हैं। ऐसे में जून में होने वाले टी20 विश्वकप में भारतीय टीम खिताब की एक प्रबल दावेदार के तौर पर उतरेगी। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा इसमें जीत हासिल कर अपने नाम एक आईसीसी खिताब करना चाहेंगे। रोहित के अलावा ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल, के नाम भी टी20 में पांच शतक हैं। ये तीनो ही ऐसे बल्लेबाज हैं जो कभी भी मैच का रुख मोड़ सकते हैं। मैक्सवेल ने हाल में विंडीज के खिलाफ सीरीज के दूसरे टी20 में शतक लगाकर रोहित के पांच शतकों की बराबरी की है। सबसे कम पारियों में पांच शतक का रिकार्ड मैक्सवेल के नाम है। . मैक्सवेल ने 102 टी20 अंरराष्ट्रीय की 94 पारियों में 5 शतक लगाये हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर नाबाद 145 रन रहा है। मैक्सवेल ने अबतक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2405 रन बनाये हैं और उनके नाम 10 अर्धशतक भी हैं।मैक्सवेल का स्ट्राइक रेट 155.26 का रहा है।




वहीं रोहित ने 151 मैचों की 143 पारियों में 5 शतक लगाये हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर नाबाद 121 रन रहा है। उन्होंने इस दौरान 29 अर्धशतक लगाये हैं। आगामी टी20 विश्व कप में रोहित कई और शतक लगा सकते हैं। उनका स्ट्राइक रेट 139.97 का है जबकि औसत 31.79 का है। वहीं सूर्यकुमार ने 60 मैचों की 57 पारियों में 4 शतक लगाये हैं। वह टी20 सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों में तीसरे नंबर पर हैं। सूर्यकुमार ने 10 बार नाबाद रहते हुए 171.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। उनकी बल्लेबाजी का औसत 45.55 का रहा है। वहीं हैरान करना वाला नाम चेक गणराज्य के सबावून दाविजी का है। इस खिलाड़ी ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अबतक 3 शतक लगाये हैं। उन्होंने 31 पारियों में यह रिकार्ड बनाया है। दाविजी का सबसे अधिक स्कोर नाबाद 115 रन रहा है। न्यूजीलैंड के कॉलिन मुनरो ने तीन शतक लगाये हैं पर उन्होंने ये शतक 62 पारियों में लगाये हैं। मुनरो ने 156.44 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं और उनका औसत 31.34 का रहा है।

## आईसीसी ने टी20 विश्वकप के 100 सर्वश्रेष्ठ कैचों का वीडियो साझा किया

दुबई। टी20 विश्वकप जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रुप से खेला जाएगा। इसको लेकर सभी टीमें अपनी-अपनी तैयारियों में लगी हैं। इसी बीच अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टी20 विश्व कप के 100 सर्वश्रेष्ठ कैचों की एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा की है क्योंकि अब विश्व कप में 100 दिन ही बचे हैं।

टी20 विश्व कप के अब तक कुल सात टूर्नामेंट हुए हैं। इसमें शुरुआती सत्र भारत ने जीता था जबकि विंडीज इसे दो बार जीता है। वहीं एक बार इसमें पाकिस्तान टीम जीती है। इसके बाद हुए टूर्नामेंट में एक बार फिर वेस्टइंडीज विजेता बनी थी। एक बार इसे श्रीलंका ने भी जीता है। साल 2021 में ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली बार टी20 विश्व कप जीती थी।

# रेलवे ने ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को दी राहत

## कोरोना काल के समय पैसेंजर ट्रेनों में बढ़ाया गया किराया, हुआ कम

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। रेलवे ने पैसेंजर ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत दी है। कोरोना काल के समय पैसेंजर ट्रेनों में बढ़ाया गया किराया अब कम किया गया है। आपको बताए कि अभी तक पैसेंजर ट्रेन में एक्सप्रेस ट्रेन का किराया लिया जा रहा था, लेकिन अब कोरोना काल से पहले वाला किराया लागू कर दिया गया है। अभी तक यात्रियों को पैसेंजर ट्रेन की तुलना में दो से तीन गुना किराया देना पड़ रहा था।जानकारी के अनुसार कोरोना के बाद रेलवे द्वारा जिन गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा था, उन्हें मेल और एक्सप्रेस बताया गया था।ऐसी गाड़ियों में न्यूनतम किराया 30 रुपये होता है।इस दौरान लोकल (सामान्य) श्रेणी की गाड़ियों का परिचालन बंद था, लेकिन अब इनको चलाया जा रहा है।इसके चलते न्यूनतम किराया फिर 10 रुपये हो गया है।

### कोरोना काल में हुई थी वृद्धि

आपको बताए कि जब पूरा देश कोरोना महामारी के संकट से जूझ रहा था।उस समय ट्रेनों में यात्रियों की तादाद लगातार बढ़ने और संक्रमण फैलने के खतरे को देखते हुए कोरोना काल के समय पैसेंजर ट्रेन के किराए में वृद्धि कर दी गई थी। ये किराया अब तक जारी था जिसमें



रेलवे की ओर से अब बड़ी राहत दी गई है।जिसमे पैसेंजर ट्रेन में अब तक एक्सप्रेस ट्रेन जितना किराया वसूला जा रहा था लेकिन एक बार फिर पहले वाले रेट तय कर दिए गए हैं। इस फैसले के बाद पहले की तुलना में दो से तीन गुना किराया दे रहे यात्रियों को राहत मिली है।

### इतना हुआ न्यूनतम किराया

बता दें कि अब तक जिले में जितनी भी पैसेंजर ट्रेन आती जाती थी वो अब तक एक्सप्रेस की तरह संचालित की जा रही थी। इनका किराया भी एक्सप्रेस की तरह ही वसूला जा रहा था। लेकिन अब यात्रियों को बड़ी राहत मिली है और 30 रु की जगह न्यूनतम किराया 10 रुपए हो गया है।किराया कम होने की वजह से जिन ट्रेन में यात्रियों की संख्या कम हो गई थी। अब वो एक बार फिर बढ़ जाएगी। वहीं यात्री आराम से कम किराए में एक स्थान से दूसरे स्थान तक जा सकेंगे।

### यात्रियों को मिली राहत

रेलवे ने पैसेंजर ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर सुनाई है। कोरोना काल में पैसेंजर ट्रेनों का किराया बढ़ा दिया गया था,लेकिन अब वह फिर से कम कर दिया गया है। अब पैसेंजर ट्रेनों में जो किराया पहले लगता था, वही लगेगा।पहले तो पैसेंजर ट्रेनों में एक्सप्रेस ट्रेनों के बराबर का किराया वसूला जा रहा था, जिससे यात्रियों को दो या तीन गुना ज्यादा किराया देना पड़ता था पिछले तीन सालों से रेलवे ने न्यूनतम किराया 30 रुपये रखा था, जिससे यात्रियों को एक स्टेशन तक जाने के लिए तीन गुना अधिक पैसे देने पड़ते थे।जिसे वापस 10 रु कर दिया गया है।

### रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को होगा लाभ

किराया दर एक बार फिर सामान्य करने से इसका सबसे अधिक फायदा रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को होगा। बालाघाट जिले में पढ़ाई करने वाले बच्चे रोजाना ग्रामीण अंचलों से ट्रेन का सफर कर जिला मुख्यालय पहुंचते हैं जहां ट्रेन में उन्हें तीन गुना ज्यादा किराया देना पड़ रहा था। उधर यात्रियों द्वारा लगातार कम किराए की मांग की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए रेलवे बोर्ड ने आदेश दिया है कि यात्रियों से न्यूनतम किराया 10 रुपये ही लिया जाएगा। इसको स्थानीय टिकट बुकिंग सॉफ्टवेयर और यूटीएस ऐप में भी शामिल किया गया है।

### तीन वर्षों के बाद न्यूनतम किराया 10 रु

रेलवे अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक पहले बालाघाट से समनापुर का किराया 30रु लगता था, जिसे एक बार फिर से 10 रु कर दिया गया है। तो वही पहले कटंगी का न्यूनतम किराया 30 रु लिया जा रहा था जिसे वापस 15 रु किया गया है। इसी तरह लामता का किराया 30 से घटकर पूर्व की भांति 10रु किया गया है, तो वहीं तिरोड़ी का किराया 40 रु से घटकर पुन: 20 रु किया गया है तो वही वारासिवनी का किराया 30 से घटकर 10 रु किया गया है। इसी तरह बालाघाट से गोंदिया, गोंदिया से बालाघाट का किराया30 लगता था जिसे घटकर 10 रु कर दिया गया है रेलवे अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक 0 से 41 किलोमीटर तक रेलवे द्वारा पहले न्यूनतम 30 रु का किराया वसुला जाता था जिसे एक बार फिर से घटकर 10 रु कर दिया गया है ।

### सॉफ्टवेयर में बदलाव किया गया है -चौधरी

इस पूरे मामले को लेकर की गई दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान रेलवे स्टेशन प्रबंधक के एम चौधरी ने बताया कि रेलवे मंडल द्वारा किराया दर घटाने की फिलहाल सूची जारी नहीं की है, लेकिन रेलवे मंडल द्वारा सॉफ्टवेयर में बदलाव कर दिया गया है जिसके तहत कोरोना काल के पूर्व लगने वाला किराया वर्तमान समय में लिया जा रहा है। जबकि कोरोना काल के दौरान इस किराए की दर को बढ़ा दिया गया था। जिसके चलते 10 रु की जगह यात्रियों को 30 रु किराया लग रहा था जिसे अब वापस 10 रु कर दिया गया है।

## अवैध वसूली करने वाले आरोपियों की जमानत याचिका निरस्त

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। गोवंश का परिवहन करने वाले लोगों से जबरन वसूली करने वाले दो आरोपियों की व्यवहार न्यायालय कटंगी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती नेहा ठाकुर ने जमानत याचिका निरस्त कर जेल भेज दिया है. सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने शुक्रवार को प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी है. जिसमें उन्होंने बताया कि आरोपी रौनक लारोकर और सुल्तान बैग के खिलाफ कटंगी थाने में धारा 294, 323, 341, 327, 506, 34 का मामला दर्ज है. फरियादी मनोज कर्मे निवासी मुरझड़ थाना वारासिवनी ने 15 जनवरी को कटंगी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 08 जनवरी को जब वह खरीदे गए मवेशियों को लेकर पिक-अप वाहन से डोंगरला तुमसर जा रहे थे तो तीन लोगों ने अगारी झम्मलटोला के पास उसका रास्ता रोका. जिसमे रौनक लारोकर ने स्वयं को बजरंग दल का कार्यकर्ता बताकर डराया धमकाया और गौ तस्करी को झूठा आरोप लगाते हुए अपने साथी के मारपीट की थी. वहीं मारपीट के बाद छोड़ने के लिए मनोज को छोड़ने के लिए पिक-अप वाहन मालिक से 01 लाख रुपए की मांग की थी लेकिन पूरी बात 60 हजार रुपए में तय हुई. मनोज ने पुलिस को बताया था कि घटना के वक्त वह अकेला था इसलिए डर के कारण उसने पिक-अप वाहन मालिक अजय बिसेन को फोन कर कमलेश मरठे के फोन पे पर 20 हजार और फिर अपने रिश्तेदार अमोल शरणागत से 10 हजार रुपए की राशि जमा करवाई थी. पुलिस में एफआईआर दर्ज होने के बाद रौनक फरार था. जिसने न्यायालय में सरेंडर किया. वहीं जमानत के लिए अर्जी लगाई जिसे खारिज करते हुए न्यायालय ने आरोपियों को जेल भेज दिया है. वहीं इस पूरे मामले में कमलेश मरठे अब भी फरार चल रहा है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

## जिला पंचायत में आज होगी चयनित पटवारियों की काउंसलिंग

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पटवारी चयन परीक्षा 2022 में चयनित अभ्यर्थियों की कॉउंसलिंग आज शनिवार प्रात: 10 बजे से जिला पंचायत नवीन भवन में होगी। कॉउंसलिंग में पहचान पत्र में आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र,पेन कार्ड या सक्षम अधिकारी द्वारा जारी पहचान पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आयु संबंधी प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र अथवा 10वीं बोर्ड की अंकसूची, स्नातक की उपाधी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जारी डिग्री, प्रोविजननल डिग्री या सभी शैक्षणिक सत्रों या सेमेस्टरों की मार्कशीट, जाति प्रमाण पत्र, निश्शक्तजनों के जारी निश्शक्तता प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक हेतु प्रमाण पत्र, यदि बोनस अंक प्राप्त किये है तो संबंधित प्रमाण पत्र, सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण संबंधी प्रमाण पत्र, संविदा कर्मी के लिये जारी संविदा प्रमाण पत्र तथा यदि आयु सीमा में कोई लाभ लिया गया है तो संबंधित प्रमाण पत्र सभी दस्तावेज को 2 प्रतियों में स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ लाना सुनिश्चित करे।

## बुनकर आशीष, राजकुमार, श्याम और डिजाइनर योगेश दिल्ली में लेंगे प्रशिक्षण

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा दो दिवसीय भारत टेक्स 2024 वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्कशॉप में बुनकर सेवा नागपुर द्वारा कलस्टर लेवल कार्यक्रम के लिए मेहँदीवाड़ा और वारासिवनी के बुनकरों व डिजायनर का चयन किया गया। मेहँदीवाड़ा के आशीष कुमार डेकाटे व वारासिवनी के राजकुमार गोखले एवं श्याम कुमार सोनकुसरे तथा डिजायनर योगेश राठौर वर्कशॉप में सहभागिता के लिए शनिवार को दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### जिले के बुनकर बाहुल्य क्षेत्र के बुनकरों के लिए आंखों की जाँच करवाने की अंतिम तिथि आज

रेशम बुनकर बाहुल्य क्षेत्र के बुनकरों के लिए एकीकृत विकास कार्यकम अंतर्गत आँखों की जाँच, दवाईयों एवं चश्मा वितरण किये जाने का कार्यक्रम 15 फरवरी से आयोजित किया गया था। योजना के अंतर्गत आंखो की जॉच के लिए डॉ. कृतिका शास्त्री, एमबीबीएस, डीओएमएस नेत्र रोग विशेषज्ञ बालाघाट को अधिकृत किया गया है। डॉ. शास्त्री द्वारा आज 24 फरवरी को अंतिम रूप से अपने क्लीनिक में बुनकरों की आँखों की जाँच निशुल्क की जायेगी।

## हर्बल सोप मेकिंग विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में इको क्लब 'हरीतिमा' के द्वारा 'हर्बल सोप मेकिंग' पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन में महाविद्यालय के 40 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने तुलसी, एलोवेरा, हल्दी, चंदन पाउडर, गुलाब एवं अन्य फूलों की पत्तियों का उपयोग करके साबुन का निर्माण करना सीखा। आईक्यूएसी संयोजक डॉ.सीमा श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को साबुन में उपयोग किए जाने वाले केमिकल्स के दुष्प्रभावों को बताते हुए उन्हें हर्बल सोप मेकिंग के बारे में जानकारी दी। साथ ही उद्यमिता के रूप में भी छात्र इसमें करियर बना सकते हैं इसके बारे में भी अवगत कराया। कार्यशाला में इको क्लब प्रभारी प्रोफेसर अर्चना सोनी ने छात्र-छात्राओं को ग्लिसरीन बेस एवं नेचुरल हर्बल फूल पत्तियों एवं औषधियों का उपयोग करके साबुन निर्माण की विधि करके दिखलाई। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राध्यापक व छात्र छात्रा उपस्थित रहे।




## विशेष पिछड़ी जाति की 260 बसाहटों में बढ़ने लगी आधारभूत सुविधाएं



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को सड़क बिजली पानी और आँगनवाड़ी से संबंधित विभागों के साथ विशेष पिछड़ी जाति के लिए आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की। विशेष पिछड़ी जाति की बसाहटों में बिजली की व्यवस्थाओं के सम्बंध में कार्यपालन यंत्री चंद्रहास शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा बिजली विहीन तथा आंशिक क्षेत्रों में बिजली की पहुँच का सर्वे कार्य किया है। इसमें अभी तक 1783 घरों में से 210 घरो तक बिजली की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जबकि 1445 घरो में बिजली उपलब्ध कराने के लिए 8 करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार की गई है। टेंडर की प्रक्रिया भी प्रचलित हो चुकी है। इसी तरह पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री श्बीएल उइके ने जानकारी देते हुए बताया कि 247 बसाहटों में से 66 में योजनाएं जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण हो चुकी है। शेष बचीं बसाहटों के लिए जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। इसमें कुछ बसाहटों में कार्य प्रगति पर बताया गया। इसके अलावा सड़को के विषय में पीएमजीएसवाय के एसडीओ श्री गड़पाले जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 260 बसाहटों में 122 सड़कें अनकनेक्टेड आइडेंटिफाई हुई है। इनमें से 11 सड़कों की 30.62 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है। इसके अलावा अन्य सड़कों का सर्वे का कार्य अभी भी प्रचलित है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डीएस रणदा उपस्थित रहे।

## कटंगी अस्पताल में फार्मासिस्ट की कमी

### शुक्रवार को दवाओं के लिए परेशान होते दिखे मरीज

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटंगी में फार्मासिस्ट की कमी है. यहां महज एक मात्र फार्मासिस्ट के भरोसे अस्पताल चल रहा है. यह फार्मासिस्ट भी शुक्रवार को दवाओं के लिए बालाघाट चले गए. जिसके चलते अस्पताल में मरीजों को दवाइयां नहीं मिलने की वजह से परेशान होते देखा गया. फार्मासिस्ट के नहीं होने के कारण औषधि केन्द्र के बाहर मरीजों को आधा और एक घंटे का इंतजार करने के बाद भी दवा मुहैया नहीं हो पाई. हालांकि यहां पर एक अन्य कर्मचारी को दवा देने की जिम्मेदारी दी गई लेकिन उस कर्मचारी ने साफ शब्दों में कह दिया कि उसे दवाओं के बारे में सही जानकारी नहीं है और ना ही दवा बांटने का कोई अनुभव है. बताना जरूरी है कि फार्मासिस्ट की कमी के चलते किसी कॉलेज की एक छात्रा को दवा बांटने के लिए रखा गया है. छात्रा अनुभव प्राप्त करने के लिए यहां निशुल्क सेवाएं देती है किन्तु छात्रा भी शुक्रवार को अस्पताल नहीं आई जिस कारण दवा वितरण व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई. आप कल्पना कर सकते है कि एक मरीज को समय पर दवा नहीं मिलने और घंटों तक कतार में खड़े रहने पर उसका क्या हाल हुआ होगा. ऐसा नहीं कि सरकारी अस्पताल कटंगी में केवल पहली बार ही अव्यवस्था देखने को मिली है. इसके पहले भी कई तरह के मामले प्रकाश में आए है जब मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है लेकिन हालात है कि बदलने की नाम नहीं ले रहे है।

### अस्पताल में विभिन्न पद खाली-

नेताओं के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटंगी को सिविल अस्पताल बनाए जाने के हसीन सपने काफी लंबे अरसे से जनता को दिखाए जा रहे है मगर, मौजूदा हालात यह है कि यहां फार्मासिस्ट की कमी के चलते मरीजों को दवाएं नहीं मिल पा रही है. जिससे आप अस्पताल के हालात का अंदाजा तो लगा ही सकते है. बता दें कि कटंगी अस्पताल में काफी लंबे समय से कई पद रिक्त है. जिस कारण मरीजों को संपूर्ण सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता. वर्तमान में तो अस्पताल में मरहम पट्टी करने वाला स्वास्थ्य कर्मचारी भी नहीं है. यहां पर मौजूद कर्मचारी का खैरलांजी ट्रांसफर हो गया है. शुक्रवार को जब अस्पताल पहुंचे तो देखने में आया कि कॉलेज और स्कूल की एक छात्रा जो किसी वजह से पहले चोटिल हो गई थी. उन्हें अपने मर्ज पर पट्टी करवाना था परंतु कर्मचारी नहीं होने से वह भी परेशान होते देखी गई।

### गरीबों के स्वास्थ्य से खिलवाड़-

जैसे की सभी जानते है कि अभी भी हमारे सरकारी अस्पताल गरीबों के इलाज के लिए ही जाने जाते है. धनाड़्य परिवार सरकारी अस्पताल में अमूमन अपना उपचार नहीं करवाते थे. रसूखदार, धनाड़्य परिवार या तो खंड चिकित्सा अधिकारी के घर जाकर अपना उपचार करवाते है या फिर नगर के किसी भी प्राइवेट अस्पताल में जाकर. आज भी सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों की सर्वाधिक संख्या गरीब और मजदूर तबके से ही होती है. ऐसे में यह कहना कतई गलत नहीं होगा कि सरकार अब भी गरीबों और मजदूरों को अच्छा इलाज मिल पाए यह सुनिश्चित नहीं कर पाने में विफल साबित हो रही है तो कोई संकोच नहीं होगा. दरअसल, सरकारी अस्पताल की बदहाल व्यवस्था के चलते सुविधा संपन्न और धनाड़्य परिवार अपना उपचार कराने के लिए प्राईवेट अस्पताल का सहारा लेते है मगर, गरीबों को तो हर हाल में इन सरकारी अस्पतालों पर ही आश्रित रहना पड़ता है ऐसे में क्षेत्रीय विधायक, सांसद और मंत्री साथ ही सरकार को चाहिए कि वह अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं के साथ पर्याप्त स्टॉफ के बंदोबस्त करे. जिसका सरकारी अस्पताल काफी लंबे समय से इंतजार कर रहे है।




### विधायक गौरव सिंह पारधी से बंधी अपेक्षा-

इस समय प्रदेश में भाजपा की सरकार है साल 2005 से केवल 15 माह के कार्यकाल को छो?कर लगातार भाजपा ही प्रदेश की सत्ता में रही है. पहले शिवराज सिंह चौहान सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री रहे. उन्होंने अपने शासन काल में स्वास्थ्य सेवाओं को बदलने के कई दावे किए. मगर उनके दावों की हकीकत बालाघाट जिले के कटंगी अस्पताल की तरह और भी कई अस्पताल बता रहे है. अब प्रदेश में डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री है. मुख्यमंत्री बनने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उनका कोई बड़ा बयान तो अब तक सुनने में नहीं आया लेकिन कटंगी से भाजपा विधायक गौरव सिंह पारधी लगातार क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव का लगातार दावा कर रहे है. जनता को उनसे ढेर सारी अपेक्षाएं भी है चूंकि उन्होंने जनता को चुनाव के दौरान कई सपने दिखाए है. उनके पास अब काफी वक्त है लेकिन बदलाव की शुरुआत फिलहाल तो नजर नहीं आ रही है. अभी के लिए तो विधायक से केवल इतनी उम्मीद की जा सकती है कि अगर वह सरकारी अस्पताल की व्यवस्था में बदलाव लाना चाहते है तो कटंगी अस्पताल में एक फार्मासिस्ट और रिक्त पदों में नियुक्तियां करवा दें. ताकी जनता को होने वाली परेशानी से निजात मिल सके।

## नौसिखिया वाहन चालक उड़ा रहे नियमों की धज्जियां

### गांधी चौक के सामने हुआ सड़क हादसा, वृद्ध महिला और युवक घायल

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। नगर की सड़क पर सरपट तेज दौड़ते वाहनों से सड़क हादसे होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. खासतौर से नौसिखिया वाहन चालक फर्राटे मार कर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहन चला रहे है. इन नौसिखिया वाहन चालकों को यातायात नियमों की भी ठीक से जानकारी नहीं होती जिस कारण जैसे मन करे वैसे वाहन को चलाते है. जिस कारण हादसे होना अब आम हो चुका है. शुक्रवार को ऐसी ही लापरवाही का एक प्रत्यक्ष उदाहरण गांधी चौक के सामने मुख्य सड़क में देखने को मिला. यहां एक ऑटो वाहन चालक ने सड़क यातायात नियमों की अनदेखी कर अचानक से वाहन मोड़ दिया. जिससे सड़क पर अपनी साइड में चल रहा बाइक चालक सीधे ऑटो से जा टकराया. हादसे में बोनकट्टा निवासी 25 वर्षीय युवक सुभाष पिता राधेलाल और वृद्ध महिला इमला बाई पति



राधेलाल घायल हो गई. यह दोनों बाइक से अगासी जाने के लिए अपने घर से निकले थे. जो कटंगी गांधी चौक में हादसे का शिकार हो गए. घायलों को संजीवनी 108 से अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. महिला के सिर पर टांके लगे है. वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ऑटो वाहन और बाइक दोनों को जब्त करने की कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है कि सड़क पर प्रतिदिन नई और पुरानी टैक्सियों दौड़ रही हैं वहीं इनमें नौसिखिया चालक ज्यादा दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं. जिसके चलते छुट-मुट घटनाएं तो कस्बे में प्रतिदिन हो रही हैं. लेकिन जल्द ही इन पर प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो ये नौसीखिए चालक बड़ी दुर्घटना करने में चुक नहीं करेंगे. ज्ञात रहे कि इन पर लंबे समय से कार्रवाई नहीं होने से ये ऑटो चालकों, दोपहिया वाहन चालकों के हौसले बुलंद बने हुए हैं अगर ऑटो की बात करे तो किराए पर लेकर थ्री व्हीलर चलाने की लोगों में होड़ मची हुई है. चाहे लाइसेंस हो यह नहीं फिर भी थ्री व्हीलर सड़कों पर दौड़ रहे हैं. जिसमें युवक बिना ड्राइवर वाहन चला रहे हैं. इसके बाद भी इनका पुलिस की कोई लगाम नहीं है. शहर में यातायात नियमों को लेकर आमजन भी गंभीर नजर नहीं आ रहे. लोग आए दिन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं और अपनी व दूसरों की जान जोखिम में डाल रहे. नियमों की उल्लंघन के मामले सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन सवारों के सामने आ रहे हैं. यह लोग खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाने से नहीं चूक रहे. शहर में ट्रिपल राइडिंग भी बदस्तूर जारी है. स्थानीय लोगों का कहना है कि बुलेट मोटरसाइकिल चलाने वाले लोग बिना साइलेंसर के पटाखे बजाते हुए नजर आते हैं. यह लोग अमूमन शहर के अंदरूनी बाजारों में घूमते रहते हैं. इन सभी पर कार्रवाई करने की जरूरत है तभी नियमों का पालन हो सकेंगा।

## 5 बीएमओ पर 2-2 हजार रुपये के अर्थदण्ड के आदेश

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मप्र शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के लिए कई माध्यम स्थापित किये गए है। उनमें से एक सीएम हेल्पलाईन है। इस सेवा के चार लेवल निर्धारित है। चार लेवल पर अधिकारियों का भी निर्धारण किया गया है। स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त होने वाली शिकायतों के लिए लेवल-1 पर विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों (बीएमओ) के पास समस्याए या शिकायतें जाती है। इस लेवल पर जवाब नही देने की स्थिति में अगले लेवल यानी लेवल-2 पर शिकायतें चली जाती है। सभी अधिकारियों को अपने-अपने लेवल पर जवाब देना अनिवार्य है परंतु बालाघाट, खैरलांजी,बैहर, मलाजखंड और परसवाड़ा के बीएमओ द्वारा नियम का पालन नही किया गया। इस सम्बंध में टीएल बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा समीक्षा में पाया गया कि लेवल 1 से लेवल 2 पर कई शिकायतें चली गई। ऐसी स्थिति में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बालाघाट बीएमओ डॉ. थालेश गोपाले, खैरलांजी बीएमओ डॉ. के. पॉल, बीएमओ डॉ. पंकज दुबे, बैहर व मलाजखंड बीएमओ डॉ. हरीश कुमार मसराम, परसवाड़ा बीएमओ डॉ. वरुण सिंह परस्ते पर 2-2 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। यह राशि रेडक्रॉस के खाते में 3 दिनों के भीतर जमा करने के आदेश किये गए है।

## 6 श्रेणियों में जैवविविधता पुरस्कार दिए जाएंगे

बालाघाट। हर वर्ष जैवविविधता क्षेत्र में कार्य करने वाले विभागों और सामाजिक संस्थाओं सहित व्यक्तिगत रूप में कार्य करने वालो को राज्य स्तरीय वार्षिक जैवविविधता पुरस्कार प्रदान किये जाते है।इस वर्ष भी ऐसे व्यक्तियों व संस्थाओं को 6 श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। मप्र राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा वर्ष 2023 के लिए प्रविष्टियां 30 अप्रैल तक आमंत्रित की गई है। इस क्षेत्र में काम करने वाले व्यक्ति, शासकीय व अशासकीय संस्थाएं शासकीय विभाग स्थानीय निकायों पर गठित जैवविविधता प्रबंधन समितियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन सीधे कलेक्टर या मुख्य कार्यपालन जिला पंचायत या जनपद के अलावा वन मंडलाधिकारी या कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन या पशुपालन के जिला स्तरीय अधिकारी के माध्यम से ही मप्र राज्य जैवविविधता बोर्ड को प्रेषित कर सकते है। 3 लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी प्राप्त हो सकती है।

मप्र जैवविविधता पुरस्कार के लिए बोर्ड ने अलग अलग श्रेणियां निर्धारित की है। इसमें जैवविविधता स्वामित्व रखने वाले विभाग वन, कृषि, उद्यानिकी,पशुपालन,मछली पालन व जल संसाधन को प्रथम व द्वितीय होने पर प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी दी जाएगी। जबकि जैवविविधता प्रबंध समिति ग्राम सभा/पंचायत को प्रथम को 3 लाख, द्वितीय को 2 लाख व तृतीय को 1 लाख रुपये व प्रशस्ति पत्र तथा ट्रॉफी जनपद पंचायत/ जिला पंचायत को प्रथम पुरस्कार 3 लाख व द्वितीय को 2 लाख, नपं/नपा व नगर निगम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 5 लाख, द्वितीय 3 लाख व प्रशस्ति पत्र ट्रॉफी। इसी तरह संस्थागत में अशासकीय/ व्यक्तिगत अशासकीय को प्रथम को 3 लाख व द्वितीय को 2 लाख रुपये तथा व्यक्तिगत शासकीय को प्रथम को 1 लाख द्वितीय 0.50 लाख व सभी को प्रशस्ति पत्र तथा ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इन सब के लावा श्रेष्ठ वन मंडल, श्रेष्ठ वनवृत्त को प्रशस्ति पत्र व ट्राफी प्रदान की जाएगी।

### हो जाएं सावधान पैसे ऐंठने के लिए अब नई तरकीब अपना रहे साइबर ठग

# महानगरों की तर्ज पर जिले में भी साइबर ठग कर रहे फोन कॉल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। साइबर ठगों ने आजकल साइबर ठगी करने का तरीका ही बदल दिया है। अब ये ओटीपी नहीं मांग रहे बल्कि बेटे का अपहरण हो जाने, दुष्कर्म करते पकड़े जाने आदि का आरोप लगाकर परिवार को ब्लैकमेल कर पैसे की ठगी कर रहे हैं। जबकि यह अपराध महानगरों की तर्ज पर होते है किन्तु अब बालाघाट में भी इस प्रकार की साइबर अपराध की घटनाओं के लिये फोन आने लगे है ,हमने अभी तक यह अखबारों या टीवी में ही देखा था कि ठगों द्वारा बड़े अधिकारी बनकर या फिर कस्टम विभाग से बोल रहा हूं करके ,बड़े घरों के बच्चों को झूठे केस में फसाने या फिर ड्रग मामले में नाम सामने आ रहा है ऐसी घटनाएं बड़े शहरों में घटित होती थी, हालांकि अभी इस प्रकार की घटना का कोई शिकार नहीं हुआ है किंतु बालाघाट जिले के कुछ लोगों को इस प्रकार के फोन कॉल ठगों द्वारा किए जा चुके हैं। आपको बता दे की जिले में साइबर ठगों द्वारा साइबर ठगी को अंजाम देने के लिए बड़े महानगरों की तर्ज पर जिले की भोली भाली जनता को अपना शिकार बनाया जाने लगा है और जिस प्रकार से बड़े शहरों में होने वाले साइबर अपराध का जाल बालाघाट जैसे छोटे जिले में भी फैल रहा है। शातिर ठगों ने ब्लैकमेलिंग का नया तरीका खोज निकाला है, जिसमें वो पुलिस अधिकारी, कस्टम विभाग का अधिकारी बनकर लोगों को फोन करके उनके बेटा, बेटी या अन्य सदस्य का दुष्कर्म, ड्रग मामले में नाम आने की बात करते हैं। बेटे-बेटी को बचाने या पैसे न देने पर मामले में फंसाने का डर दिखाकर लोगों से पैसों की मांग की जा रही है। इस तरह के मामले देशभर के बड़े शहरों में प्रकाश में आ चुके हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों में ऐसे मामले बालाघाट में सामने आए हैं, जिससे पुलिस व साइबर शाखा




भी सतर्क है। पुलिस ने ऐसे काल पर एकाएक विश्वास न करने तथा पैसों के लेनदेन से बचने की सलाह दी है। राहत की बात है कि बालाघाट में ऐसे फर्जी काल में कोई पीडति नहीं फंसा है। तत्परता दिखाते हुए आवेदकों ने इसकी सूचना साइबर नोडल शाखा को दी है।

#### पहला मामला बेटे को दुष्कर्म मामले से बचाने के नाम पर फोन

बालाघाट में रहने वाले एक व्यक्ति ने साइबर नोडल शाखा में सूचना दी कि उन्हें अनजान नंबर से वाट्सएप काल आया। फोन करने वाले ने खुद को पुलिसकर्मी बताया। उसने बताया कि थाने में दुष्कर्म का एक मामला आया है। इसके चार आरोपितों में आपके बेटे का भी नाम आया है। पीड़िता की हालत बेहद नाजुक है। अगर हम आपके बेटे को छोड़ देंगे तो थाने के सामने जुटी भीड़ उसे मार डालेगी। अगर आप अपने बेटे का बचाना चाहते हैं, तो 35 हजार रुपये दें। हम एफआइआर भी नहीं करेंगे। ऐसा नहीं करने पर आपका बेटा जीवित नहीं बचेगा। इसके लिए ठग ने व्यक्ति को फोन-पे पर पैसे भेजने कहा, लेकिन व्यक्ति ने सतर्कता दिखाते हुए अपनी पत्नी को बेटे से फोन पर बात करने कहा। जब मां ने बेटे को फोन लगाया तो वह पुणे स्थित बैंक में काम कर रहा था। दुष्कर्म के मामले पर पूछने पर बेटे ने ऐसी कोई घटना होने से इन्कार कर दिया।

#### दूसरा मामला कस्टम विभाग से फोन आया

मिली जानकारी अनुसार बताया गया की कुछ दिन पहले इससे मिलता-जुलता एक और मामला प्रकाश में आया है, जिसमें बालाघाट निवासी एक महिला को कस्टम विभाग के नाम से फोन आया, जिसमें महिला को बताया गया कि उन्हें ड्रग का एक पार्सल मिला है, जिसमें उनके नाम का कार्ड, फोन नंबर, आधार कार्ड, पैन कार्ड मिला है। ठग ने महिला को बताया कि आपके दस्तावेज कस्टम विभाग में हैं। अगर उन्हें अपने दस्तावेज चाहिए तो इसकी रिपोर्ट करें। जबकि महिला का आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित अन्य ओरिजनल दस्तावेज उनके पास ही थे। पीड़िता के मुताबिक, ठग ने उनसे पैसों की मांग तो नहीं की, लेकिन उस फर्जी काल के बाद वह कुछ दिन मानसिक तनाव में थीं। ठग का बार-बार काल आने के बाद महिला ने उक्त नंबर को ब्लाक कर दिया।

#### तीसरा मामला ई-मेल पर फर्जी लेटर से भेज कर

ब्लैकमेलिंग से जुड़ा एक और मामला ई-मेल से जुड़ा है, जिसमें बालाघाट निवासी एक व्यक्ति की ई-मेल आइडी पर साइबर क्राइम सेंटर के नाम पर पत्र भेजा गया, जिसमें व्यक्ति पर आरोप था कि उनके द्वारा आईपी एड्रेस (इंटरनेट प्रोटोकाल) के माध्यम से अश्लील चलचित्रों को बहुप्रसारित किया गया है, जिस आधार पर उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। जब इसकी सूचना व्यक्ति ने साइबर नोडल शाखा को दी तो जांच के बाद उक्त पत्र फर्जी निकला। बता दें कि इस तरह का मामला भोपाल में भी सामने आया था, जहां मुंबई क्राइम ब्रांच की फर्जी स्काइप आइडी से नौसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी को ठगों ने पहले धमकाया फिर छह दिनों तक उनके ही घर में गिरफ्तार रखा और आखिर में 68 लाख रुपये ठग लिए।

#### महानगरों की तर्ज पर शहरवासियों को फोन किये जा रहे हैं- प्रकाश वास्कले

जब हमारे द्वारा इस पूरे विषय को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले से दूरभाष पर चर्चा की गई, तो उनके द्वारा बताया गया कि निश्चित ही अभी साइबर ठगों द्वारा महानगरों की तर्ज पर जिले के रहवासियों को फोन किया जा रहे हैं, किंतु शहर में ऐसी कोई भी घटना घटित नहीं हुई है, किंतु साइबर ठगों द्वारा कुछ लोगों को फोन किए गए थे और उन्होंने तत्काल ही इसकी सूचना साइबर सेल में दी और कोई भी घटना का शिकार नहीं हुआ है ,वहीं उन्होंने शहर की जनता से यह अपील की है कि कोई भी ओंटीपी नंबर , अनजान कॉलिंग या फिर अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा ना करें और कोई भी फोन कॉल या सूचना या लेटर पर उन्हें शंका होता है तो वहां शीघ्र ही पुलिस से संपर्क करें।

# शादी का झांसा देकर देहशोषण करने का आरोप

### पंकज ने लड़की से शादी न कर की मारपीट, कोतवाली पुलिस ने किया अपराध दर्ज

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भरवेली थाना क्षेत्र में रहने वाली एक 25 वर्षीय लड़की ने बालाघाट सरस्वती नगर निवासी एक युवक के विरुद्ध शादी का झांसा देकर उसका देश शोषण करने और शादी ना कर उसे हाथ बुक्के से मारपीट और जान से मार डालने की धमकी देने का आरोप लगाई है। कोतवाली पुलिस ने अनुसूचित जनजाति की इस लड़की द्वारा की गई रिपोर्ट पर पंकज पिता राजकुमार राजपूत वार्ड नंबर 32 सरस्वती नगर निवासी के विरुद्ध इस लडकी का देश शोषण और उसे मारपीट कर,जान से मार डालने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंकज की भरवेली में कृष्णा मोबाइल के नाम से दुकान है । जहां पर इस लड़की की मुलाकात पंकज से हुई थी एवं मोबाइल से दोनों बातचीत करते रहते थे। दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हो गई थी और दोनों मिलते रहते थे धीरे-धीरे दोनों के बीच प्रेम संबंध बने ।पंकज के परिवार वालों को दोनों की दोस्ती के संबंध में जानकारी हो गई थी। 3 फरवरी 2023 की रात्रि 10:30 बजे पंकज ने इस लड़की को अपने घर सरस्वती नगर बुलाया और जब पंकज के परिवार के लोग घर में सो रहे थे तब पंकज ने इस लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद जब भी पंकज इस लड़की को बुलाता था तब वह जाती रहती थी और पंकज इस लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता था ।इस दौरान पंकज ने इस लड़की को अपने मम्मी पापा से भी मिलवाया और उसने अपने घर वालों से बोला कि मैं इस लड़की से शादी करना चाहता हूं ।पंकज के घर वाले भी मान गए थे और लड़की के घर वाले भी शादी के लिए सहमत हो गए थे। इस प्रकार पंकज ने इस लड़की का देहशोषण कर रहा था। कुछ दिन पहले इस लड़की ने जब पंकज को शादी करने के लिए बोली तो पंकज राजपूत ने इस ल ?की को शादी करने से मना कर दिया दिया ।लड़की ने बोली कि जब तुझे शादी नहीं करना था तो मेरे साथ ऐसा क्यों किया ।तब पंकज ने इस लड़की को गालियां देते हुए हाथ बुक्के से मारपीट किया और पुलिस में रिपोर्ट करने पर जान से मार डालने की धमकी दे दी। इस घटना के संबंध में लड़की ने अपने परिवार वालों को बताई ।22 फरवरी को इस लड़की ने कोतवाली बालाघाट पहुंचकर पंकज के विरुद्ध रिपोर्ट की थीं ।कोतवाली पुलिस ने इस 25 वर्षीय लड़की द्वारा की गई रिपोर्ट पर पंकज पिता राजकुमार राजपूत वार्ड नंबर 32 सरस्वती नगर बालाघाट निवासी के विरुद्ध धारा 376 376(2)N, 294 323 506 भादवि, 3(1)(2) (i), 3(1)(ii), 3(2)(1) अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। इस मामले की विवेचना उपनिरीक्षक किरण वरकडे द्वारा की जा रही है।

## साहिल, अमीर, क्रांति और राजा को एनएसए के तहत किया जिला बदर

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-5(क)(ख) के प्रावधानों के अंतर्गत थाना भरवेली के 20 वर्षीय साहिल हिरेंद्रवार पिता ईश्वरीप्रसाद, थाना कोतवाली के 22 वर्षीय अमीर ऊर्फ राजा अब्दुल हमीद, थाना बहेला के 41 वर्षीय क्रांति बिसनदास नगपुरे और कोसमी थाना ग्रामीण बालाघाट के 25 वर्षीय राजा ऊर्फ मानसिंह अनिल बिसेन को जिला बदर किया है। पुलिस अधीक्षक बालाघाट के प्रतिवेदन के अनुसार साहिल, अमीर, क्रांति और राजा पर विभिन्न थानों में कई प्रकरण पंजीबद्ध है। इन पर समाज विरोधी आपराधिक कृत्यों एवं आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत बालाघाट राजस्व सीमा से लगे जिले सिवनी, मंडला, डिंडोरी के राजस्व सीमा से 01 वर्ष की कालावधि के लिये निष्कासित करने का आदेश पारित किया गया।

## दुर्घटनाओं में आरोपी के लाइसेंस किए जाएंगे निरस्त ,पुलिस विभाग ने जारी किए निर्देश

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारी को पुलिस मुख्यालय के निर्देश अनुसार एक पत्र जारी किया गया है, जिसमें यह दर्शाया गया है कि रोड एक्सीडेंट के सभी प्रकरणों में आरोपी वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई किया जाना है जिस संबंध में एक पत्र सभी थाना प्रभारी को बालाघाट पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी किया गया है आपको बता दे की बालाघाट पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ द्वारा समस्त जिले के थाना प्रभारी को पुलिस मुख्यालय के निर्देश अनुसार एक पत्र जारी किया गया है जिस पत्र में यह दर्शाया गया है कि पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु रोड एक्सीडेन्ट के सभी प्रकरणों में आरोपी वाहन चालकों के ड्रायविंग लायसेंस निलंबन / निरस्तीकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अत: सभी को निर्देशित किया जाता है कि माह जनवरी 2024 में हुये सड़क दुर्घटनाओं मे (धारा 304-ए,338, 337, 279 ताहि.) के सभी प्रकरणो में आरोपी वाहन चालकों के गिरफ्तारी / अभिरक्षा कार्यवाही के दौरान लायसेंस निलम्बन की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। प्रत्येक माह में कृत कार्यवाही की मासिक जानकारी थाना प्रभारी यातायात बालाघाट की ओर अनिवार्यत: प्रेषित की जावे।

## एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कोतवाली क्षेत्र में आने वाले वार्ड नंबर 13 सागौनवन एक व्यक्ति ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली कोतवाली पुलिस ने मृतक होमनसिंह पिता चुन्नू लाल उइके 32 वर्ष की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर जा शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार होमन सिंह गांजा शराब पीने का आदी था। जिससे उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। इसकी पत्नी सुनीता शहर के 45 घरों में झाड़ू पोछा का काम करती है। 21 फरवरी को दोपहर हर 1:30 बजे सुनीता अपने काम में जा रही थी। उसे समय उसका पति होमनसिह और ससुर के अलावा बच्चे भी घर में ही थे। सुनीता का देवर पवन उइके और भवन उइके काम करने बालाघाट गए थे। रात्रि 9:30 बजे सुनीता घर वापस आई देखी उसके पति होमनसिह ने बेडरूम में छत के बांस में साड़ी की रस्सी बांधकर फांसी लगा ली थी और उसकी मृत्यु हो चुकी थी। इस संबंध में सुनीता ने अपनी सास, देवर पवन भवन के अलावा मोहल्ले वालों को बताई। सूचना मिलते ही कोतवाली से सहायक उपनिरीक्षक राजू सिंह दाहिया ने सागौनवन पहुंचकर मृतक होमनसिह की लाश बरामद की और 22 फरवरी को पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए। संभावना व्यक्त की गई है कि शराब एवं गांजा पीने से मानसिक स्थिति खराब होने के कारण होमन सिह नेअपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आगे मर्ग जांच सहायक उपनिरीक्षक श्री दाहिया द्वारा की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना के मामले में मेटाडोर चालक और वाहन मालिक को 4500 रुपये अर्थदंड

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। विद्वान न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कृष्णकांत बांगरे की बैहरकी अदालत में दुर्घटना के मामले में मेटाडोर चालक बृजेश पिता देशराज पांचे 31 वर्ष ग्राम खोड़सिवनी थाना हट्टानिवासी को 6 माह का सश्रम कारावास और 2500 रुपये अर्थदंड,मेटाडोर मालिक को 2000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियोजन के अनुसार 15 जनवरी 2016 की शाम 7:00 बजे लालचंद हरिराम कलमसिह,हनलाल, अंतलाल, दुलीचंद, जवाहरलाल, मनोज मेटाडोर के पीछे बैठकर जा रहे थे इस मेटाडोर को बृजेश चला रहा था। ग्राम लूद में पुलिया के पाश बृजेश ने मेटाडोर को तेज गति लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पलटा दिया। जिससे उक्त लोगों को चोटे आई । जिन्हें इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती किया गया था इस मामले में 23 जनवरी 2016 को बिठली पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। और इस मामले में मी रोड चालक बृजेश के विरुद्ध धारा 279 337 338 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया था। और उसे इस अपराध में गिरफ्तार करने के बाद अभियोग पत्र अदालत में पेश किया गया था यह प्रकरण न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कृष्णकांत बांगरे की अदालत में चला। विद्वान अदालत ने विचारण के दौरान आई साक्ष्य के आधार पर और अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर मेटाडोर चालक बृजेश को धारा 338 भादवि के आरोप में 6 माह का सश्रम कारावास एवं धारा 337 में तीन माह का कठोर श्रम के साथ कारावास और 500 रुपये अर्थदंड, धारा 56 सहपठीत धारा 192 मोटर यान अधिनियम में 2000रुपये अर्थदंड से दंडित किये। आरोपी वाहन मालिक राधेश्याम पिता पितांबर सोनकुसरे 51 वर्ष ग्राम हट्टा निवासी को धारा 56 सहपठीत धारा 192 मोटर यान अधिनियम एवं धारा 66 सहपठित धारा 192 क मोटर यान अधिनियम के तहत 2000 अर्थदंड से दंडित किये। इस मामले में अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी विमल सिंह द्वारा की गई थी।

# ग्रामीण बैंक कर्मचारियों ने की एकदिवसीय हड़ताल

### वर्षों से लंबित विभिन्न मांगों को को पूरा करने की लगाई गुहार, बैंककर्मियों की हड़ताल से कामकाज रहा प्रभावित

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। वर्षों से लंबित अपनी विभिन्न सूत्रीय मांगे पूरी न होने से नाराज ग्रामीण बैंकों के विभिन्न संगठनों ने शुक्रवार 23 फरवरी को एक दिवसीय काम बंद हड़ताल की। इस काम बंद हड़ताल के चलते शुक्रवार को सुबह से जिले भर के ग्रामीण बैंक बंद रहे, तो वही बैंक बंद होने से खातेदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वही बैंकिंग का कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित रहा ।जहा बैंक कर्मचारियों ने मांगों के समर्थन में एकजुट होकर प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि ग्रामीण बैंक की देशव्यापी हड़ताल में रिजन में मंडला, बालाघाट और डिंडोरी क्षेत्र की समस्त 54 शाखाएं बंद रही। तो कामकाज पूर्ण रूप से ढप रहा ।वहीं शनिवार रविवार को भी अवकाश होने के चलते बैंक बंद रहेंगे। इस तरह लगातार तीन दिनों तक बैंक बंद रहने के चलते बैंक के ग्राहकों को और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

#### मांगो को मनवाने 19 दिसंबर से चलाया जा रहा आंदोलन

बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन, ऑल इंडिया रीजनल रूरल बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन और इससे संबद्ध संगठनों द्वारा भारत सरकार से अपनी मांगों को मनवाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन कार्यक्रम दिनांक 19 दिसंबर 2023 से चलाया जा रहा है इसी आंदोलन की कड़ी में 23 फरवरी शुक्रवार को एक दिवसीय ऑल इंडिया बैंक बंद, काम बंद हड़ताल की गई ।इस दौरान संगठन ने मुख्य रूप से देश भर में 43 ग्रामीण बैंकों की 22,000 से अधिक शाखाओं को सम्मलित कर भारतीय राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक बनाने और राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक बनाकर प्रत्येक राज्य में राज्य स्तरीय ग्रामीण बैंक बनाए जाने की गुहार लगाईं ।इसके अलावा उन्होंने प्रायोजक बैंकों से मुक्ति दिलाई जाने की मांग करते हुए ग्रामीण बैंक स्वायत्त रूप से कार्य करने लायक बनाने की गुहार लगाई है ।बताया जा रहा है कि देशभर की ग्रामीण बैंकों का सम्मिलित व्यवसाय 10 लाख 25 हजार करोड़ से भी अधिक का है। राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक बनाने से यह बैंक सार्वजनिक क्षेत्र का चौथा सबसे बड़ा बैंक बन जाएगा ।

#### इन मांगों को पूरा करने की लगाई गुहार

हड़ताली कर्मचारियों की ।मांग है कि हिंदुस्तान की ग्रामीण बैंकों को मिलाकर राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक का निर्माण किया जाए। इसके अलावा पुरानी पेंशन को बहाल करने , दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के नियमितीकरण, समय पर प्रमोशन तथा बैंक में रिक्त पदों में युवाओं की भर्ती और कंप्यूटर इंक्रीमेंट को लागू किए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। तो वही उन्होंने बैंक में 30000 से अधिक पद रिक्त है उन्हें तुरंत भरा जाए तथा उचित मैनपॉवर नीति बनाकर नयी भर्ती की जाए एवं पदोन्नति नियमों में बैंकिंग इंडस्ट्री के अनुरूप संशोधन किया जाए, दैनिक वेतन भोगी ,पार्ट टाइम कर्मचारी, आउटसोर्स कर्मचारियों को सेवा में नियमित किया जाए ।सेवन नियमों एवं छुट्टी नियमों में संशोधन किया जाए ,वेतन समझौते के अनुसार सभी भत्तों एवं सुविधाओं की समानता लागू की जाए। पेंशन की पूर्ण सामानता लागू की जाए पूर्व में पेंशन से वंचितों को पेंशन दी जाए, कंप्यूटर वेतन वृद्धि को पूर्णत: लागू किया जाए , अनुकंपा नियुक्ति प्रभावी तिथि से लागू की जाए सेवानियमानुसार मूल वेतन एवं महंगाई भत्ता को जोड़ते हुए ग्रेच्युटी का भुगतान करने सहित अन्य मांगों को पूरा किए जाने की गुहार लगाई है ।




#### क्षेत्रीय कार्यालय का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

वर्षों से लंबीत तो अपनी विभिन्न सूत्रीय मांगे पूरी न होने से नाराज ग्रामीण बैंक कर्मचारियों ने संगठन के आह्वान पर एक दिवसीय काम बंद हड़ताल कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जहां उन्होंने वर्षों से लंबित उनकी सभी मांगों को पूरी किए जाने की गुहार लगाते हुए मांग पूरी न होने तक उनका यहां आंदोलन जारी रखने की बात कही है इस दौरान रीजन के बालाघाट, डिंडोरी और मंडला के समस्त कर्मचारी, अधिकारियो ने हड़ताल कर क्षेत्रीय कार्यालय का घेराव किया। जिसके बाद अधिकारी, कर्मचारियों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन क्षेत्रीय प्रबंधक चेतन जगदाले को सौंपा। इस दौरान पूर्व मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के प्रदेश सचिव सुशील वर्मा, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के अधिकारी संघ अध्यक्ष लीलाधर सुलाखे, रीजनल सेक्रेटरी मनीष कुमार , रिंजिनल अध्यक्ष कुणाल रंजन, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के पूर्व महासचिव सुशील वर्मा ,कर्मठ साथी जितेंद्र करेचा, निमिष शर्मा, भोलानाथ सतीश सिंगौर, सत्यनारायण अग्रवाल, रमेश कुमार तिवारी, मनीराम मांझी, दीपक पटेल, विमल जैन,दिनेश जनबंधु, अमन दास , अभिषेक पाठक ,देवकर पटेल,कमलेश चौहान राकेश कुमार कमलेश राहंगडाले सहित अरबेया संगठन से संबद्ध मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन , मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक रिटायर्ड स्टाफ वेलफेयर एसोसिएशन व ग्रामीण बैंक में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।













स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट